हिन्दी दैनिक

# प्रत्यूष नवबिहार

जोहार

रांची संस्करण

www.tezraftarlive.com
Email-navbiharjh@gmail.com

रांची, पटना और दिल्ली से प्रकाशित

रांची ● मंगलवार ● 02.06.2026 ● वर्ष : 16 ● अंक : 305 ● पृष्ठ : 12 ● मूल्य : 4 रुपये

RNI Regn.: JHAHIN/2011/40902

## एक नजर

### मप्र में जल्द लागू होगी समान नागरिक संहिता

**भोपाल** : मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि राज्य सरकार द्वारा प्रदेश में समान नागरिक संहिता (यू.सी.सी) लागू करने की प्रक्रिया आरंभ कर दी गई है। इसके लिए एक उच्च स्तरीय समिति बनाई गई है, जो विभिन्न धर्म समुदाय के लोगों से सुझाव लेगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सोमवार को मंत्रालय में मीडिया को जारी बयान में कहा कि वर्तमान समय में विभिन्न धर्मों में विवाहित बहनों के लिए प्रचलित अलग–अलग रीति–रिवाज और नियमों की आवश्यकता नहीं है।

### सीबीएसई पोर्टल नहीं हुआ लाइव, आधिकारिक घोषणा शीघ्र

**नयी दिल्ली** : केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने अंकों के सत्यापन तथा उत्तर पुस्तिकाओं के पुनर्मूल्यांकन के लिए सोमवार को लाइव होने वाला ऑनलाइन पोर्टल के लाइव करने की तारीख अब आगे बढ़ा दी। सीबीएसई ने अपने आधिकारिक एक्स अकाउंट से बताया क कक्षा 10वीं और 12वीं के छात्रों के लिए आधिकारिक ऑनलाइन पोर्टल को जल्द ही लाइव कर दिया जाएगा।

### मुख्यमंत्री ने की अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग की समीक्षा

# आवासीय एवं एकलव्य विद्यालयों की समीक्षा कर बेहतर शैक्षणिक सुविधाएं सुनिश्चित करें : हेमन्त



- योजनाओं की वर्तमान प्रगति, लाभुकों की संख्या, क्रियान्वयन में आ रही चुनौतियों तथा उनके समाधान के उपायों पर विस्तार से की गई चर्चा
- ई-साइकिल वितरण हेतु कार्ययोजना बनाने के निर्देश
- कौशल विकास कार्यक्रमों को और अधिक प्रभावी, व्यावहारिक एवं परिणामोन्मुख बनाया जाए
- विद्यार्थियों को एसआईआर एवं जनगणना के प्रति जागरूक करें

#### मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना पर विशेष जोर

मुख्यमंत्री ने मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना के तहत लाभान्वित लाभुकों से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सीधा संवाद स्थापित किया। इस दौरान उन्होंने लाभुकों से योजना के अंतर्गत प्राप्त ऋण, संचालित व्यवसाय, उससे हो रही आय, रोजगार सृजन की स्थिति तथा बैंकिंग प्रक्रियाओं से संबंधित अनुभवों की विस्तृत जानकारी ली। मुख्यमंत्री ने विशेष रूप से यह जानने का प्रयास किया कि लाभुकों को व्यवसाय संचालन में किसी प्रकार की कठिनाई तो नहीं हो रही है तथा बैंकिंग संस्थानों द्वारा उन्हें समुचित सहयोग मिल रहा है या नहीं। विभाग द्वारा संचालित विभिन्न प्रमुख योजनाओं एवं कार्यक्रमों की विस्तारपूर्वक समीक्षा की गई।

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची** : झारखंड मंत्रालय में सोमवार को मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन की अध्यक्षता में अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग की समीक्षात्मक बैठक संपन्न हुई। बैठक में विभाग द्वारा संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं, कार्यक्रमों एवं पहलों की अद्यतन प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई। इस दौरान विभागीय अधिकारियों ने योजनाओं के क्रियान्वयन की वर्तमान स्थिति, प्रमुख उपलब्धियों, चुनौतियों तथा भावी कार्ययोजना से मुख्यमंत्री को अवगत कराया। समीक्षा के क्रम में मुख्यमंत्री ने योजनाओं के प्रभावी एवं परिणामोन्मुख संचालन पर विशेष बल देते हुए अधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी योजनाओं का क्रियान्वयन पारदर्शी, समयबद्ध एवं लक्ष्य-आधारित ढंग से सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता यह है कि कल्याणकारी योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम पायदान पर रहे व्यक्ति तक पहुंचे तथा कोई भी पात्र लाभुक इन योजनाओं से वंचित न रहे। इस उद्देश्य की पूर्ति हेतु उन्होंने विभागीय स्तर पर आपसी समन्वय को और सुदृढ़ करने, योजनाओं की नियमित मॉनिटरिंग सुनिश्चित करने तथा जमीनी स्तर पर गुणवत्ता बनाए रखने के निर्देश दिए।

उक्त बैठक के दौरान विभाग द्वारा संचालित विभिन्न प्रमुख योजनाओं एवं कार्यक्रमों की विस्तारपूर्वक समीक्षा की गई। समीक्षा के क्रम में ई-कल्याण पोर्टल के संचालन एवं उसकी प्रभावशीलता, प्री-मैट्रिक एवं पोस्ट-मैट्रिक छात्रवृत्ति योजनाओं के अंतर्गत लाभुकों को दी जा रही सहायता, मरांग गोमके पारदेशीय छात्रवृत्ति योजना के माध्यम से विद्यार्थियों को विदेश में उच्च शिक्षा हेतु प्रदान की जा रही सुविधाओं, साइकिल वितरण योजना की प्रगति, मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना के तहत स्वरोजगार को बढ़ावा देने के प्रयासों तथा परीक्षा शुल्क प्रतिपूर्ति योजना के क्रियान्वयन की स्थिति पर विस्तृत चर्चा की गई । इस दौरान योजनाओं की वर्तमान प्रगति, लाभुकों की संख्या, क्रियान्वयन में आ रही चुनौतियों तथा उनके समाधान के उपायों पर भी विस्तार से समीक्षा की गई।

संवाद के दौरान लाभुकों ने योजना के प्रति संतोष व्यक्त करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना उनके लिए आत्मनिर्भर बनने का एक सशक्त माध्यम साबित हुई है। उन्होंने बताया कि इस योजना के माध्यम से वे अपने-अपने क्षेत्रों में स्वरोजगार स्थापित कर न केवल अपनी आजीविका सुदृढ़ कर रहे हैं, बल्कि अन्य लोगों के लिए भी रोजगार के अवसर सृजित कर रहे हैं। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि योजना के अंतर्गत प्राप्त लंबित आवेदनों का शीघ्र निष्पादन सुनिश्चित किया जाए, ताकि पात्र लाभुकों को समय पर योजना का लाभ मिल सके।


### झारखंड मंत्रालय में मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से मिलीं केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी



**रांची** : झारखंड मंत्रालय में सोमवार को मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने शिष्टाचार मुलाकात की। यह भेंट मुख्यमंत्री सचिवालय स्थित उनके कार्यालय कक्ष में हुई। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन और केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी की इस मुलाकात के दौरान दोनों पक्षों ने सौहार्दपूर्ण वातावरण में एक-दूसरे का अभिवादन किया। मुलाकात के बाद केंद्रीय मंत्री ने मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया। आधिकारिक सूत्रों के अनुसार, मुलाकात के दौरान राज्य के विकास, महिला एवं बाल कल्याण से जुड़ी योजनाओं तथा जनहित के विभिन्न मुद्दों पर भी सामान्य चर्चा हुई। हालांकि, इस संबंध में कोई आधिकारिक जानकारी साझा नहीं की गई है और न ही किसी विशेष विषय पर विस्तृत बयान जारी किया गया है।

### कमर्शियल गैस सिलेंडर 42 रुपये हुआ महंगा

**नयी दिल्ली** : पेट्रोल और डीजल के बाद सोमवार से 19 किलोग्राम वाला कमर्शियल एलपीजी सिलेंडर महंगा हो गया है। दिल्ली में इसकी कीमत में 42 रुपये का इजाफा किया गया है। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में इसकी कीमत बढ़कर 3113.50 रुपये हो गई है। कोलकाता में इसकी कीमत 3255.50 रुपये पहुंच गई है। इसके साथ पांच किलोग्राम वाले छोटे एफटीएल सिलेंडर की कीमत में 11 रुपये की वृद्धि की गई है। 14.2 किलोग्राम के घरेलू रसोई गैस सिलेंडर की कीमत में बदलाव नहीं किया गया है। कमर्शियल सिलेंडर की कीमत में हुई बढ़ोतरी की दर आज से लागू हो गई है। राहत की बड़ी बात यह है कि केंद्र सरकार ने पेट्रोल, डीजल और एटीएफ पर एक्सपोर्ट ड्यूटी घटाने की घोषणा की है। गैस प्रदाता कंपनियों के अनुसार, राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में पांच किलोग्राम वाला छोटा सिलेंडर अब 821.50 रुपये का मिलेगा।



# डीवीसी हजारीबाग में स्वच्छता पखवाड़ा का सफल आयोजन, सफाई मित्र और छात्र-छात्राएं सम्मानित

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**हजारीबाग :** डीवीसी कोलकाता मुख्यालय के निदेशानुसार डीवीसी हजारीबाग परियोजना में 16 मई से 31 मई 2026 तक स्वच्छता पखवाड़ा उत्साहपूर्वक मनाया गया। पखवाड़े के दौरान अधिकारियों, कर्मचारियों, छात्रों एवं स्थानीय नागरिकों की सहभागिता से स्वच्छता, स्वास्थ्य और पर्यावरण संरक्षण को लेकर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। समापन समारोह 1 जून को आयोजित किया गया, जिसमें प्रतियोगिताओं के विजेताओं को सम्मानित किया गया।

पखवाड़े की शुरूआत 16 मई को स्वच्छता शपथ ग्रहण के साथ हुई। परियोजना प्रमुख राम स्नेह शर्मा, भूमि संरक्षण विभाग प्रमुख अनुप पुरकायस्थ, प्रबंधक दीपिन्ती जायसवाल तथा नोडल अधिकारी राजन कुमार टुडू की उपस्थिति में अधिकारियों और कर्मचारियों ने स्वच्छता बनाए रखने का संकल्प लिया।

18 मई को हजारीबाग झील क्षेत्र में स्वच्छता रैली निकाली गई। 19 मई को जगदीशपुर के भेलवारा गांव में विद्यालय परिसर एवं नालियों में ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव कर ग्रामीणों को स्वास्थ्य एवं स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया। 20 मई को डीवीसी कार्यालय परिसर में विशेष सफाई अभियान चलाया गया, जबकि 21 मई को मंदिरों एवं अन्य सार्वजनिक स्थलों पर स्वच्छता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए।

पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से 28 मई को डीवीसी गेस्ट हाउस परिसर में वृक्षारोपण किया गया। वहीं 29 मई को अटल चौक से एसपी कोठी तक स्वच्छता रैली निकालकर नागरिकों और व्यापारियों को प्लास्टिक मुक्त वातावरण के लिए प्रेरित किया गया।

युवाओं को अभियान से जोड़ने के लिए 22 और 23 मई को स्कूली विद्यार्थियों के बीच भाषण एवं चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित की गई। 25 मई को कर्मचारियों के लिए नारा लेखन प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। 26 मई को टीचर ट्रेनिंग कॉलेज की छात्राओं को डॉ. मधुमिता कुजूर ने व्यक्तिगत स्वच्छता के महत्व की जानकारी दी तथा सैनिटरी किट वितरित किए गए। 1 जून को आयोजित समापन समारोह में परियोजना प्रमुख राम स्नेह शर्मा ने सफाई मित्रों को सम्मानित किया तथा विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किए। कार्यक्रम का धन्यवाद ज्ञापन प्रबंधक दीपिन्ती जायसवाल ने किया। भाषण प्रतियोगिता (कनिष्ठ वर्ग) में अनिशा आर्या प्रथम, जिकरा फातिमा द्वितीय एवं कृतिका राज तृतीय स्थान पर रहीं। वरिष्ठ वर्ग में भैया अयान सहाय प्रथम, सुप्रिया कुमारी द्वितीय तथा अहिना हाशिम तृतीय स्थान पर रहीं। नारा लेखन प्रतियोगिता में सुधीर कुमार एवं गंगाधर महतो प्रथम, दीपक राणा एवं शुभम प्रामाणिक द्वितीय तथा गुरुपद राय तृतीय स्थान पर रहे। चित्रकला प्रतियोगिता के कनिष्ठ वर्ग में श्वेता राज प्रथम, प्रकृति कुमारी द्वितीय एवं कृष्णा गोस्वामी तृतीय स्थान पर रहीं। वरिष्ठ वर्ग में अंशिका स्नेहिल प्रथम, दीपिका वर्मा द्वितीय तथा अंकिता गुप्ता तृतीय स्थान पर रहीं। इस अवसर पर शुभम कुमार प्रामाणिक, इंद्रनील विश्वास, मदन कुमार, धीरज सहित कई अधिकारी एवं कर्मचारी सक्रिय रूप से उपस्थित रहे। डीवीसी हजारीबाग द्वारा आयोजित यह स्वच्छता पखवाड़ा लोगों में स्वच्छता, स्वास्थ्य और पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाने में सफल रहा।

## एक नजर

### थानेदार पंकज कुमार के नेतृत्व में वारंटियों पर कार्रवाई, चेक बाउंस आरोपी गिरफ्तार



**चौपारण :** थानेदार पंकज कुमार के कुशल नेतृत्व एवं सक्रिय कार्यशैली का परिणाम है कि चौपारण थाना क्षेत्र में लंबित वारंटों के निष्पादन और फरार आरोपियों की गिरफ्तारी अभियान लगातार प्रभावी ढंग से चलाया जा रहा है। इसी क्रम में पुलिस ने चेक बाउंस के एक मामले में कार्रवाई करते हुए वारंटी आरोपी प्रभु साव को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया। गिरफ्तार आरोपी की पहचान केंदुआ पाण्डेयबारा निवासी प्रभु साव (पिता स्वर्गीय डेगलाल साव) के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार उसके विरुद्ध न्यायालय में लंबित सी-2452/22 वाद में धारा 138 एनआई एक्ट के तहत मामला दर्ज था। न्यायालय द्वारा जारी वारंट के आलोक में थाना प्रभारी पंकज कुमार के निर्देश पर पुलिस टीम ने कार्रवाई करते हुए उसे गिरफ्तार किया। गिरफ्तारी के बाद आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी कर आरोपी को न्यायालय में प्रस्तुत किया गया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। क्षेत्र में अपराध नियंत्रण, वारंटियों की गिरफ्तारी एवं विधि-व्यवस्था बनाए रखने को लेकर थानेदार पंकज कुमार की कार्यशैली की सराहना की जा रही है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि न्यायालय से निर्गत लंबित वारंटों के निष्पादन और फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए विशेष अभियान आगे भी जारी रहेगा, ताकि कानून का प्रभावी अनुपालन सुनिश्चित किया जा सके।

### मुस्लिम आवामी तंजीम ट्रस्ट, कोनरा द्वारा "अजमत-ए-मुस्तफा कॉन्फ्रेंस" का आयोजन आज



**बरही :** बरही प्रखंड अंतर्गत कोनरा स्थित मुस्लिम आवामी तंजीम ट्रस्ट के तत्वावधान में मंगलवार को सायं 07:00 बजे से 03 जून 2026 की प्रातः 04:00 बजे तक भव्य "अजमत-ए-मुस्तफा कॉन्फ्रेंस" का आयोजन किया जाएगा। यह कार्यक्रम धनबाद रोड, कोनरा स्थित मदरसा तहफ्फुज-ए-इस्लाम के पीछे मुस्लिम आवामी तंजीम ट्रस्ट की भूमि पर आयोजित होगा। सम्मेलन में विभिन्न क्षेत्रों से प्रतिष्ठित उलेमा-ए-किराम, धार्मिक विद्वान, सामाजिक कार्यकर्ता एवं गणमान्य व्यक्तियों के शामिल होने की संभावना है। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य पैगम्बर हजरत मुहम्मद मुस्तफा की शिक्षाओं, मानवता, भाईचारे, नैतिक मूल्यों एवं सामाजिक सद्भाव के संदेश को जन-जन तक पहुंचाना है। सम्मेलन में धार्मिक एवं सामाजिक विषयों पर विशेष व्याख्यान प्रस्तुत किए जाएंगे। मुस्लिम आवामी तंजीम ट्रस्ट ने क्षेत्रवासियों एवं सभी धर्मों के लोगों से कार्यक्रम में शामिल होकर शांति, भाईचारे और सामाजिक एकता के संदेश को मजबूत करने की अपील की है। मुस्लिम आवामी तंजीम ट्रस्ट और बरही जामा मस्जिद कमेटी का बुद्धि जी और नौजवान साथी ने ट्रस्ट द्वारा कार्यक्रम के सफल संचालन हेतु सभी आवश्यक व्यवस्थाएं की गई हैं तथा स्थानीय प्रशासन को भी विधि-व्यवस्था बनाए रखने के लिए सूचित किया गया है।

# महिलाओं के लिए काष्ठ कला प्रशिक्षण शुरू, स्वरोजगार से जुड़ेंगी प्रतिभागी

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**ईचाक :** ईचाक प्रखंड अंतर्गत मंगुरा ग्राम में मंगलवार को मुख्यमंत्री लघु एवं कुटीर उद्यम विकास बोर्ड की टूलकिट वितरण योजना के तहत काष्ठ कला प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। यह प्रशिक्षण विश्वकर्मा औद्योगिक स्वावलंबी समिति द्वारा संचालित किया जा रहा है। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम 07 दिवसीय होगा। प्रथम बैच में कुल 10 महिलाओं को काष्ठ कला का प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को काष्ठ कला से संबंधित विभिन्न तकनीकी पहलुओं की विस्तृत जानकारी दी जाएगी, ताकि वे इस कला में दक्ष होकर स्वरोजगार के अवसर प्राप्त कर सकें। मुख्यमंत्री लघु एवं कुटीर उद्यम विकास बोर्ड की टूलकिट वितरण योजना के अंतर्गत 90 प्रतिशत अंशदान पर विश्वकर्मा औद्योगिक स्वावलंबी समिति को काष्ठ कला से संबंधित मशीनें एवं टूलकिट उपलब्ध कराई गई हैं। इन संसाधनों के माध्यम से प्रशिक्षणार्थियों को व्यवहारिक प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाना, उनके कौशल का विकास करना तथा उन्हें स्वरोजगार के माध्यम से आर्थिक रूप से सशक्त बनाना है। यह पहल ग्रामीण महिलाओं के लिए रोजगार के नए अवसर सृजित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

# मंडा पूजा में उमड़ी आस्था की भीड़, अंगारों पर चलकर श्रद्धालुओं ने दिखाई शिवभक्ति

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**बड़कागांव :** बड़कागांव प्रखंड के आँगों पंचायत के उरेज गांव में मंडा पूजा मेला एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कई गांवों से सैकड़ों महिलाएं पुरुष और बच्चे शामिल हुए। जंहा उन्हें धार्मिक अनुष्ठान, परंपरा, संस्कृति और सामुहिक आस्था का जीवंत उदाहरण देखने को मिला। इस अखंड आस्था, तपस्या और शिवभक्ति के महापर्व मंडा ने पूरे क्षेत्र को भक्तिमय माहौल में रंग दिया। श्रद्धा, भक्ति, लोकसंस्कृति और परंपरा के इस अद्भुत संगम ने ऐसा समां बांधा कि रविवार देर रात से लेकर सोमवार सुबह तक हर-हर महादेव के जयकारों से गूंजता रहा।हजारों श्रद्धालुओं की भीड़, शिव-पार्वती की आराधना और लंगे पाव अंगारों पर चलने की कठिन तपस्या ने इस धार्मिक आयोजन को और भी अलौकिक बना दिया। बीती रात शिव मंदिर मंडा पूजा में वहीं सोमवार सुबह आस्था और कठिन तपस्या का अद्भुत दृश्य देखने को मिला। जब सैकड़ों श्रद्धालुओं ने जलते अंगारों पर नंगे पांव चलकर भगवान शिव के प्रति अपनी अटूट आस्था, श्रद्धा और विश्वास का परिचय दिया। यह दृश्य देखने के लिए आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में ग्रामीण पहुंचे थे। वहीं मुख्य अतिथि विधायक रोशन लाल चौधरी ने मंदिर में माथा टेक कर पूरे क्षेत्र की जनता के लिए सुख-शांति और समृद्धि की कामना किया। जिसके बाद विधायक ने मंडा पूजा समिति द्वारा आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम का उद्घाटन फीता काट कर किया। विधायक रोशन लाल चौधरी ने कहा कि मंडा पूजा झारखंड की संस्कृति, आस्था और परंपरा का एक महत्वपूर्ण पर्व है। जिसमें भगवान शिव और माता पार्वती की आराधना के लिए मनाया जाता है।

# हजारीबाग के विकास और रोजगार सृजन पर विधायक प्रदीप प्रसाद से मिले शादाब अंसारी

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**हजारीबाग :** ओमेगा ग्रुप ट्रस्ट के वाइस चेयरमैन शादाब अंसारी ने हजारीबाग सदर विधायक प्रदीप प्रसाद से औपचारिक मुलाकात कर हजारीबाग के विकास कार्यों एवं रोजगार सृजन को लेकर विस्तृत विचार-विमर्श किया। इस दौरान जिले में निवेश, औद्योगिक विकास एवं युवाओं के लिए रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने को लेकर सकारात्मक चर्चा हुई। मुलाकात के दौरान ओमेगा ग्रुप ट्रस्ट के वाइस चेयरमैन शादाब अंसारी ने कहा कि हजारीबाग तेजी से विकास की ओर अग्रसर है और यहां उद्योग, शिक्षा, स्वास्थ्य एवं रोजगार के क्षेत्र में अपार संभावनाएं मौजूद हैं। उन्होंने कहा कि ओमेगा ग्रुप ट्रस्ट हजारीबाग में निवेश कर स्थानीय युवाओं को रोजगार से जोड़ने की दिशा में गंभीर पहल करने की योजना बना रहा है। इसके लिए चरणबद्ध रूप से विकास कार्यों की रूपरेखा तैयार की जाएगी। उन्होंने कहा कि संस्था का उद्देश्य केवल निवेश करना नहीं, बल्कि स्थानीय प्रतिभाओं को आगे बढ़ाना, स्वरोजगार को बढ़ावा देना एवं क्षेत्र के समग्र विकास में सहभागी बनना है। आने वाले समय में विभिन्न क्षेत्रों में रोजगार आधारित परियोजनाओं पर कार्य शुरू करने की दिशा में पहल की जाएगी। वहीं हजारीबाग सदर विधायक प्रदीप प्रसाद ने इस पहल का स्वागत करते हुए कहा कि हजारीबाग के विकास और युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने वाली हर सकारात्मक पहल को उनका पूरा सहयोग मिलेगा। उन्होंने कहा कि यदि निजी संस्थाएं एवं सामाजिक संगठन आगे आकर जिले के विकास में भागीदारी निभाते हैं तो इससे क्षेत्र के आर्थिक एवं सामाजिक विकास को नई गति मिलेगी।

सदर विधायक ने कहा कि राज्य और केंद्र सरकार की योजनाओं के साथ निजी निवेश एवं रोजगारपरक पहल को जोड़कर हजारीबाग को विकास के नए आयाम तक पहुंचाया जा सकता है। उन्होंने ओमेगा ग्रुप ट्रस्ट की पहल की सराहना करते हुए हरसंभव सहयोग का भरोसा दिलाया।

# जेईई एडवांस 2026 में अचीवर्स क्लासेस का जलवा, अनय गौतम बने हजारीबाग टॉपर

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**हजारीबाग :** कालीबाड़ी रोड स्थित अचीवर्स क्लासेस ने एक बार फिर JEE एडवांस 2026 के नतीजों में परचम लहराया है। संस्थान के छात्र अनय गौतम ने ऑल इंडिया रैंक 522 हासिल कर हजारीबाग का नाम रोशन किया है। अनय इस साल शहर के IIT JEE एडवांस टॉपर बने हैं।

**टॉप रैंकर्स की लिस्ट**

अनय के बाद धैर्य राज ने AIR 562, रवि ने 3359, पूर्णिम राज ने 6689, तनिष्क ने 6735, दिव्या ने 7673, सुमित ने 12157, आदर्श ने 14017, शुभम ने 18192, शालिनी ने 19122, रोहित ने 20128, स्नेहा ने 21256, पवन ने 24073 और श्रेयस ने 24196 रैंक हासिल की है। इसके अलावा अनस, अविजित, अंशु, गौरव, प्रखर, अविनाश, गगन, पावस, सुधांशु, त्रिवेणी, सारांश और रिया ने भी खएए एडवांस क्वालीफाई कर लिया है। अचीवर्स क्लासेस के निदेशक अजय ठाकुर एवं अरविंद ठाकुर ने सभी सफल छात्रों को बधाई दी। उन्होंने कहा, “यह बच्चों की कड़ी मेहनत, लगन और अनुशासन का नतीजा है। सभी छात्रों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हैं। उन्होंने फैकल्टी टीम की भी सराहना करते हुए कहा कि इस तरह की सफलता में शिक्षकों का योगदान सबसे अहम होता है। छात्रों को सही मार्गदर्शन और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देकर ही ऐसे परिणाम संभव हैं।

# उपायुक्त ने किया जेल और मेडिकल कॉलेज का औचक निरीक्षण

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**हजारीबाग :** उपायुक्त हेमन्त सती ने सोमवार को लोक नायक जयप्रकाश नारायण केन्द्रीय कारा, हजारीबाग का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने संपूर्ण जेल परिसर का भ्रमण कर वहां की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस अवसर पर जेल अधीक्षक सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

**केन्द्रीय कारा का निरीक्षण**

निरीक्षण के क्रम में उपायुक्त ने मुलाकाती कक्ष पहुंचकर कैदियों के परिजनों से बातचीत की तथा कैदियों के लिए लाई जा रही सामग्रियों की जांच प्रक्रिया का अवलोकन किया। उन्होंने कारा परिसर में संचालित पारा लीगल सेल के वॉलेंटियर से बातचीत कर कैदियों को उपलब्ध कराई जा रही विधिक सेवाओं की जानकारी प्राप्त की। उपायुक्त ने जेल के विभिन्न वार्डों का निरीक्षण करते हुए पेयजल व्यवस्था, शौचालय, शेड, सीसीटीवी सर्विलांस रूम, वॉच टावर एवं सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा की। उन्होंने होमगार्ड जवानों के कार्यों का भी जायजा लिया। इसके अलावा जेल परिसर के भीतर संचालित प्रिंटिंग प्रेस, फाइल मैन्युफैक्चरिंग यूनिट, हैंडलूम एवं पावरलूम इकाई का निरीक्षण कर वहां संचालित गतिविधियों की जानकारी ली। उन्होंने कारा के किचेन, अस्पताल वार्ड तथा दवाओं की उपलब्धता की भी जांच की और आवश्यक निर्देश दिए।

**हजारीबाग खुला जेल सह पुनर्वास केंद्र का निरीक्षण**

इसके उपरांत उपायुक्त ने हजारीबाग खुला जेल सह पुनर्वास केंद्र का भी निरीक्षण किया। यहां उन्होंने सजायाफ्ता कैदियों से बातचीत कर उनकी आवश्यकताओं की जानकारी ली। सभी कैदियों के आधार कार्ड निर्माण की स्थिति की समीक्षा की। परिसर में स्थित पशु शेड का निरीक्षण किया गया। इस दौरान कैदियों ने पशुपालन के क्षेत्र में प्रशिक्षण की इच्छा व्यक्त की, जिस पर उपायुक्त ने शीघ्र प्रशिक्षण की व्यवस्था कराने का आश्वासन दिया।

**निमार्णाधीन मेडिकल कॉलेज अस्पताल का निरीक्षण**

अपने भ्रमण के क्रम में उपायुक्त श्री हेमन्त सती ने निमार्णाधीन शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल परिसर का भी निरीक्षण किया। उन्होंने वहां चल रहे निर्माण कार्यों की अद्यतन स्थिति का अवलोकन किया। मौके पर उपस्थित मेडिकल कॉलेज अस्पताल के प्राचार्य को आवश्यक निर्देश दिए तथा कार्यकारी एजेंसी को निर्माण कार्य में तेजी लाने को कहा। साथ ही मेडिकल कॉलेज के संपूर्ण मानचित्र एवं प्रगति से संबंधित बिंदुओं के साथ विस्तृत बैठक आयोजित करने का निर्देश दिया।

**पुराने समाहरणालय भवन परिसर का भ्रमण**

इसके पश्चात उपायुक्त ने पुराने जिला समाहरणालय परिसर का भ्रमण कर वहां स्थित पुराने एवं निष्क्रिय भवनों की वर्तमान उपयोगिता एवं संभावित उपयोग के संबंध में जानकारी प्राप्त की तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उपायुक्त ने कहा कि निरीक्षण का उद्देश्य व्यवस्थाओं की समीक्षा कर आवश्यक सुधारात्मक कार्रवाई सुनिश्चित करना है।

## संक्षिप्त खबरें

### इंगुनिया में श्रद्धा के साथ मनाया गया ब्रह्मेश्वर मुखिया का सहादत दिवस



**चौपारण :** प्रखंड के इंगुनिया गांव में रविवार को परशुराम सेवा समिति के तत्वावधान में बाबा ब्रह्मेश्वर उर्फ ब्रह्मेश्वर नाथ सिंह मुखिया का सहादत दिवस श्रद्धा, सम्मान और भावपूर्ण वातावरण में मनाया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीणों एवं समाज के लोगों ने भाग लेकर उनके चित्र पर पुष्प अर्पित किए तथा उनके व्यक्तित्व एवं सामाजिक योगदान को याद करते हुए श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर आयोजित सभा को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि ब्रह्मेश्वर मुखिया ने अपने जीवनकाल में समाज के कमजोर, शोषित और वंचित वर्गों के अधिकारों की रक्षा के लिए लगातार संघर्ष किया। उन्होंने किसानों, मजदूरों और ग्रामीण समाज की समस्याओं को प्रमुखता से उठाया तथा उनके समाधान के लिए सदैव आवाज बुलंद की। अपने स्पष्ट विचार, नेतृत्व क्षमता और सामाजिक सरोकारों के कारण उन्होंने समाज में एक विशिष्ट पहचान बनाई। वक्ताओं ने कहा कि ब्रह्मेश्वर मुखिया सामाजिक सम्मान, संगठन की एकता और लोगों के अधिकारों की रक्षा के लिए हमेशा सक्रिय रहे। उनका पूरा जीवन समाज सेवा, जनकल्याण और न्याय की भावना को समर्पित रहा। उन्होंने समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक सम्मान और अधिकार पहुंचाने की सोच को मजबूत करने का कार्य किया। सहादत दिवस समारोह में उनके संघर्षपूर्ण जीवन, कार्यशैली और समाज के प्रति योगदान पर विस्तार से प्रकाश डाला गया। उपस्थित लोगों ने उनके आदर्शों से प्रेरणा लेकर सामाजिक एकता, जनसेवा और समाजहित के कार्यों को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में शिव कुमार सिंह, सुरेंद्र सिंह, अरविंद कुमार सिंह, सुबोध सिंह, सिधेश सिंह, नवीन सिंह, मृत्युंजय सिंह, अभिजीत सिंह, जुगनू सिंह, सुजीत सिंह, अभय सिंह, अरबिंद सिंह, धर्मेंद्र सिंह, धीरेंद्र सिंह, विक्रम सिंह, चंदन सिंह, अभिमन्यु सिंह, सत्यानंद सिंह, श्याम सिंह सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण एवं गणमान्य लोग उपस्थित थे।

### सेवानिवृत्त शिक्षक विनोद नायक का आकस्मिक निधन, गांव में शोक




**बड़कागांव :** बड़कागांव प्रखंड के नयाटांड़ पंचायत अंतर्गत ग्राम नयाटांड़ निवासी सेवानिवृत शिक्षक विनोद नायक पिता स्वर्गीय अमृत नायक का सोमवार को आकस्मिक निधन हो गया। मिली जानकारी के अनुसार सुबह ठीक-ठाक से अपने निजी कार्य को कर रहे थे।अचानक लगभग 9:30 बजे के आसपास चक्कर आया और जमीन पर गिर पड़े जिससे उनकी मौत हो गई। उनके निधन से गांव में शोक की लहर है। यह अपने पीछे पत्नी सहित एक पुत्र एवं दो पुत्री के अलावा तीन भाई एवं एक बहन सहित भरापुरा परिवार छोड़ चल बसे। बताते चले कि मृतक 2006 से 2016 तक उत्क्रमित मध्य विद्यालय नयाटांड़ में पारा शिक्षक के पद पर कार्यरत थे। वहीं 2016 से 2025 तक सरकारी शिक्षक के पद पर कार्य किया। और 2025 दिसंबर में सेवानिवृत्त हुए थे। मृतक का अंतिम संस्कार 2 जून मंगलवार को सुबह लगभग 10:00 बजे के आसपास मंगल बाजार कुमरडीहा बदमाही नदी घाट में किया जाएगा। शोक व्यक्त करने वालों में मुख्य रूप से मुखिया प्रतिनिधि अजीत महतो, अशोक कुमार , दिनेश कुमार , सहायक अध्यापक प्रखंड अध्यक्ष शमशेर आलम , कपूरी ठाकुर, अर्जुन प्रजापति, सुबोध नायक,लेकिन सरोज कुमार सिंह शहीद दर्जनों लोग शामिल हैं।

### विधायक अंबा प्रसाद की जनता दरबार में फरियादों की लगी भीड़



**बड़कागांव :** पूर्व विधायक अंबा प्रसाद की हजारीबाग रोड स्थित पकरी बरवाडीह स्थित समाधान भवन में पूर्व विधायक अंबा प्रसाद के द्वारा सोमवार को साप्ताहिक जनता दरबार लगाई गई। जिसकी अध्यक्षता कांग्रेस के वरिष्ठ नेता विशेश्वर नाथ चौबे एवं संचालन गौतम कुशवाहा ने किया। जनता दरबार में आए लोगों ने अपनी समस्याओं को लेकर पूर्व विधायक अंबा प्रसाद के समक्ष आवेदन दिया वही,कई लोगों ने मौखिक रूप से अपनी बातों को रखा। संबंधित मामले को लेकर अंबा प्रसाद ने डीसी, एसपी, थाना प्रभारी एवं अन्य पदाधिकारीओं को फोन करके लोगों की समस्याओं की समाधान कराने का प्रयास किया। मौके पर बीस सुत्रीअध्यक्ष हाजी तबसुम, पूर्वी जीप प्रतिनिधि दीपक करमाली ,मंडल अध्यक्ष श्याम कुमार भार्गव, बाबर खान,जमाल सागीर, विक्रम गुप्ता, उमाशंकर गुप्ता, गौतम कुशवाहा,आनंद मेहता ,चंदन कुमार, उर्मिला देवी,शर्मिला देवी, के अलावा अन्य शामिल थे।

### सड़क दुर्घटना में महिला की मौत, गांव में शोक की लहर



**बरही :** बरही थाना क्षेत्र अंतर्गत सोमवार को पंचमाधव में हुई सड़क दुर्घटना में एक महिला दर्दनाक मौत हो गई। महिला की पहचान बरही प्रखंड के शिवपुर गांव निवासी 30 वर्षीय सरिता कुमारी की रूप में हुई है। इस घटना के बाद पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई है। जानकारी के अनुसार सोमवार सुबह सरिता कुमारी अपने देवर मुकेश साव (32 वर्ष) एवं 8 वर्षीय पुत्र छोटू कुमार के साथ बरही से अपने घर शिवपुर लौट रही थीं। इसी दौरान पंचमाधव ओवरब्रिज के समीप एक तेज रफ्तार ट्रक संख्या आरजे 19 जीएच 8850 ने उन्हें अपनी चपेट में ले लिया। हादसे के बाद घटनास्थल पर अफरा-तफरी मच गई। प्रत्यक्षदर्शियों ने तत्काल प्रशासन एवं करियातपुर पंचायत के मुखिया मनोज कुमार को घटना की सूचना दी। सूचना मिलते ही प्रशासन और स्थानीय जनप्रतिनिधि मौके पर पहुंचे तथा घायलों को अनुमंडलीय अस्पताल बरही पहुंचाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद सरिता कुमारी की गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें सदर अस्पताल रेफर किया गया,जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। ग्रामीणों ने बताया कि सरिता कुमारी अपने परिवार की मुख्य कमाने वाली सदस्या थीं। लगभग चार वर्ष पूर्व उनके पति कृष्णा साव भी एक सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गए थे, जिनके इलाज में 8 से 10 लाख रुपये खर्च हुए। दुर्घटना के बाद से उनकी मानसिक स्थिति सामान्य नहीं रह गई है। परिवार की आर्थिक जिम्मेदारी सरिता कुमारी ही संभाल रही थीं। वे जेएसएलपीएस समूह से जुड़कर तथा स्कूल एवं ट्यूशन में पढ़ाकर अपने परिवार का भरण-पोषण कर रही थीं।

## एक नजर

### नईटांड़ में रहस्यमयी आग की घटनाओं की होगी वैज्ञानिक जांच, बीडीओ ने किया स्थल निरीक्षण

**जयनगर :** जयनगर प्रखंड की नईटांड़ पंचायत में विकास पासवान के आवासीय भवन में बार-बार स्वत: आग लगने की कथित घटनाओं को लेकर प्रखंड विकास पदाधिकारी (बीडीओ) गौतम कुमार ने स्थल निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने पीड़ित परिवार के सदस्यों एवं स्थानीय ग्रामीणों से विस्तृत जानकारी प्राप्त की। परिजनों और ग्रामीणों ने बताया कि पिछले कुछ समय से घर में रखे खाद्य पदार्थ, कपड़े, फर्नीचर, आभूषण रखने के स्थान तथा अन्य घरेलू सामानों में अनियमित रूप से आग लगने की घटनाएं हो रही हैं, जिससे परिवार दहशत और चिंता के माहौल में जीवन यापन कर रहा है। निरीक्षण के दौरान बीडीओ ने जले हुए सामानों का अवलोकन किया तथा उन स्थानों की भी जांच की, जहां आग लगने की घटनाएं होने का दावा किया गया है। हालांकि, प्रथम दृष्टया निरीक्षण में आग लगने के कारणों का स्पष्ट एवं वैज्ञानिक निर्धारण संभव नहीं हो सका। बीडीओ गौतम कुमार ने कहा कि मामले की वास्तविकता और आग लगने के कारणों की पुष्टि के लिए तकनीकी एवं वैज्ञानिक जांच आवश्यक प्रतीत होती है। उन्होंने संकेत दिया कि संबंधित विभागों की सहायता से मामले की गहन जांच कराई जा सकती है, ताकि घटनाओं के पीछे की सच्चाई सामने आ सके।

### 28 दिनों बाद कॉमर्स कॉलेज में लौटी रौनक, हड़ताल समाप्त

**कोडरमा :** कॉमर्स कॉलेज ( कर्मा) परिसर में पिछले करीब एक महीने से चल रहा गतिरोध आखिरकार सोमवार को समाप्त हो गया। शासी निकाय की अध्यक्ष सह विधायक डॉ. नीरा यादव की सकारात्मक पहल पर कॉलेज प्रशासन, प्राचार्य और शिक्षक-शिक्षकेत्तर कर्मचारियों के बीच एक महत्वपूर्ण समझौता हुआ। इस समझौते के आधार पर, गत 4 मई 2026 से महाविद्यालय परिसर में जारी धरना और अनिश्चितकालीन हड़ताल को 1 जून 2026 को अपराह्न 3:30 बजे आधिकारिक रूप से समाप्त कर दिया गया।?शिक्षक-शिक्षकेत्तर कर्मचारी संघ के अध्यक्ष प्रो. रामेश्वर प्रसाद राणा ने सभी कर्मियों की उपस्थिति में हड़ताल समाप्ति की घोषणा की। संघ के इस निर्णय का वहां मौजूद सभी शिक्षकों और गैर-शिक्षण कर्मचारियों ने हर्षध्वनि के साथ स्वागत और सहर्ष स्वीकार किया। बैठक के बाद संघ के प्रतिनिधियों ने बताया कि विधायक डॉ. नीरा यादव की मध्यस्थता और उनके द्वारा दिए गए आश्वासनों के बाद कर्मचारियों ने कॉलेज के शैक्षणिक माहौल और छात्रों के भविष्य को ध्यान में रखते हुए काम पर लौटने का फैसला किया है। हड़ताल समाप्त होने से कॉलेज में पिछले 28 दिनों से ठप पड़े प्रशासनिक और शैक्षणिक कार्य कल से दोबारा सुचारू रूप से शुरू हो जाएंगे, जिससे विद्यार्थियों ने भी राहत की सांस ली है।

### आस्था की अग्नि पर चली श्रद्धा, मतकमा में भक्ति का अद्भुत संगम

**रामगढ़ :** भदानीनगर क्षेत्र के मतकमा गांव में पारंपरिक मंडा पर्व श्रद्धा, आस्था और उत्साह के साथ मनाया गया। पर्व के अवसर पर गांव और आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु जुटे। धार्मिक अनुष्ठानों के बीच पूरे क्षेत्र में भक्तिमय माहौल देखने को मिला। सोमवार सुबह शिवभक्त उपासकों ने नदी में स्नान कर विधि-विधान के साथ अग्नि पूजन किया। इसके बाद 62 भोक्ता और 74 सोखताइनों ने नंगे पांव दहकते अंगारों पर चलकर अपनी आस्था और तपस्या का परिचय दिया। यह दृश्य देखने के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे। पूरे आयोजन के दौरान भक्तों में गहरा उत्साह और श्रद्धा दिखाई दी। रविवार रात्रि आयोजित मेले का उद्घाटन विधायक रोशनलाल चौधरी, पूर्व जिला परिषद उपाध्यक्ष मनोज राम और मुखिया विकास कुमार नायक ने संयुक्त रूप से किया।

---

**कोडरमा के कॉलेजों को वीबीयू में ही रखने की मांग, विधायक ने सरकार पर उपेक्षा का लगाया आरोप**

# छात्र हितों से खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं : डॉ. नीरा यादव

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**कोडरमा :** कोडरमा विधायक और राज्य की पूर्व शिक्षा मंत्री डॉ नीरा यादव ने सोमवार को अपने आवास पर प्रेस वार्ता आयोजित कर राज्य सरकार से कोडरमा के सभी महाविद्यालयों को विनोबा भावे विश्वविद्यालय में ही रखने की मांग की है। उन्होंने बताया कि इस मामले में उन्होंने राज्यपाल, मुख्यमंत्री और शिक्षा सचिव को पत्र भी लिखा है। प्रेस वार्ता में विधायक ने आरोप लगाया कि कोडरमा में भाजपा की विधायक और सांसद निर्वाचित हैं इसलिए साजिश कर जानबूझकर कोडरमा जिले को उपेक्षित रखा जा रहा है। उन्होंने कहा कि भाजपा के शासनकाल में कोडरमा जिले में तीन जगहों सतगावां, मरकच्चो और डोमचांच में डिग्री कॉलेज के भवन बने परंतु पिछले 5 साल से पढ़ाई की कोई व्यवस्था नहीं की जा रही है। कोडरमा जिला मुख्यालय से पॉलिटेक्निक कॉलेज को अन्यत्र स्थानांतरित कर दिया गया और यहां कोई विकल्प नहीं दिया गया। वहीं उनके शिक्षा मंत्री रहते कोडरमा में इंजीनियरिंग कॉलेज का शिलान्यास हुआ, भवन बनकर तैयार हो गया परंतु 5 साल बीत जाने के बाद भी अब तक इंजीनियरिंग कॉलेज में पढ़ाई की व्यवस्था नहीं की जा सकी। यह राज्य सरकार की मंशा को दशार्ता है कि वह जानबूझकर कोडरमा को उपेक्षित रखना चाहती है। विधायक ने कहा कि कोडरमा का सबसे पुराना जगन्नाथ जैन कॉलेज और अन्य महाविद्यालयों को विनोबा भावे विश्वविद्यालय से हटाकर सर जेसी बोस विश्वविद्यालय गिरिडीह से संबद्धता दी जा रही है जो किसी भी रूप में छात्र हित में नहीं है। पहले कोडरमा के महाविद्यालय रांची विश्वविद्यालय में थे, काफी दूरी होने कारण छात्रों को कठिनाई होती थी। इस कारण से विनोबा भावे विश्वविद्यालय की स्थापना हुई, पर सरकार के नए निर्णय से फिर वही समस्या उत्पन्न हो जाएगी। उन्होंने यह भी कहा कि यहां के व्यवसाय को प्रभावित करने के लिए क्रेशर और ढिबरा उद्योग को नष्ट किया जा रहा है। विधायक डॉ नीरा यादव ने कहा कि पिछले तीन चुनावों में राजद, झामुमो और कांग्रेस गठबंधन होने के बाद भी जीत नहीं हासिल करने के कारण गठबंधन को यह बात पच नहीं रही है और इसी कारण जानबूझकर यहां के लोगों को परेशान किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जो लोग जनप्रतिनिधि होने के नाते विधायक और सांसद पर सवाल खड़े कर रहे हैं उनको बताना चाहिए कि जब झामुमो सरकार झारखंड में पिछले 7 सालों से है और वे गठबंधन के हिस्सेदार हैं तब फिर उन्होंने कोडरमा के लिए, कोडरमा के छात्र-छात्राओं के लिए या यहां की समस्याओं के निदान के लिए क्या किया? विधायक ने कहा कि राज्य में बड़े पैमाने पर घुसपैठ हो रही है, इसे रोकने के लिए राज्य सरकार कोई पहल नहीं कर रही है। यह काम कोडरमा जैसे जिले में भी शुरू हो गया है। जंगल को नष्ट कर अवैध तरीके से लोगों को बसाया जा रहा है, इसपर सरकार संज्ञान नहीं ले रही है। प्रेस वार्ता में भाजपा युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष राजेश कुमार सिंह और भाजपा नेता दिनेश सिंह भी मौजूद थे।

# धनंजय कुमार पुटूस ने 'मयुख फैमिली रेस्टोरेंट' का किया उद्घाटन



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रामगढ़ :** शहर के गोला रोड स्थित जीडी मार्बल्स भवन के ऊपर नवस्थापित मयुख फैमिली रेस्टोरेंट का भव्य उद्घाटन भाजपा नेता एवं सांसद प्रतिनिधि धनंजय कुमार पुटूस ने फीता काटकर किया। उद्घाटन समारोह उत्साहपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक, व्यवसायी, समाजसेवी और स्थानीय लोग शामिल हुए। उद्घाटन अवसर पर धनंजय कुमार पुटूस ने रेस्टोरेंट संचालक मनोज माही को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आधुनिक सुविधाओं से युक्त नए व्यावसायिक प्रतिष्ठानों का खुलना रामगढ़ के विकास का सकारात्मक संकेत है। इससे न केवल स्थानीय व्यापार को मजबूती मिलेगी, बल्कि रोजगार के नए अवसर भी सृजित होंगे। उन्होंने कहा कि ऐसे उपक्रम क्षेत्र की आर्थिक गतिविधियों को नई दिशा प्रदान करते हैं। धनंजय कुमार पुटूस ने कहा कि स्थानीय युवाओं द्वारा किए जा रहे व्यवसायिक प्रयास आत्मनिर्भरता की मिसाल हैं। ऐसे प्रयास लोगों को बेहतर सेवाएं उपलब्ध कराने के साथ-साथ क्षेत्र में निवेश और विकास का वातावरण भी तैयार करते हैं। उन्होंने कहा कि युवा शक्ति की भागीदारी से रामगढ़ लगातार प्रगति के नए आयाम स्थापित कर रहा है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि मयुख फैमिली रेस्टोरेंट अपने उत्कृष्ट भोजन, स्वच्छ वातावरण और बेहतर ग्राहक सेवा के दम पर जल्द ही रामगढ़वासियों की पहली पसंद बनेगा। साथ ही उन्होंने प्रतिष्ठान के उज्ज्वल भविष्य और निरंतर सफलता की कामना की। उद्घाटन समारोह में क्षेत्र के अनेक गणमान्य नागरिक, व्यवसायी, सामाजिक कार्यकर्ता एवं स्थानीय लोग मौजूद रहे। वहीं रामगढ़ बचाओ संघर्ष समिति के सदस्य भी कार्यक्रम में शामिल हुए। उपस्थित लोगों ने संचालक मनोज माही को बधाई देते हुए रेस्टोरेंट के सफल संचालन और उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। नए प्रतिष्ठान के शुभारंभ को रामगढ़ के व्यावसायिक विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

# रेलवे के बदलावों में कुलियों के हितों की सुरक्षा की मांग, राष्ट्रीय कुली मोर्चा ने उठाई आवाज

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**कोडरमा :** 1 जून 2026, रेलवे में हो रहे संरचनात्मक बदलाव और निजीकरण में कुलियों के काम को सुरक्षित करने और बैटरी रिक्शा संचालन, ट्रॉली से सामान ढोने तथा माई कुली एप जैसी चीजों को कुलियों की सहकारी समितियां को सौंपने की मांग राष्ट्रीय कुली मोर्चा की वर्चुअल बैठक में उठी। बैठक में कुलियों को रेलवे की नौकरी में समायोजित करने और उनकी सामाजिक सुरक्षा के लिए रेल मंत्रालय के कराए गए सर्वे की रिपोर्ट को सार्वजनिक करने का अनुरोध रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से किया गया। इस संबंध में पूरे देश में सूचना के अधिकार कानून के तहत सरकार से जवाब मांगने का निर्णय भी बैठक में हुआ। बैठक के बारे में जानकारी देते हुए राष्ट्रीय कुली मोर्चा के कोऑर्डिनेटर राम सुरेश यादव ने बताया कि रेलवे में हो रहे संरचनात्मक बदलाव के कारण रेलवे की कुलियों के सामने अपने जीवन को चलाने का संकट खड़ा हो गया है।निजी कंपनियों द्वारा बैटरी रिक्शा संचालन, ठेकेदारों से कराई जा रही ट्रॉली प्रथा और प्राइवेट माई कुली एप जैसी कार्रवाइयों के कारण कुलियों की आजीविका पर गंभीर खतरा पैदा हो गया है। चंद कॉर्पोरेट घरानों के मुनाफे के लिए सरकार इन नीतियों को लेकर आ रही है। बैठक में यह आम राय बनी की भारत सरकार से कहा जाए कि वह सारे कार्य जो यात्रियों के सामान ढोने के लिए रेलवे द्वारा प्राइवेट कंपनियों से कराए जा रहे हैं उन्हें कुलियों की सरकारी समितियां को सौंपा जाए ताकि उसका मुनाफा कुलियों को मिले और वह लाभान्वित हो सकें। बैठक में कहा गया कि यदि सरकार यह नहीं करती तो रेलवे का एक संवर्ग होने के नाते कुलियों को रेलवे की नौकरी में समायोजित किया जाए।

# रामगढ़ में चला विशेष एंटी क्राइम अभियान, अपराधियों में हड़कंप

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**रामगढ़ :** जिले में कानून-व्यवस्था को और अधिक मजबूत बनाने तथा आम नागरिकों को सुरक्षित माहौल उपलब्ध कराने के उद्देश्य से रामगढ़ पुलिस ने सोमवार को विशेष एंटी क्राइम चेकिंग अभियान चलाया। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर प्रहरी पहल के तहत जिले के सभी थाना एवं ओपी क्षेत्रों में संवेदनशील स्थानों, प्रमुख मार्गों और सार्वजनिक स्थलों पर सघन जांच अभियान संचालित किया गया। अभियान के दौरान पुलिस ने नशाखोरी, अड्डेबाजी, छेड़खानी, सड़क पर अवैध पार्किंग और अन्य आपराधिक गतिविधियों पर विशेष निगरानी रखी। विभिन्न क्षेत्रों में गश्ती दलों ने संदिग्ध व्यक्तियों और गतिविधियों की जांच करते हुए लोगों को कानून का पालन करने की हिदायत दी। रामगढ़ पुलिस की टीमों ने जिले के विभिन्न थाना एवं ओपी क्षेत्रों के बाजारों, चौक-चौराहों, सार्वजनिक स्थलों और संवेदनशील मार्गों पर जांच अभियान चलाया। इस दौरान कई स्थानों पर वाहनों की जांच की गई तथा संदिग्ध गतिविधियों पर पैनी नजर रखी गई। पुलिस की मौजूदगी से आम लोगों में सुरक्षा की भावना मजबूत हुई। प्रहरी पहल का मुख्य उद्देश्य केवल अपराध नियंत्रण ही नहीं, बल्कि पुलिस और आम जनता के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करना भी है। अभियान के दौरान पुलिस अधिकारियों ने स्थानीय नागरिकों से संवाद कर सुरक्षा संबंधी सुझाव प्राप्त किए तथा अपराध की सूचना तत्काल पुलिस तक पहुंचाने की अपील की।

# गलत संगत की कीमत : नशे और प्रलोभन के जाल में फंसते युवा

अमन कुमार मिश्रा



**रामगढ़ :** युवा किसी भी देश की सबसे बड़ी ताकत और उज्ज्वल भविष्य की पहचान होते हैं। लेकिन वर्तमान समय में समाज के सामने एक गंभीर चुनौती यह है कि कई युवा गलत संगत, नशे और भ्रामक प्रलोभनों के जाल में फंसते जा रहे हैं। माता-पिता अपने बच्चों के बेहतर भविष्य के लिए कठिन परिश्रम करते हैं, लेकिन कुछ असामाजिक तत्व युवाओं की कमजोरियों का फायदा उठाकर उन्हें गलत रास्तों की ओर मोड़ने का प्रयास कर रहे हैं। शाम के समय कई स्थानों पर युवाओं की टोलियां अड्डेबाजी करते देखी जाती हैं। धीरे-धीरे कुछ युवाओं का संपर्क ऐसे लोगों से हो जाता है, जो उन्हें आसान कमाई, दिखावे की जिंदगी और झूठे आकर्षण का सपना दिखाते हैं। शुरूआत में यह सब सामान्य प्रतीत होता है, लेकिन समय के साथ यही संगत उन्हें गलत गतिविधियों की ओर ले जाने लगती है। समाज के जानकारों का मानना है कि कई बार युवाओं को छोटे-छोटे लालच, आर्थिक प्रलोभन, महंगे सामान, पार्टी या अन्य आकर्षक वादों के माध्यम से अपने प्रभाव में लिया जाता है। कुछ लोग पहले उन्हें नशे की आदत लगाने का प्रयास करते हैं, फिर उसी कमजोरी का फायदा उठाकर उनसे गलत और गैरकानूनी कार्य करवाने की कोशिश करते हैं। ऐसे मामलों में युवा अनजाने में अपने भविष्य को खतरे में डाल बैठते हैं। सिगरेट, गुटखा, तंबाकू और अन्य नशीले पदार्थों की लत धीरे-धीरे व्यक्ति की सोच, स्वास्थ्य और निर्णय क्षमता को प्रभावित करती है। नशे का शिकार युवा अक्सर पढ़ाई, परिवार और अपने लक्ष्य से दूर होते चले जाते हैं। विशेषज्ञों का मानना है कि युवाओं को अच्छी संगत, शिक्षा, खेलकूद और सकारात्मक गतिविधियों से जुड़ना चाहिए। माता-पिता का सम्मान, सही मार्गदर्शन और अच्छे मित्रों का साथ ही युवाओं को सफलता की राह पर आगे बढ़ाता है। गलत संगत और प्रलोभनों से बचकर ही एक सुरक्षित, सम्मानजनक और सफल भविष्य का निर्माण किया जा सकता है।

**आउटसोर्सिंग कर्मियों की हड़ताल पहले ही दिन समाप्त, वार्ता के बाद बनी सहमति**

# मानदेय, ईपीएफ व ईएसआई में कटौती को मुआवजा के साथ कर्मचारियों को वापस करना होगा : संजय पासवान

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**कोडरमा :** आउटसोर्सिंग कम्पनी कमांडो इंडस्ट्रियल सिक्युरिटी फोर्स हजारीबाग के अंतर्गत जिला के सदर अस्पताल एवं सभी प्रखण्डों के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में कार्यरत आउटसोर्सिंग कर्मियों को चार माह से मानदेय भुगतान नहीं होने के खिलाफ 01 जून सोमवार को आउटसोर्स कर्मी हड़ताल पर रहे. इसके पूर्व समाहरणालय परिसर से जुलूस निकाला गया, जो सिविल सर्जन कार्यालय पहुंचकर प्रदर्शन में तब्दील हो गया। आक्रोशित कर्मचारी हमारी मांग जायज है, मजदूरी की चोरी नहीं चलेगी, स्वास्थ्य विभाग होश में आओ, कमांडो कंपनी होश में आओ, कर्मचारी एकता जिन्दाबाद आदि गगनभेदी नारे लगा रहे थे। जिसके बाद कर्मचारी धरने पर बैठ गए। जहां आउटसोर्सिंग कर्मचारी संघ के अध्यक्ष रंजीत राम की अध्यक्षता में सभा हुई। संचालन सचिव धीरज तिवारी ने किया। आंदोलन का नेतृत्व कर रहे सीटू के राज्य सचिव संजय पासवान ने कहा कि कमांडो कम्पनी कर्मचारियों के मानदेय में खुल्लम खुल्ला डकैती कर रही है। जिन्हें 22 हजार मानदेय मिलना चाहिए उन्हें 12 हजार दिया जा रहा है। जिन्हें 18 हजार मिलना चाहिए उन्हें 8 हजार दिया जा रहा है। कर्मचारियों के पैसे का चोरी कर कम्पनी का मालिक अय्याशी कर रहा है। सीटू श्रम विभाग में कमांडो के खिलाफ केस करेगी और कम्पनी को मानदेय, ईपीएफ व ईएसआई में कटौती का मुआवजा के साथ कर्मचारियों को वापस करना होगा। कर्मचारी नेता दिनेश रविदास और सीटू के जिलाध्यक्ष प्रेम प्रकाश ने कर्मचारियों को एकजुटत होने का आह्वान किया। एक दिन के हड़ताल में ही जिले की स्वास्थ्य व्यवस्था पूरी तरह से ठप हो गया। वहीं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में तो स्वास्थ्य व्यवस्था पूरी तरह से ठप हो गया। परिस्थिति को देखते हुए सिविल सर्जन के पहल पर कमांडो कंपनी के प्रतिनिधि और सीटू व कर्मचारी संघ के प्रतिनिधि के बीच त्रिपक्षीय वार्ता और लिखित समझौता के बाद हड़ताल वापस ले लिया गया। समझौता मे दस दिनों के अंदर बकाया मानदेय का भुगतान करने, न्यूनतम मजदूरी और ईपीएफ व ईएसआई कटौती में गडबड़ी की जांच के लिए जांच कमिटी का गठन करने पर सहमति बनी।

---

## संक्षिप्त खबरें

### पोखरिया खदान में चला बुलडोजर, अवैध कोयला खनन के सभी मुहाने बंद




**रामगढ़ :** अवैध कोयला खनन और चोरी पर प्रभावी रोक लगाने के उद्देश्य से सीसीएल कुजू परियोजना प्रबंधन ने सोमवार को विशेष डोजरिंग अभियान चलाया। अभियान के दौरान परियोजना क्षेत्र स्थित पोखरिया खदान में बनाए गए अवैध कोयला मुहानों को चिन्हित कर मिट्टी और पत्थर डालकर पूरी तरह बंद कर दिया गया। इस कार्रवाई से अवैध खनन में संलिप्त लोगों में हड़कंप मच गया। सीसीएल कुजू परियोजना पदाधिकारी गोविंद साहू के नेतृत्व में चलाए गए अभियान का मुख्य उद्देश्य अवैध कोयला उत्खनन पर रोक लगाना और खदान क्षेत्र की सुरक्षा को मजबूत बनाना था। अभियान के दौरान परियोजना सुरक्षा बल और क्षेत्रीय सुरक्षा बल के जवानों ने संयुक्त रूप से कार्रवाई करते हुए अवैध रूप से बनाए गए सभी मुहानों को ध्वस्त किया। पोखरिया खदान में कई स्थानों पर अवैध खनन के लिए बनाए गए मुहानों में भारी मात्रा में मिट्टी और पत्थर डाले गए। इसके बाद डोजरिंग कर उन रास्तों को पूरी तरह बंद कर दिया गया, ताकि भविष्य में वहां से अवैध खनन की गतिविधियां दोबारा संचालित न हो सकें। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि अवैध खनन के खिलाफ आगे भी लगातार अभियान चलाया जाएगा। अभियान के दौरान परियोजना क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था को भी सुदृढ़ किया गया। अधिकारियों ने कहा कि सीसीएल की संपत्ति की सुरक्षा तथा खदान क्षेत्र में सुरक्षित वातावरण बनाए रखना प्रबंधन की प्राथमिकता है। अवैध गतिविधियों पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है। अभियान में परियोजना पदाधिकारी गोविंद साहू, परियोजना सुरक्षा प्रभारी प्रबोध कुमार सेन, माइनिंग सरदार सुशील कुमार, परियोजना सुरक्षा प्रभारी शिवधर महतो, खाखून रविदास, प्रमोद गंझू तथा क्षेत्रीय सुरक्षा टीम के रमेश रावत और अजय कुमार सहित सुरक्षा बल के कई जवान मौजूद रहे। सभी के संयुक्त प्रयास से अभियान सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

### एक साल बाद खुला दानी यादव हत्याकांड का राज, तीसरा आरोपी गिरफ्तार



**रामगढ़ :** करीब एक वर्ष पूर्व चर्चित दानी यादव हत्याकांड एवं चक्की मिल चोरी मामले में पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। लंबे समय से फरार चल रहे आरोपी बिनोद चौहान को गिरफ्तार कर लिया गया है। गिरफ्तारी के बाद पूछताछ में उसने वारदात में अपनी संलिप्तता स्वीकार की है। पुलिस अब शेष आरोपियों की तलाश में लगातार अभियान चला रही है। पुलिस के अनुसार 21 मई 2025 की रात दानी यादव अपने चक्की मिल सह आवास में मौजूद थे। इसी दौरान बदमाश वहां पहुंचे और कथित रूप से मुंह दबाकर उनकी हत्या कर दी। इसके बाद अपराधी मिल में रखी नकदी लेकर फरार हो गए। घटना के बाद मृतक के पुत्र सुधीर यादव ने कुज्जू थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई थी। हत्या और चोरी की इस घटना ने पूरे इलाके में सनसनी फैला दी थी। जांच के दौरान दूसरे मामले में गिरफ्तार नकुल कुमार चौहान उर्फ बिजली से पूछताछ की गई। उसने दानी यादव हत्याकांड और चोरी में अपनी भूमिका स्वीकार की। इसके बाद अभिषेक कुमार उर्फ अभिषेक पासवान को गिरफ्तार किया गया, जिसने भी अपने अन्य साथियों के साथ वारदात को अंजाम देने की बात कबूल की। दोनों के बयान के आधार पर पुलिस ने आगे की कार्रवाई तेज की। 31 मई को मिली गुप्त सूचना के आधार पर कुज्जू ओपी पुलिस ने ट्रांसपोर्ट नगर स्थित मुंगेर खटाल क्षेत्र में छापेमारी कर बिनोद चौहान को गिरफ्तार किया। पूछताछ में उसने भी हत्या और चोरी की साजिश में शामिल होने की बात स्वीकार की। पुलिस जांच में संकेत मिले हैं कि वारदात पूर्व नियोजित थी और इसमें कई लोग शामिल थे। फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है। अभियान में ओपी प्रभारी आशुतोष कुमार सिंह, एसआई अभिनव कुमार, आशीष कुमार गौतम तथा सशस्त्र बल के जवान शामिल रहे।

### विवेकानंद कान्वेंट स्कूल के तीन छात्रों ने जेईई एडवांस क्वालीफाई कर बढ़ाया मान




**कोडरमा :** चेचाई, चाराडीह स्थित विवेकानंद कान्वेंट स्कूल के तीन छात्र -छात्राओं ने जेई एडवांस क्वालीफाई कर अपने-अपने परिवार, समाज सहित पूरे विद्यालय परिवार को गौरवान्वित किया। बताते चले कि ये तीनों बच्चें जेई मेंस मे बेहतर रिजल्टस लाया था। अब पुन: जेई एडवांस मे अच्छा रिजल्ट लाकर इन्होने अपने-अपने प्रतिभा को साबित किया। जेई एडवांस मे रोहित राज का ऑल इंडिया ओबीसी रैंक 1783 हैं, वही शायन्तिका मोदी का ऑल इंडिया ओबीसी रैंक 4103 हैं एवं अंकिता साहा का ऑल इंडिया ओबीसी रैंक 7641 हैं। अब ये तीनों बच्चें आगे देश के प्रतिष्ठित आईआईटी कॉलेज मे दाखिला लेकर भविष्य का बेहतर इंजीनियर व साइंटिस्ट बनेंगे। विद्यालय निदेशक अनिल कुमार ने कहा कि मेहनत कभी बेकार नहीं जाता हैं, जो छात्र-छात्राएं लगनशीलता व लक्ष्य बनाकर मेहनत करते हैं वे एक दिन अवश्य सफल होते हैं। इतने प्रतियोगी युग मे भी आईआईटी कॉलेज मे नामांकन एक सपने को सच करने जैसा हैं। मैं चाहूंगा कि आपलोग इंजीनियर व साइंटिस्ट के साथ साथ एक अच्छे इंसान बनकर अपने देश व समाज की सेवा करें। माता-पिता व गुरुजनो को हमेशा सम्मान दें। इस सफलता पर सभी के परिवारजनों के साथ-साथ विद्यालय के प्राचार्य सहित सभी शिक्षक शिक्षिकाओं ने गर्व महशुस करते उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनायें व आशीर्वाद दिए।

### जेजे कॉलेज बचाओ समिति की बैठक संपन्न

**झुमरीतिलैया :** जेजे कॉलेज बचाओ समिति कोर कमेटी की बैठक झुमरीतिलैया स्थित बजरंग नगर में शिक्षाविद्ध राम रतन अवध्या आवास में हुई। बैठक की अध्यक्षता शिक्षाविद्ध रामरतन अवध्या ने की एवं संचालन महेश भारती ने किया। बैठक में कोडरमा जिले के ज्वलंत शैक्षणिक मुद्दों व जे जे कॉलेज को वीबीयू से हटाकर सर जे सी बोस विश्वविद्यालय में स्थानांतरण मामले को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। साथ ही गजट प्रकाशित होने के बाद सरकारी स्तर पर समाधान को लेकर विकल्प और तकनीकी तथ्यों पर मंथन किया गया। कोर कमेटी की बैठक में जे जे कॉलेज समेत जिलेभर के कॉलेजों में अध्ययन रत छात्रों के बीच संवाद स्थापित कर छात्र-अभिभावकों की मजबूत गोलबंदी करने पर रणनीति बनाई गई। समिति के वक्ताओं ने कहा कि जेजे कॉलेज समेत कोडरमा जिले के सभी कॉलेजों का विश्व विद्यालय स्तर पर नए विश्व विद्यालय में स्थानांतरण का मामला छात्र विरोधी और हड़बड़ी में लिया गया निर्णय प्रतीक हो रहा है। उन्होंने कहा कि गिरिडीह जाने के लिए छात्र के साथ छात्राओं को काफी समस्या झेलनी पड़ेगी। वक्ताओं ने कहा कि यह लड़ाई सिर्फ सड़को पर नही,सरकारी सिस्टम के साथ भी लड़नी लड़नी पड़ेगी। उन्होंने कहा कि इस लड़ाई में राजनीति की भावना से ऊपर उठकर छात्रों के स्वाभिमान और कोडरमा की स्मिता की रक्षा के लिए सबों को एक मंच पर आने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि छात्रों के हित में सामूहिक प्रयास से ही बड़ी लड़ाई जीती जाती है। छात्र अभिभावक और आमजनमानस कोडरमा के इस लड़ाई में शामिल होती है, तो निश्चित रूप से जीत हम सबों की होगी।

## एक नजर

### रेलवे एक्ट उल्लंघन मामले में आठ व्यक्ति पकड़ाए जुर्माना देकर हुए मुक्त

**सरिया** : रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट हजारीबाग रोड द्वारा सोमवार को रेलवे प्लेटफार्म स्टेशन परिसर तथा विभिन्न ट्रेनों में चेकिंग अभियान चलाया गया। निरीक्षक प्रभारी विश्वनाथ कुमार के नेतृत्व में चले इस अभियान में कुल आठ व्यक्ति पकड़े गए। जिन्हें आरपीएफ पोस्ट हजारीबाग रोड लाया गया। पकड़े गए उन व्यक्तियों में महिला कोच में सफर करने के आरोप में तीन आदमी धराए। जिन पर रेलवे अधिनियम की धारा 162 कायम की गई। जबकि दिव्यांग कोच में सफर करने के आरोप में भी तीन व्यक्ति पकड़े गए। जिनके विरुद्ध धारा 155 लगाई गई। वहीं अन अधिकृत रूप से रेलवे ट्रैक पार करने के आरोप में दो व्यक्ति पकड़ा गया। जिनके ऊपर रेलवे अधिनियम की धारा 147 के तहत मामला पंजीकृत किया गया। पकड़े गए उक्त सभी आठ व्यक्तियों को रेलवे दंडाधिकारी धनबाद के समक्ष ऑनलाइन प्रस्तुत किया गया। जिनके समक्ष सभी लोगों ने अपने-अपने अपराध कबूल किए। भविष्य में इस प्रकार की गलती न करने की बात दोहराई। पश्चात दंडाधिकारी द्वारा जुमार्ना राशि निर्धारित किया गया। निर्धारित जुमार्ना राशि की वसूली के पश्चात आरपीएफ ने सभी को मुक्त किया।

# विनोबा भावे विश्वविद्यालय में एआई और भारतीय ज्ञान परंपरा पर केंद्रित फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम का शुभारंभ

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**हजारीबाग** : विनोबा भावे विश्वविद्यालय, हजारीबाग में सोमवार को "Equity-Centred Higher Education: Integrating Bharatiya Jñana Parampara and Artificial Intelligence" विषय पर आयोजित फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम का भव्य उद्घाटन हुआ। कार्यक्रम का उद्देश्य उच्च शिक्षा में भारतीय ज्ञान परंपरा और कृत्रिम बुद्धिमत्ता के समन्वय के माध्यम से समावेशी एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षा को बढ़ावा देना है। IUCTE वाराणसी के सहयोग से आयोजित इस फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम में विभावि के शिक्षक भाग ले रहे हैं।




कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा आचार्य विनोबा भावे के चित्र पर पुष्पार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। स्वागत वक्तव्य विश्वविद्यालय के सीसीडीसी एवं कार्यक्रम निदेशक प्रो. मिथिलेश कुमार सिंह ने प्रस्तुत किया। कार्यक्रम की विषय-वस्तु पर प्रकाश डालते हुए आईयूसीटीई के कार्यक्रम निदेशक एवं डीन प्रो. आशीष श्रीवास्तव ने उच्च शिक्षा में एआई की बढ़ती भूमिका तथा भारतीय ज्ञान परंपरा की प्रासंगिकता पर विस्तार से चर्चा की।

विशिष्ट अतिथि के रूप में भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय के इंडियन नॉलेज सिस्टम डिवीजन के राष्ट्रीय समन्वयक Prof. Ganti S. Murthy ने भारतीय ज्ञान परंपरा को आधुनिक शिक्षा व्यवस्था से जोड़ने की आवश्यकता पर बल दिया।

भारतीय ज्ञान परंपरा को समझने के लिए हमें इसे अनुभव, अवलोकन और अनुमान पर आधारित एक सतत विकसित होने वाले ज्ञान के रूप में देखना होगा। यह व्यक्तिगत और सामूहिक कल्याण पर केंद्रित है। भारतीय ज्ञान परंपरा में ज्ञान के संरक्षण, प्रसारण और निर्माण पर जोर दिया गया है। यह केवल ग्रंथों तक सीमित नहीं है। भारतीय ज्ञान परंपरा को आधुनिक विज्ञान के साथ एकीकृत करने की आवश्यकता है। यह केवल पश्चिमी विचारों को भारतीय संदर्भ में ढालना नहीं है, बल्कि भारतीय विचारों को पश्चिमी विचारों के साथ एकीकृत करना है। इसको बढ़ावा देने के लिए शिक्षकों को आचार्य बनना होगा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि आईयूसीटीई, बीएचयू के निदेशक एवं संरक्षक प्रो प्रेम नारायण सिंह ने 'भारत' शब्द की व्याख्या 'भा' और 'रत' के संयोजन के रूप में की, जिसका अर्थ है कि भारत वह स्थान है जहाँ लोग ज्ञान की साधना में निरंतर लीन रहते हैं। उन्होंने स्वामी विवेकानंद के विचारों का उल्लेख किया कि मनुष्य की अंतर्निहित पूर्णता को बाहर निकालना चाहिए।

## करियातपुर ज़िप व खास गैरमजुरवा पर अतिक्रमित भूमि को अतिक्रमण मुक्त को लेकर ग्रामीणों ने सौंपा ज्ञापन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बरही** : प्रखंड क्षेत्र के करियातपुर स्थित जिला परिषद एवं गैरमजुरवा खास भूमि को कुछ ग्रामीणों द्वारा अतिक्रमण कर पक्का मकान सहित अन्य तरह वर्षों से अवैध रूप से कब्जा करने का मामला प्रकाश में आया है। इस सम्बंध में ग्रामीणों ने बरही सीओ को ज्ञापन सौंप अतिक्रमण मुक्त कराने की मांग किया है। ग्रामीणों ने बताया कि करियातपुर मौजा के खाता नंबर 151,152 प्लौट नंबर 1505,1941,1507,1646 तथा कुछ गैरमजूरवा जमीन पर कुछ लोगों द्वारा अवैध रूप वर्षों कब्जा किए हुए है जिसके कारण उक्त जमीन पर किसी भी तरह का सरकारी योजना का विकास कार्य में बाधा उत्पन्न होते रहता है। ग्रामीणों ने उक्त खाता के सभी प्लौट पर अतिक्रमित भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराने की मांग किया ताकि सरकारी योजना के किसी भी विकास का कार्य में बाधा नहीं हो। वहीं ग्रामीणों ने जिला उपायुक्त, बरही अनुमंडल पदाधिकारी एवं जिला परिषद उपाध्यक्ष को भी प्रतिलिपि समर्पित कर कर्रवाई करने की मांग किया। ज्ञापन सौंपने वालों में अभिषेक जयसवाल,परमेश्वर प्रसाद, नवीन प्रसाद, संजय कुमार, मंटु प्रसाद ,अशीश कुमार, भगवती देवी, विनय कुमार, शकुंतला देवी, अजित कुमार, नन्दविशोर प्रसाद, बदरी महतो, रानी कुमारी, पुजा कुमारी, मयंक वर्मा, बिनोद कुमार,पप्पू कुमार,देवेन्द्र कुमार, पिंकी कुमारी, अंकीत ठाकुर, रंजित कुमार सहित सैकड़ों ग्रामीण शामिल हैं।

## प्रेस वार्ता में बरसे उमाशंकर अकेला, विकास कार्यों और प्रशासनिक व्यवस्था पर उठाए सवाल

**चौपारण** : बरही के पूर्व विधायक उमाशंकर अकेला ने सोमवार को अपने आवास पर आयोजित प्रेस वार्ता में क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं को लेकर वर्तमान जनप्रतिनिधियों और प्रशासन पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने आरोप लगाया कि उनके विधायक कार्यकाल में स्वीकृत एवं प्रक्रियाधीन विकास योजनाओं का शिलान्यास कर वर्तमान जनप्रतिनिधि उसका श्रेय लेने की राजनीति कर रहे हैं, जबकि क्षेत्र की मूलभूत समस्याएं आज भी जस की तस बनी हुई हैं। उन्होंने कहा कि जिन योजनाओं की स्वीकृति और प्रशासनिक प्रक्रिया उनके कार्यकाल में पूरी की गई थी, आज उन्हीं योजनाओं को वर्तमान जनप्रतिनिधियों द्वारा अपनी उपलब्धि के रूप में प्रस्तुत किया जा रहा है। उन्होंने दावा किया कि इन योजनाओं की निविदा वर्ष 2024 में ही निकाली जा चुकी थी, लेकिन लंबे समय तक कार्य शुरू नहीं कराया गया।

## ईचागढ़ के डुमटांड़ में झामुमो का हुआ बैठक



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**ईचागढ़** : ईचागढ़ प्रखण्ड क्षेत्र के डुमटाड़ मे झामुमो प्रखण्ड अध्यक्ष निताई उरांव की अध्यक्षता में एक बैठक किया गया,जिसमें 3 जून 2026 बुधवार को होने वाले जिला स्तरीय बूथ सम्मेलन में सरायकेला जाने तथा बुथ कमिटी, एस आई आर ,बीएल ओ-2 को लेकर झामुमो कमिटी मजबूती के साथ कैसे खड़ा रहे , इसको लेकर चर्चा किया गया।क्षेत्र में चल रहे सड़क, तालाब, केनाल आदि योजनाएं के विषय पर भी चर्चा हुई। क्षेत्र में विधायक के पहल पर हो रहे विकास कार्यों का जानकारी गांव गांव तक पहुंचाने का संकल्प लिया गया। इस अवसर पर झामुमो प्रखण्ड अध्यक्ष निताई उरांव, सचिव अमित कुमार सिन्हा, उपाध्यक्ष अघोर चन्द्र महतो, नरेन्द्र नाथ गोप, विजय महतो,राणा प्रताप महतो,सपन आदित्यदेव, पशुपति बागची, किशुन किस्कु,शशांक शेखर महतो, कालीपद लायक, हरेन्द्र नाथ महतो,मधू घोष, अशोक महतो, गणपति कैवर्त, गोविंद बैसरा,झरे महतो, पंचानन पातर, बैजेन्द्र नाथ महतो, विभुति महतो, कालाचंद धिवर, भास्कर महतो,समल महतो, जगदीश लायक, सुखलाल सिंह मुण्डा,गुरुवा मांझी आदि झामुमो कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## संक्षिप्त खबरें

### मौजा सपादा में बालू घाट संचालन को लेकर ग्राम सभा आयोजित, ग्रामीणों ने रखे कई प्रस्ताव



**कुकड़ू** : अंचल अधिकारी, कुकडू के पत्रांक-351 30 मई 2026 के आलोक में रविवार को मौजा सपादा में ग्राम सभा का आयोजन किया गया। ग्राम प्रधान की अध्यक्षता तथा अंचल अधिकारी की उपस्थिति में आयोजित बैठक में ई-नीलामी के माध्यम से चयनित डाककर्ता कंपनी द्वारा बालू घाट संचालन के प्रस्ताव पर चर्चा की गई। बैठक में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लिया और अपने सुझाव एवं आपत्तियां दर्ज कराईं। बैठक में बताया गया कि जिला खनन पदाधिकारी, सरायकेला-खरसावां के निर्देश के तहत मौजा सपादा के बालू घाट के संचालन के लिए ई-नीलामी प्रक्रिया के माध्यम से चयनित एजेंसी गो-क्वेस्ट सॉल्यूशन प्राइवेट लिमिटेड, कोलकाता के संबंध में ग्राम सभा से राय मांगी गई है। इसी क्रम में ग्राम सभा आयोजित कर ग्रामीणों से सुझाव लिए गए।ग्राम सभा में ग्रामीणों ने सर्वसम्मति से बालू घाट के सीमांकन की मांग उठाई। ग्रामीणों का कहना था कि किसी भी प्रकार के संचालन से पूर्व बालू घाट क्षेत्र का स्पष्ट सीमांकन कराया जाना आवश्यक है। बैठक में प्लॉट संख्या 1107ढ, 2122ढ एवं 302ढ से संबंधित विषयों पर भी चर्चा की गई।ग्रामीणों ने प्रस्ताव रखा कि बालू उठाव का कार्य स्थानीय मजदूरों एवं ग्रामीणों के माध्यम से कराया जाए ताकि क्षेत्र के लोगों को रोजगार मिल सके। ग्राम सभा ने यह भी प्रस्ताव पारित किया कि मशीनों के माध्यम से बालू उठाव की अनुमति नहीं दी जानी चाहिए तथा स्थानीय श्रमिकों को प्राथमिकता दी जानी चाहिए।बैठक के दौरान ग्रामीणों ने दावा किया कि प्लॉट संख्या 1107 श्मशान घाट है, जबकि प्लॉट संख्या 2122 में ग्राम मंदिर एवं सार्वजनिक गतिविधियों का संचालन किया जाता है। ग्रामीणों ने इन स्थलों की सुरक्षा एवं संरक्षण सुनिश्चित करने की मांग की।ग्राम सभा में ग्राम विकास के लिए आवश्यक सरकारी भूमि उपलब्ध कराने, ग्राम सभा के अधिकार क्षेत्र का सम्मान करने तथा ग्राम हितों को ध्यान में रखते हुए बालू घाट संचालन से संबंधित निर्णय लेने की मांग भी उठाई गई। अंत में ग्राम प्रधान ने सभी ग्रामीणों एवं उपस्थित अधिकारियों का धन्यवाद ज्ञापित किया। मौके पर मुखिया सुधीर सिंह, ग्राम प्रधान पीताम्बर सिंह मानकी, पूर्व प्रमुख शंकर सिंह मुंडा, गौरांग प्रामाणिक समेत कई ग्रामीण उपस्थित हुए।

### पंचायत समिति सदस्य ने एसडीपीओ किया शिष्टाचार भेंट



**बरही** : सोमवार को बरही प्रखंड के रसोईया धमना पंचायत समिति सदस्य सह राष्ट्रीय मानवाधिकार एसोसिएशन के प्रखंड अध्यक्ष मो तैयब ने नवपदस्थापित बरही अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी राधा प्रेम किशोर को पुष्प गुच्छ भेंट कर शिष्टाचार मुलाकात कर परिचय दिया।इस दौरान उन्होंने क्षेत्र की कानून-व्यवस्था एवं जनहित से सम्बंधित कई विषयों पर चर्चा की गयी।

## टीकर-1 आंगनवाड़ी केंद्र में सोनाली घोष का सेविका पद पर हुआ चयन



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**ईचागढ़** : सरायकेला-खरसावां जिला के ईचागढ़ प्रखंड क्षेत्र के टीकर पंचायत अंतर्गत टीकर -1 आंगनवाड़ी केंद्र में सोमवार को आंगनवाड़ी सेविका चयन हेतु आम सभा का आयोजन किया गया। आम सभा में कुल सात महिलाओं ने सेविका पद हेतु आवेदन जमा किया। उसमें सर्वोतम अंक के आधार पर गांव के सोनाली घोष का सेविका पद हेतु चयन समिति ने चयन किया। बीडीओ सह प्रभारी सीडीपीओ एकता वर्मा ने बताया कि टीकर -1 केंद्र पिछड़ी जाति बहुल क्षेत्र है।आम सभा में कुल सात महिलाओं ने आवेदन जमा किया। उन्होंने बताया कि सात में से सोनाली घोष का सर्वोत्तम अंक होने के कारण सेविका पद हेतु चयन किया गया। सोनाली घोष को माध्यमिक में 11 अंक, इंटर में 7 अंक तथा स्नातक में 7 अंक तथा पीजी में 5 अंक सहित कुल 30 अंक प्राप्त हुआ। वही सेवानिर्वित सेविका प्रणती चक्रवती को गिफ्ट और शॉल देकर विदाई किया गया। मौके पर महिला पर्यवेक्षिका कृष्णा देवी, प्रखंड प्रमुख गुरुपद मार्डी, मुखिया मेनका सिंह मुंडा ,मध्य विद्यालय टीकर के प्रधानध्यापक मेघनाथ महतो सहित सैकड़ों ग्रामीण महिला एवं पुरुष उपस्थित थे।

## विभागीय परीक्षा का आयुक्त ने किया निरीक्षण

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**हजारीबाग** : केंद्रीय परीक्षा समिति, राजस्व पर्षद झारखंड, रांची के आदेशानुसार राजपत्रित पदाधिकारियों की द्वितीय अर्धवार्षिक विभागीय परीक्षा 2025, राजपत्रित व अराजपत्रित कर्मचारियों की द्वितीय अर्धवार्षिक जनजातीय भाषा की परीक्षा 2025 एवं राजपत्रित पदाधिकारी की प्रथम अर्धवार्षिक परीक्षा 2026 तथा राजपत्रित और अराजपत्रित कर्मचारियों के प्रथम अर्धवार्षिक जनजातीय भाषा परीक्षा 2026 के कर्मचारियों एवं पदाधिकारियों की जिला मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय में आयोजित विभागीय परीक्षा शांतिपूर्ण माहौल में कदाचार मुक्त संपन्न कराने को लेकर उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडलीय आयुक्त विजय कुमार गुप्ता के द्वारा परीक्षा केंद्र का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान आयुक्त द्वारा परीक्षा संचालन से जुड़े पदाधिकारियों को केंद्रीय परीक्षा समिति, राजस्व पर्षद झारखंड, रांची के द्वारा दिए




गए निर्देशों का अक्षरशः से अनुपालन करने का निर्देश दिया गया। परीक्षा केंद्र पर विधि-व्यवस्था एवं सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने हेतु पर्याप्त संख्या में पुलिस बल की प्रतिनियुक्त है। राजस्व पर्षद झारखंड, रांची के आदेशानुसार सभी प्रकार के इलेक्ट्रॉनिक गैजेट्स पूर्णतः प्रतिबंधित हैं।

उक्त परीक्षा का आयोजन जिला मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय, हजारीबाग में 01 जून से आयोजित है। 01 जून से आयोजित यह विभागीय परीक्षा 05 जून 2026 तक संचालित होगी। उक्त परीक्षा 01 जून से 05 जून तक प्रतिदिन प्रथम पाली में अराजपत्रित एवं राजपत्रित कर्मचारियों की लिखित परीक्षा एवं द्वितीय पाली में राजपत्रित कर्मचारियों की जनजातीय भाषा की मौखिक परीक्षा संचालित है। जिसमें लगभग 754 पदाधिकारी एवं कर्मचारी शामिल होंगे। निरीक्षण के दौरान सहायक केन्द्राधीक्षक सह आयुक्त के सचिव संग परीक्षा संचालन से जुड़े पदाधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

### हत्याकांड का खुलासा, दो आरोपित गिरफ्तार

**पूर्वी सिंहभूम** : उलीडीह थाना क्षेत्र में हुए चर्चित विकास सिंह हत्याकांड का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। पुलिस ने इस मामले में दो आरोपितों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है। गिरफ्तार आरोपितों की पहचान उलीडीह आदिवासी क्लब के समीप रहने वाले सूरज कुंटिया उर्फ साधु कुंटिया (24) और राजू कुंभकार (31) के रूप में हुई है। पुलिस ने उनकी निशानदेही पर हत्या में प्रयुक्त लोहे का पाइप, धारदार चाकू, मच्छरदानी तथा खून लगी मिट्टी भी बरामद की है।

उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय, रामगढ़।
(महिला बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग)
(सामाजिक सुरक्षा कोषांग) (जिला बाल संरक्षण इकाई)
Email Id –dcpsramgarh@gmail.com

-: आम सूचना :-

विभागीय अधिसूचना संचिका सं0 526/SP–POCSO/JSCPS/2023–24 & 2685, रॉची दिनांक 24.10.2024 के आलोक में लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम 2012 एवं नियम 2020 के अंतर्गत सहायक व्यक्तियों का चयन हेतु प्राप्त कुल 17 आवेदनों को गठित टीम द्वारा स्क्रुटनी कर सूची तैयार की गई है। सूची रामगढ़ के वेबसाइट ramgarh.nic.in एवं जिला सूचना जन संपर्क विभाग (PRD) के माध्यम से प्रकाशित विज्ञापन में देखी जा सकती है।

प्राप्त सभी आवेदनों की अनुवीक्षा /स्क्रुटनी के पश्चात प्रथम/प्रारंभिक औपबंधिक सूची तैयार किया गया है। सभी आवेदनकर्ताओं को सूचित किया जाता है कि प्रथम/प्रारंभिक सूची जिला के वेबसाइट www.ramgarh.nic.in में प्रकाशित किया गया है। उक्त सूची के प्रकाशित होने की तिथि से सात कार्य दिवस के अंदर दिनांक 06/06/2026 के अपराहन् 05:00 बजे तक अपने दावा आपत्ति के निराकरण हेतु वांछित कागजात जिला बाल संरक्षण इकाई कार्यालय, बी ब्लॉक, समाहरणालय, रामगढ़ में समर्पित करेगें। निर्धारित अवधि तक किसी प्रकार का दावा आपत्ति प्राप्त नहीं होने की स्थिति में प्रकाशित प्रथम/प्रारंभिक औपबंधिक सूची को अंतिम सूची माना जायेगा। तत्पश्चात चयनित अभ्यिर्थी को इंटरव्यू हेतु सूचीबद्ध कर निर्धारित तिथि को कार्यालय मे उपस्थित होने हेतु सूचना प्रकाशित किया जायेगा।

ह०/–
सहायक निदेशक,
सामाजिक सुरक्षा कोषांग,रामगढ

PR 381255 (District) 26-27 (D)

# श्रद्धालुओं को सुरक्षित और सुगम जलार्पण कराना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता : मंत्री

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**देवघर** : आगामी श्रावणी मेला 2026 के सफल संचालन को लेकर राज्य सरकार तैयारियों में जुटी हुई है। इसी क्रम में सोमवार को पर्यटन मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू देवघर पहुंचे और स्थानीय सर्किट हाउस में देवघर और दुमका जिला प्रशासन के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक में देवघर विधायक सुरेश पासवान, सारठ विधायक उदय शंकर सिंह, जिला परिषद अध्यक्ष किरण कुमारी सहित दोनों जिलों के वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी और विभिन्न विभागों के प्रतिनिधि उपस्थित थे। बैठक के दौरान मंत्री ने श्रावणी मेला की तैयारियों की




विस्तृत समीक्षा करते हुए संबंधित विभागों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया। पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि श्रावणी मेला के दौरान देवघर आने वाले श्रद्धालुओं को सुरक्षित और सुगम जलार्पण कराना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। इसके लिए श्रद्धालुओं के ठहराव, स्वास्थ्य सेवाओं, शौचालय, पेयजल और अन्य मूलभूत सुविधाओं को बेहतर बनाने पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। मंत्री ने बताया कि पिछली समीक्षा बैठक के आधार पर एक विस्तृत रोडमैप तैयार किया गया है। सभी विभागों को आपसी समन्वय के साथ टेंडर प्रक्रिया और अन्य आवश्यक कार्य समय पर पूरा करने के निर्देश दिए गए थे। उन्होंने संतोष व्यक्त करते हुए कहा कि लगभग 90 प्रतिशत प्रक्रियाएं पूरी हो चुकी हैं और अब केवल कुछ औपचारिक अनुपालन संबंधी कार्य शेष हैं। उन्होंने कहा कि बैठक में विभिन्न विभागों के बीच बेहतर समन्वय और जिम्मेदारियों को लेकर चर्चा की गई। पिछले वर्ष देवघर-बासुकीनाथ मार्ग पर हुई दुर्भाग्यपूर्ण घटना की पुनरावृत्ति न हो, इसके लिए विशेष सतर्कता बरती जा रही है। राष्ट्रीय राजमार्ग और रेलवे विभाग के साथ भी समन्वय स्थापित किया गया है और संबंधित कार्यों को समय पर पूरा करने का आश्वासन मिला है।

रॉंची समाहरणालय, रॉंची
(जिला भू-अर्जन शाखा)
www.dlaoranchi.in

एन0एच0–75 बिजुपाड़ा से कुडू सेक्शन खण्ड के निर्माण परियोजना।

नोटिस

मुआवजा राशि का प्रकारः–जमीन/मकान/संरचना का मुआवजा।

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि उपरोक्त भूमि अर्जन वाद में आपको हितबद्ध व्यक्ति समझा गया है। परन्तु आपके द्वारा आजतक अधिग्रहित भूमि से संबंधित दस्तावेज एवं वैद्य रैयती प्रमाण पत्र यथा (बंध पत्र, शपथ पत्र, निबंधित केवाला, अद्यतन लगान रसीद, बैंक पासबुक, आधार कार्ड, बंटवारा/आपसी सहमति, पासपोर्ट आकार का दो फोटोग्राफ, भू-धारण प्रमाण पत्र एवं वंशावली अंचल द्वारा निर्गत) दस्तावेज के साथ दावा पत्र जिला भू-अर्जन कार्यालय, रॉंची को उपलब्ध नहीं कराया गया है।

अतः आपको अंतिम रूप से स्मारित किया जा रहा है कि आप अपना मुआवजा भुगतान लेने हेतु अधिग्रहित भूमि से संबंधित उपरोक्त वैद्य दस्तावेज के साथ दावा पत्र जिला भू-अर्जन कार्यालय, रॉंची में 15 दिनों के अन्दर जमा करें। मुआवजा भुगतान हेतु दावा पत्र निर्धारित तिथि तक प्रस्तुत नहीं किये जाने पर यह समझा जाएगा की आपको मुआवजा प्राप्त करने में कोई अभिरूचि नहीं है। अन्यथा मुआवजा की राशि L.A. कोर्ट में संदर्भित कर दी जाएगी।

अधिग्रहीत भूमि का विवरण।
मौजा–चान्हों

| अंचल का नाम | भू–अर्जन वाद सं0 | ग्राम का नाम | एवार्ड सं0 | खाता सं0 | प्लॉट सं0 | रकबा | रैयत/एवार्डी एवं पिता/पति का नाम | कुल राशि | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| चान्हों | 01/2020–21 | चान्हों | 01 | 32 | 253 | 0.015 | कलीमुल्हा वो खलीमुल्हा पिता सैरफुद्दीन वो हबिबा खातुन पति जियाउल्हा वो उहलोल्लाह पिता सलीमुल्हा वो उवैदुल्हा वगैरह पिता अमानुलाह, मिनातुल्हा पिता अमानुल्लाह | 2,58,719.00 | आवेदन अप्राप्त। |
| चान्हों | 01/2020–21 | चान्हों | 01 | 32 | 254 | 0.02 | कलीमुल्हा वो खलीमुल्हा पिता सैरफुद्दीन वो हबिबा खातुन पति जियाउल्हा वो उहलोल्लाह पिता सलीमुल्हा वो उवैदुल्हा वगैरह पिता अमानुलाह, मिनातुल्हा पिता अमानुल्लाह शाहजहाँ खातून, पति–कलिमुल्लाह वगैरह | 79,137.00 | आवेदन अप्राप्त। |
| चान्हों | 01/2020–21 | चान्हों | 02 | 37 | 256 | 0.01 | मो0 जुबैर अहमद वगैरह पिता स्व0 मौलाना अहमद अली, अबुल हसन, अब्बुतल्हा वगैरह पिता सुबैर अहमद | 3,34,368.00 | आवेदन अप्राप्त। |
| चान्हों | 01/2020–21 | चान्हों | 02 | 37 | 257 | 0.01 | भिखारी साहु वगैरह, रामप्रताप वगैरह पिता रामकेवल साहु | 13,09,815.00 | आवेदन अप्राप्त। |
| चान्हों | 01/2020–21 | चान्हों | 02 | 37 | 258 | 0.015 | कृष्णा प्रसाद साहु वो मनुज कुमार साहु वगैरह माता सीता देवी पति रामकेवल साहु | 59,353.00 | आवेदन अप्राप्त। |
| चान्हों | 01/2020–21 | चान्हों | 03 | 31 | 264 | 0.01 | 1. बालेष्वर गोसाई पिता मिठु गोसाई वो दिलु गोसाई वो दिनेष गोसाई वो महेष गोसाई पिता शिवाव्रत गोसाई 2. प्रमानन्द साहु वो आदित्य प्रसाद साहु वो कुमार रविन्द्र पिता दुर्गा साहु | 9,41,488.00 | आवेदन अप्राप्त। |
| चान्हों | 01/2020–21 | चान्हों | 04 | 62 | 316 | 0.04 | गुहा उरांव पिता–सुरा उरांव क उत्तराधिकारी | 1,58,274.00 | आवेदन अप्राप्त। |
| चान्हों | 01/2020–21 | चान्हों | 04 | 62 | 317 | 0.02 | गुहा उरांव पिता–सुरा उरांव क उत्तराधिकारी | 99,331.00 | आवेदन अप्राप्त। |
| चान्हों | 01/2020–21 | चान्हों | 05 | 17 | 320 | 0.02 | खेतु साहु वगैरह बकब्जे रैयत– गोवर्धन साहु पिता सोमन साहु वगैरह | 15,56,325.00 | आवेदन अप्राप्त। |
| चान्हों | 01/2020–21 | चान्हों | 05 | 17 | 321 | 0.02 | बकब्जे खेतु साहु वगैरह षिखा देवी पति स्व0 अनील साहु वो सुमन कु0 साहु वो हेमन्त कु0 साहु वो देवन्त कु0 साहु वो विपिन कु0 साहु पिता रामवृक्ष साहु परमान्द साहु वगैरह पिता दुर्गा साहु | 12,99,869.00 | आवेदन अप्राप्त। |

जिला भू–अर्जन पदाधिकारी,
रॉंची।

PR 381203 Land Reforms(26-27)#D

# संरा. की चिंता और चरागाह भूमि का संकट

संयुक्त राष्ट्रसंघ ने 2026 को चरागाह और पशुचारक वर्ष घोषित किया है। इससे जाहिर है कि वैश्विक स्तर पर चरागाह भूमि संकट ग्रस्त हैं और इन पर ध्यान देने की जरूरत है। इनका क्षेत्रफल भूमि उपयोग में बदलाव के कारण घटता जा रहा है। अतिदोहन और खरपतवारों के कारण इनकी उपजाऊ क्षमता लगातार घटती जा रही है। दुनिया में चरागाह, सवाना घास के मैदान, झाड़ीदार जंगल, रेगिस्तान, पर्वतीय चरागाह, खुले वन और कृषि वानिकी क्षेत्र इसी श्रेणी में शामिल हैं। वैश्विक क्षेत्रफल का 54% भू-भाग किसी न किसी प्रकार की चरागाह भूमि में शामिल है, जिसमें से 78% शुष्क क्षेत्रों में स्थित है। एक तिहाई जैव विविधता इन्ही क्षेत्रों पर निर्भर है। विश्व खाद्य उत्पादन का 16% इन्हीं क्षेत्रों से आता है। चरागाह क्षेत्र भूमि को पोषक तत्व प्रदान करने के अतिरिक्त कार्बन प्रचूषण, इको टूरिज्म,और मनोरंजन में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। कुल चरागाह क्षेत्र का 50% भाग अनुत्पादक होने के कगार पर है। देश में चरागाह भूमि का क्षेत्रफल 1210 लाख हेक्टेयर है जिसमें से 1000 लाख हेक्टेयर अच्छी स्थिति में नहीं है और पूर्ण उपयोगिता के स्तर की भूमिका निभाने में असमर्थ है। इसके चलते पशु चारक समुदाय हाशिये पर आते जा रहे हैं और सरकारी नीतियों में भी उनके हितों की ओर उपयुक्त ध्यान नहीं दिया जा रहा है। खनन और ऊर्जा परियोजनाएं इन क्षेत्रों में पहुंच को सीमित करती जा रही हैं। देश में ढाई करोड़ लोग पूर्णतः पशुपालन पर आजीविका के लिए निर्भर करते हैं। ग्रामीण क्षेत्रों और छोटे भू-मालिकों की दो तिहाई आबादी को पशुपालन से 16% आजीविका का आधार प्राप्त होता है। भारत में कुल पशु संख्या 53 करोड़ 61 लाख के लगभग है, जिसमें से गाय, भैंस, मिथुन, याक 30 करोड़ 31 लाख हैं। बाकी सूअर, घोडा, भेड़, बकरी आदि हैं। चरागाह भूमि के भूमि उपयोग में बदलाव, भूमि कटाव आदि से नुकसान के अलावा खरपतवार आक्रमण से भी चरागाह भूमि को भारी नुकसान पहुंचा है। खरपतवार चरागाहों की उत्पादकता को 90% तक नष्ट कर देते हैं। लेंटाना, युपिटोरियम, पार्थेनियम, एजरेटम आदि प्रमुख खरपतवार हैं जो चरागाहों को भारी हानि पंहुचा रहे हैं। हिमाचल प्रदेश का उदाहरण लें तो प्रदेश के कुल क्षेत्रफल 55 लाख 67 हजार हेक्टेयर में से 15 लाख 11 हजार हेक्टेयर चरागाह भूमि है, जिसमें से 6000 फुट की ऊंचाई से कम वाले क्षेत्रों की चरागाह लगभग 80% खरपतवारों की चपेट में आ कर अनुत्पादक हो चुकी है। प्रदेश में 2020 की पशु गणना के मुताबिक 44 लाख 13 हजार पशु धन है। जो 2012 की गणना के मुकाबले काफी कम है, जिसका मुख्य कारण पशु चारे की कमी है। भारतीय घास-चारा अनुसंधान परिषद के एक अध्ययन में पाया गया कि प्रदेश में हरे चारे की आपूर्ति में 20.30% और सूखे चारे की उपलब्धता में 53.61% की कमी है। इस कमी की पूर्ति करने के लिए पशुपालक पंजाब और हरियाणा से गेहूं और धान का भूसा आयात करते हैं जो 10 से 15 रुपये किलो तक यहां पहुंचता है। इतने महंगे चारे से पशु पालन घाटे का सौदा हो गया है। इसी कारण लोग पशु पालन से मुंह मोड़ रहे हैं। पशु सडकों में छोड़े जारहे हैं। इससे फसलें तबाह हो रही हैं और दुर्घटनाओं को न्योता मिल रहा है। हालांकि प्रदेश के सकल घरेलू उत्पाद में पशु पालन का 28.8% योगदान है किन्तु पशुपालन को पेश मुख्य समस्याओं की ओर सम्यक ध्यान ही नहीं दिया जा रहा है। पर्वतीय क्षेत्रों में पशुपालन मुख्यतः चराई पर निर्भर था। यदि चरागाह में पर्याप्त घास हो तो पशु पालन में लगने वाले श्रम और लागत में आधी कटौती हो जाती है। खूंटे पर बांध कर पशुपालन वह भी आयातित चारे के आधार पर करना काफी महंगा मामला है। हालांकि पशुपालन को प्रोत्साहन देने के लिए सरकार ने दूध के मूल्य में बढ़ोतरी करने आदि कुछ कदम उठाए हैं किन्तु मुख्य समस्या तो चारे की है। इस ओर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। दुर्भाग्य से सारी चरागाह भूमि भी प्रबंधन के लिए वन विभाग के अधीन है। चरागाह प्रबंधन वन विभाग की मान्य कार्ययोजना का हिस्सा ही नहीं है।

# क्या कृत्रिम बुद्धिमत्ता कोरा बुलबुला है या वास्तविक चुनौती?

**ललित गर्ग**

मानव सभ्यता के इतिहास में कुछ ऐसी क्रांतियां हुई हैं जिन्होंने जीवन की दिशा और दशा दोनों को बदल दिया। कृषि क्रांति ने मनुष्य को स्थायित्व दिया, औद्योगिक क्रांति ने उत्पादन और श्रम की परिभाषा बदली, सूचना क्रांति ने ज्ञान और संचार की सीमाएं समाप्त कर दीं। अब कृत्रिम बुद्धिमत्ता यानी एआई की क्रांति मानव इतिहास के एक नए मोड़ पर खड़ी है। यह केवल एक तकनीकी परिवर्तन नहीं है, बल्कि मनुष्य की बुद्धि, निर्णय क्षमता, रोजगार, सामाजिक संरचना, शासन व्यवस्था और यहां तक कि उसके अस्तित्व और अस्मिता से जुड़ा प्रश्न बन चुकी है। यही कारण है कि आज विश्वभर में यह बहस तेज हो रही है कि क्या एआई मानव जीवन के लिए वरदान सिद्ध होगी या वह धीरे-धीरे मनुष्य के महत्व को ही चुनौती देने लगेगी। कृत्रिम बुद्धिमत्ता की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि यह केवल मशीनों को चलाने तक सीमित नहीं है, बल्कि वह उन कार्यों को भी करने लगी है जिन्हें लंबे समय तक केवल मनुष्य की विशिष्ट क्षमता माना जाता था। लेखन, चित्र निर्माण, संगीत रचना, रोगों का निदान, न्यायिक विश्लेषण, वैज्ञानिक अनुसंधान और प्रशासनिक निर्णय जैसे क्षेत्रों में इसकी बढ़ती उपस्थिति ने अनेक नए प्रश्न खड़े कर दिए हैं। यदि मशीनें सोचने, सीखने और निर्णय लेने लगेंगी तो मनुष्य की विशिष्टता क्या रह जाएगी? यह प्रश्न केवल तकनीकी नहीं, बल्कि दार्शनिक और नैतिक भी है।

मानव अस्मिता का आधार उसकी चेतना, संवेदना, रचनात्मकता और नैतिक विवेक है। एआई के पास विशाल सूचनाओं का भंडार और तीव्र गणनात्मक क्षमता अवश्य है, लेकिन उसके पास अनुभवजन्य चेतना, करुणा, आत्मबोध और मूल्यबोध नहीं है। फिर भी जब मशीनें कविता लिखती हैं, चित्र बनाती हैं और संवाद करती हैं, तब यह भ्रम उत्पन्न होने लगता है कि वे मनुष्य का स्थान ले सकती हैं। वास्तव में चुनौती यह नहीं है कि मशीनें मनुष्य बन जाएंगी, बल्कि यह है कि कहीं मनुष्य स्वयं मशीनों की तरह व्यवहार करने न लगे। यदि जीवन का प्रत्येक निर्णय गणनात्मक दक्षता और आंकड़ों के आधार पर होने लगे, तो मानवीय संवेदनाएं और नैतिक मूल्य हाशिये पर जा सकते हैं। इसी संदर्भ में एक और महत्वपूर्ण प्रश्न उभरता है कि क्या भविष्य में एक नई मानव संरचना का निर्माण होगा? विश्व के अनेक वैज्ञानिक और तकनीकी चिंतक यह मानते हैं कि आने वाले दशकों में जैविक मनुष्य और डिजिटल तकनीक के बीच की दूरी लगातार कम होगी। मस्तिष्क और कंप्यूटर के प्रत्यक्ष संपर्क, कृत्रिम अंगों, स्मृति-विस्तार तकनीकों और जैव-तकनीकी हस्तक्षेपों के माध्यम से एक ऐसे युग की कल्पना की जा रही है जहां मनुष्य और मशीन का सम्मिलित स्वरूप विकसित हो सकता है। यह संभावना जितनी आकर्षक दिखाई देती है, उतनी ही चिंताजनक भी है। यदि तकनीकी रूप से उन्नत मनुष्य और सामान्य मनुष्य के बीच गहरी खाई बन गई तो सामाजिक असमानता का एक नया रूप सामने आ सकता है।

एआई के बढ़ते प्रभाव के साथ रोजगार और अर्थव्यवस्था में भी व्यापक परिवर्तन दिखाई दे रहे हैं। अनेक क्षेत्रों में नियमित और दोहराव वाले कार्य मशीनों द्वारा किए जाने लगे हैं। इससे यह आशंका उत्पन्न हुई कि बड़ी संख्या में रोजगार समाप्त हो जाएंगे। विश्व की कई बड़ी तकनीकी कंपनियों ने लागत कम करने और उत्पादकता बढ़ाने के नाम पर कर्मचारियों की संख्या घटाई है। किंतु हाल के अनुभव यह भी बताते हैं कि एआई मानव श्रम का पूर्ण विकल्प नहीं बन सकी है। जटिल निर्णय, नवाचार, मानवीय संबंधों का प्रबंधन और परिस्थितिजन्य विवेक जैसे क्षेत्रों में मनुष्य की भूमिका अभी भी केंद्रीय बनी हुई है। यहीं पर वैश्विक शोध संस्था गार्टनर की हालिया रिपोर्ट विशेष महत्व रखती है। गार्टनर ने अपनी नवीनतम विश्लेषणात्मक रिपोर्ट में संकेत दिया है कि एआई अब अत्यधिक अपेक्षाओं के शिखर से आगे बढ़कर मोहभंग के चरण में प्रवेश कर रही है। अनेक कंपनियों ने इससे तत्काल आर्थिक लाभ और उत्पादकता में चमत्कारी वृद्धि की उम्मीद की थी, लेकिन वास्तविक परिणाम अपेक्षाओं के अनुरूप नहीं मिले। परियोजनाओं की ऊंची लागत, आंकड़ों की सुरक्षा से जुड़ी चिंताएं, गलत या भ्रामक उत्तर देने की प्रवृत्ति और स्पष्ट उपयोगिता सिद्ध न कर पाने जैसी समस्याएं सामने आई हैं। रिपोर्ट में यह आशंका भी व्यक्त की गई है कि लगभग एक-तिहाई परियोजनाएं प्रारंभिक चरण के बाद बंद हो सकती हैं क्योंकि वे अपने निवेश के अनुरूप परिणाम देने में असफल रही हैं। यह निष्कर्ष इस धारणा को चुनौती देता है कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता तत्काल सभी समस्याओं का समाधान बन जाएगी। हालांकि इसका अर्थ यह नहीं है कि एआई एक अस्थायी बुलबुला है जो शीघ्र ही समाप्त हो जाएगा। इतिहास बताता है कि हर बड़ी तकनीकी क्रांति के प्रारंभिक चरण में उत्साह और अतिशयोक्ति दोनों मौजूद रहते हैं। बाद में वास्तविक उपयोगिता के आधार पर उसका संतुलित विकास होता है। इंटरनेट के साथ भी यही हुआ था। प्रारंभिक उत्साह के बाद अनेक कंपनियां समाप्त हो गईं, लेकिन इंटरनेट स्वयं विश्व व्यवस्था का आधार बन गया। एआई के साथ भी कुछ ऐसा ही होने की संभावना है। अतः इसका अतिशयोक्तिपूर्ण महिमामंडन भी उचित नहीं है और इसके शीघ्र समाप्त हो जाने की कल्पना भी यथार्थवादी नहीं है। व्यापार जगत में एआई की भूमिका निरंतर बढ़ेगी। उत्पादन, विपणन, ग्राहक सेवा, वित्तीय विश्लेषण और आपूर्ति प्रबंधन जैसे क्षेत्रों में इसका व्यापक उपयोग होगा। इससे कार्यों की गति और दक्षता बढ़ेगी, किंतु साथ ही कार्यबल के स्वरूप में परिवर्तन आएगा। भविष्य में केवल तकनीकी ज्ञान पर्याप्त नहीं होगा, बल्कि समस्या समाधान, रचनात्मकता, नेतृत्व क्षमता और भावनात्मक समझ जैसे गुण अधिक महत्वपूर्ण बनेंगे। इसलिए शिक्षा और कौशल विकास की पूरी व्यवस्था को नए सिरे से तैयार करना होगा।

प्रशासनिक क्षेत्र में भी एआई शासन को अधिक प्रभावी और पारदर्शी बनाने की क्षमता रखती है। नीतिगत विश्लेषण, संसाधनों का वितरण, स्वास्थ्य और शिक्षा योजनाओं का संचालन तथा आपदा प्रबंधन जैसे क्षेत्रों में इसका उपयोग लाभकारी हो सकता है। लेकिन इसके साथ एक बड़ा खतरा भी जुड़ा है। यदि नागरिकों के व्यक्तिगत आंकड़ों का अत्यधिक संग्रह और विश्लेषण होने लगे तो निजता और स्वतंत्रता पर गंभीर संकट उत्पन्न हो सकता है। इसलिए तकनीकी दक्षता और नागरिक अधिकारों के बीच संतुलन बनाए रखना अत्यंत आवश्यक होगा। सैन्य क्षेत्र में एआई का प्रयोग सबसे अधिक चिंताजनक माना जा रहा है। स्वायत्त हथियार प्रणालियां, मानव रहित युद्धक उपकरण और लक्ष्य चयन करने वाली मशीनें युद्ध की प्रकृति को पूरी तरह बदल सकती हैं। यदि किसी मशीन को जीवन और मृत्यु का निर्णय करने की शक्ति मिल जाए तो नैतिक और मानवीय प्रश्न अत्यंत गंभीर हो जाएंगे। इसलिए विश्व स्तर पर ऐसी तकनीकों के नियमन और नियंत्रण की आवश्यकता लगातार महसूस की जा रही है। इन सबके बीच सबसे महत्वपूर्ण प्रश्न यह है कि मानव जीवन सुरक्षित, संतुलित और सार्थक कैसे बना रहे? इसका उत्तर तकनीक के विरोध में नहीं, बल्कि उसके विवेकपूर्ण उपयोग में निहित है। एआई को मानव जीवन का स्वामी नहीं, सहायक बनाना होगा। शिक्षा प्रणाली में नैतिकता, संवेदनशीलता, सह-अस्तित्व और मानवीय मूल्यों को अधिक महत्व देना होगा। मनुष्य की भावनात्मक बुद्धिमत्ता, करुणा, सहानुभूति और आध्यात्मिक चेतना ही वे क्षेत्र हैं जिन्हें कोई मशीन प्रतिस्थापित नहीं कर सकती। साथ ही, वैश्विक स्तर पर ऐसे नियमों और नीतियों की आवश्यकता है जो एआई के विकास को मानव कल्याण की दिशा में नियंत्रित करें। यदि यह तकनीक केवल कुछ शक्तिशाली कंपनियों या राष्ट्रों के हितों तक सीमित रह गई तो असमानता और संघर्ष बढ़ सकते हैं। इसके विपरीत यदि इसका उपयोग शिक्षा, स्वास्थ्य, पर्यावरण संरक्षण और सामाजिक विकास के लिए किया जाए तो यह मानवता के लिए अभूतपूर्व अवसरों का द्वार खोल सकती है।

अंततः एआई न तो पूर्णतः वरदान है और न ही अनिवार्य रूप से अभिशाप। यह एक शक्तिशाली साधन है जिसकी दिशा और परिणाम मनुष्य के विवेक पर निर्भर करेंगे। चुनौती मशीनों से नहीं, बल्कि इस बात से है कि क्या मनुष्य अपनी मानवीयता, संवेदनशीलता और नैतिक चेतना को सुरक्षित रख पाएगा।

# भारतीय सिनेमा के अमर शोमैन राज कपूर : एक युग का अवसान, एक विरासत का आरंभ

**वरुण कुमार**

2 जून 1988 भारतीय सिनेमा के इतिहास का वह दिन है, जब एक ऐसे महान कलाकार का निधन हुआ जिसने न केवल हिंदी फिल्मों की दिशा बदली, बल्कि भारतीय सिनेमा को विश्व मंच पर सम्मान और पहचान भी दिलाई। यह दिन भारतीय फिल्म जगत के महान अभिनेता, निमार्ता और निर्देशक राज कपूर की पुण्यतिथि के रूप में स्मरण किया जाता है। उन्हें भारतीय सिनेमा का "शोमैन" कहा जाता है। यह उपाधि केवल उनकी लोकप्रियता के कारण नहीं, बल्कि उनके दूरदर्शी दृष्टिकोण, कलात्मक उत्कृष्टता और सामाजिक चेतना से परिपूर्ण फिल्मों के कारण मिली थी। राज कपूर का जीवन भारतीय सिनेमा की विकास यात्रा का एक महत्वपूर्ण अध्याय है। उन्होंने जिस प्रकार अपनी कला, संवेदनशीलता और रचनात्मकता से करोड़ों लोगों के दिलों में स्थान बनाया, वह उन्हें सिनेमा के इतिहास में अमर बनाता है। उनके निधन के साथ एक युग का अंत अवश्य हुआ, लेकिन उनकी रचनाएँ और विचार आज भी उतने ही प्रासंगिक हैं जितने उनके जीवनकाल में थे।

राज कपूर का जन्म 14 दिसंबर 1924 को हुआ था। उनका पूरा नाम रणबीर राज कपूर था। वे भारतीय रंगमंच और सिनेमा के महान अभिनेता पृथ्वीराज कपूर के पुत्र थे। कला और अभिनय का वातावरण उन्हें बचपन से ही मिला। यही कारण था कि अभिनय के प्रति उनका आकर्षण प्रारंभिक अवस्था से ही दिखाई देने लगा था। हालाँकि एक प्रतिष्ठित फिल्मी परिवार में जन्म लेने के बावजूद उन्होंने सफलता का मार्ग स्वयं तैयार किया। उन्होंने फिल्मों में छोटे-छोटे कार्यों से शुरूआत की और धीरे-धीरे अपने परिश्रम, लगन तथा प्रतिभा के बल पर एक विशिष्ट पहचान बनाई।राज कपूर ने मात्र 24 वर्ष की आयु में अपना फिल्म निर्माण संस्थान स्थापित किया। उस समय इतनी कम उम्र में किसी व्यक्ति का फिल्म निर्माण और निर्देशन के क्षेत्र में उतरना असाधारण माना जाता था। उन्होंने अपने बैनर के अंतर्गत ऐसी फिल्मों का निर्माण किया, जिन्होंने भारतीय सिनेमा को नई दिशा प्रदान की।उनकी पहली निर्देशित फिल्म आग थी। यद्यपि यह फिल्म व्यावसायिक दृष्टि से बहुत बड़ी सफलता नहीं थी, लेकिन इससे यह स्पष्ट हो गया कि राज कपूर एक अलग सोच रखने वाले फिल्मकार हैं। इसके बाद उन्होंने पीछे मुड़कर नहीं देखा।

राज कपूर की सबसे बड़ी विशेषता यह थी कि उन्होंने अपनी फिल्मों में आम आदमी की पीड़ा, संघर्ष, सपनों और आकांक्षाओं को केंद्र में रखा। उनका चरित्र अक्सर गरीब, ईमानदार और संघर्षशील युवक का होता था जो कठिन परिस्थितियों से जूझते हुए भी मानवीय मूल्यों को नहीं छोड़ता।

उनकी फिल्मों में दर्शकों को अपना प्रतिबिंब दिखाई देता था। यही कारण था कि वे केवल एक अभिनेता नहीं, बल्कि जनता की भावनाओं के प्रतिनिधि बन गए। उनकी छवि विश्व प्रसिद्ध हास्य कलाकार चार्ली चैपलिन से प्रभावित थी, लेकिन उन्होंने उसे भारतीय परिवेश और संवेदनाओं के अनुरूप नया रूप दिया।

राज कपूर की सबसे चर्चित फिल्मों में आवारा का नाम प्रमुखता से लिया जाता है। यह केवल एक फिल्म नहीं थी, बल्कि सामाजिक असमानताओं और मानवीय संघर्षों की प्रभावशाली प्रस्तुति थी। फिल्म का गीत "आवारा हूँ" भारत ही नहीं, बल्कि कई देशों में लोकप्रिय हुआ। विशेष रूप से सोवियत संघ, चीन, मध्य एशिया और पूर्वी यूरोप के देशों में राज कपूर की लोकप्रियता असाधारण थी। वहाँ के दर्शकों ने उन्हें अपने परिवार के सदस्य की तरह प्रेम दिया।यह पहली बार था जब किसी भारतीय अभिनेता और फिल्मकार को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर इतनी व्यापक पहचान प्राप्त हुई। इस दृष्टि से राज कपूर भारतीय सिनेमा के पहले वैश्विक सितारों में गिने जाते हैं।

1955 में प्रदर्शित श्री 420 भारतीय सिनेमा की सर्वश्रेष्ठ फिल्मों में मानी जाती है। इस फिल्म में उन्होंने ईमानदारी और लालच के संघर्ष को अत्यंत प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया। फिल्म का प्रसिद्ध गीत "मेरा जूता है जापानी" आज भी भारतीय पहचान और आत्मविश्वास का प्रतीक माना जाता है। इस गीत ने स्वतंत्र भारत की उभरती हुई राष्ट्रीय चेतना को स्वर दिया। राज कपूर की फिल्मों में मनोरंजन और सामाजिक संदेश का अद्भुत संतुलन दिखाई देता था। यही उनकी सफलता का सबसे बड़ा रहस्य था। राज कपूर ने केवल सामाजिक विषयों पर ही नहीं, बल्कि प्रेम, परिवार और मानवीय रिश्तों पर भी अनेक उत्कृष्ट फिल्में बनाई। बरसात, संगम और अन्य फिल्मों में उन्होंने भावनात्मक संबंधों की गहराई को प्रभावशाली ढंग से चित्रित किया। उनकी फिल्मों में प्रेम केवल रोमांस नहीं होता था, बल्कि त्याग, समर्पण और जीवन मूल्यों का प्रतीक भी होता था। यही कारण है कि उनकी फिल्में पीढ़ियों तक दर्शकों के दिलों में जीवित रहीं।

राज कपूर के जीवन की सबसे महत्वाकांक्षी फिल्मों में मेरा नाम जोकर का विशेष स्थान है। यह फिल्म एक कलाकार के जीवन, उसके संघर्ष, उसके अकेलेपन और उसकी संवेदनाओं की कहानी थी। हालाँकि प्रारंभ में यह फिल्म व्यावसायिक रूप से सफल नहीं रही, लेकिन समय के साथ इसे भारतीय सिनेमा की महान कृतियों में गिना जाने लगा। आज अनेक फिल्म समीक्षक इसे राज कपूर की सबसे परिपक्व और आत्मीय रचना मानते हैं। फिल्म इस बात का प्रमाण है कि राज कपूर केवल व्यावसायिक सफलता के लिए फिल्में नहीं बनाते थे, बल्कि कला और अभिव्यक्ति को भी उतना ही महत्व देते थे।राज कपूर की एक और विशेषता यह थी कि उन्होंने अनेक नए कलाकारों, संगीतकारों और तकनीशियनों को अवसर प्रदान किया। उन्होंने प्रतिभा को पहचानने और उसे आगे बढ़ाने का कार्य किया।

उनकी फिल्मों के संगीत ने भी भारतीय सिनेमा को समृद्ध बनाया। संगीतकारों, गीतकारों और गायकों के साथ उनका समन्वय अद्भुत था। उनकी फिल्मों के गीत आज भी उतने ही लोकप्रिय हैं जितने दशकों पहले थे।

1985 में प्रदर्शित राम तेरी गंगा मैली राज कपूर की अंतिम बड़ी सफल फिल्मों में से एक थी। इस फिल्म में उन्होंने समाज, नैतिकता और मानवीय संवेदनाओं से जुड़े विषयों को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया।यह फिल्म उनकी रचनात्मक क्षमता और निर्देशन कौशल का एक और उत्कृष्ट उदाहरण थी। इससे सिद्ध हुआ कि बदलते समय में भी उनकी कलात्मक दृष्टि उतनी ही प्रभावशाली बनी हुई थी। भारतीय सिनेमा में उनके असाधारण योगदान को देखते हुए उन्हें 1987 में दादासाहेब फाल्के पुरस्कार से सम्मानित किया गया। यह सम्मान उनके दशकों लंबे योगदान की राष्ट्रीय स्वीकृति थी। यह गौरव प्राप्त करने के कुछ ही समय बाद उनका स्वास्थ्य बिगड़ने लगा। किंतु अंतिम समय तक वे सिनेमा और कला के प्रति समर्पित रहे।

2 जून 1988 को राज कपूर ने इस संसार को अलविदा कह दिया। उनके निधन का समाचार पूरे देश के लिए अत्यंत दुखद था। फिल्म उद्योग, कला जगत और करोड़ों प्रशंसकों ने इसे व्यक्तिगत क्षति के रूप में महसूस किया।उनकी अंतिम यात्रा में हजारों लोगों की उपस्थिति इस बात का प्रमाण थी कि वे केवल एक अभिनेता नहीं, बल्कि जनभावनाओं से जुड़े हुए एक महान व्यक्तित्व थे।

आज राज कपूर हमारे बीच नहीं हैं, लेकिन उनकी विरासत जीवित है। उनकी फिल्मों के विषय, पात्र, संगीत और संदेश आज भी दर्शकों को प्रेरित करते हैं। भारतीय सिनेमा के इतिहास में उनका स्थान सदैव सर्वोच्च रहेगा।

उन्होंने यह सिद्ध किया कि सिनेमा केवल मनोरंजन का माध्यम नहीं, बल्कि समाज को दिशा देने और मानवीय मूल्यों को सशक्त बनाने का सशक्त उपकरण भी हो सकता है। उनकी रचनाएँ हमें संवेदनशीलता, मानवता, संघर्ष और आशा का संदेश देती हैं।राज कपूर ने भारतीय सिनेमा को जो पहचान, सम्मान और गौरव प्रदान किया, उसे कभी भुलाया नहीं जा सकता। उनकी पुण्यतिथि पर पूरा देश इस महान कलाकार को श्रद्धापूर्वक नमन करता है।

"राज कपूर केवल एक नाम नहीं, बल्कि भारतीय सिनेमा की आत्मा हैं। जब-जब भारतीय फिल्मों का इतिहास लिखा जाएगा, उनका नाम स्वर्ण अक्षरों में अंकित रहेगा।" विनम्र श्रद्धांजलि।

## सूडोकु नवताल- 7813

✱✱✱✱✱ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 5 | | | 3 | | | |
| | 2 | | | 9 | 5 | | | |
| 9 | | | | | | 6 | | |
| | | | 9 | | | | 3 | 5 |
| | 6 | | | | | | 7 | |
| 4 | 8 | | | | 1 | | 6 | 2 |
| | | 7 | | | | | | 3 |
| | | | 2 | 4 | | | 9 | |
| | | | 8 | | | 2 | | |

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल -7812 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 7 | 6 | 4 | 9 | 5 | 8 | 1 | 3 |
| 5 | 8 | 1 | 7 | 2 | 3 | 9 | 6 | 4 |
| 9 | 3 | 4 | 8 | 1 | 6 | 2 | 5 | 7 |
| 6 | 5 | 9 | 2 | 4 | 8 | 3 | 7 | 1 |
| 8 | 4 | 7 | 9 | 3 | 1 | 6 | 2 | 5 |
| 1 | 2 | 3 | 5 | 6 | 7 | 4 | 9 | 8 |
| 3 | 6 | 5 | 1 | 8 | 2 | 7 | 4 | 9 |
| 7 | 9 | 2 | 3 | 5 | 4 | 1 | 8 | 6 |
| 4 | 1 | 8 | 6 | 7 | 9 | 5 | 3 | 2 |

# सोशल मीडिया ट्रेंड और एल्गोरिदम की भूमिका

**डॉ. प्रियंका सौरभ**

लोकतंत्र की सबसे बड़ी शक्ति जनमत होता है। यह जनमत किसी एक दिन या एक चुनाव के दौरान निर्मित नहीं होता, बल्कि समाज में निरंतर चलने वाले संवाद, बहस, विचार-विमर्श, सामाजिक अनुभवों, राजनीतिक चेतना और नागरिक भागीदारी की लंबी प्रक्रिया से आकार लेता है। लोकतांत्रिक व्यवस्था में नागरिकों का सूचित निर्णय, विभिन्न विचारों का आदान-प्रदान और असहमति के प्रति सम्मान अत्यंत महत्वपूर्ण माना जाता है। लंबे समय तक देश में जनमत के निर्माण का आधार प्रत्यक्ष संवाद, जनसभाएं, सामाजिक संगठन, समाचार-पत्र, पुस्तकें, शिक्षण संस्थान और जन आंदोलन रहे। लेकिन डिजिटल क्रांति के बाद यह परिदृश्य तेजी से बदला है। आज सोशल मीडिया केवल संवाद का माध्यम नहीं रह गया है, बल्कि वह जनमत निर्माण की सबसे प्रभावशाली शक्ति के रूप में उभरा है। ऐसे समय में यह प्रश्न अत्यंत महत्वपूर्ण हो जाता है कि क्या अब जनमत नागरिकों के स्वतंत्र चिंतन से अधिक सोशल मीडिया ट्रेंड और एल्गोरिदम द्वारा निर्धारित होने लगा है?

भारत विश्व का सबसे बड़ा लोकतंत्र है और साथ ही दुनिया के सबसे बड़े डिजिटल उपभोक्ता समूहों में से एक भी। करोड़ों लोग प्रतिदिन फेसबुक, इंस्टाग्राम, एक्स, यू-ट्यूब, व्हाट्स ऐप और अन्य डिजिटल मंचों का उपयोग करते हैं। समाचारों से लेकर राजनीतिक विचारों तक, समाज के बड़े वर्ग की प्राथमिक जानकारी अब इन्हीं प्लेटफॉर्मों से प्राप्त होती है। यह परिवर्तन केवल तकनीकी नहीं, बल्कि सामाजिक और राजनीतिक दृष्टि से भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। पहले जहां नागरिक किसी मुद्दे पर अखबार पढ़कर, बहस सुनकर या स्थानीय स्तर पर चर्चा करके राय बनाते थे, वहीं अब राय निर्माण की प्रक्रिया काफी हद तक डिजिटल मंचों पर निर्भर हो गई है। इस प्रक्रिया में सोशल मीडिया एल्गोरिदम की भूमिका केंद्रीय हो गई है।

एल्गोरिदम ऐसे तकनीकी तंत्र हैं जो यह तय करते हैं कि किसी उपयोगकर्ता को कौन-सी सामग्री दिखाई जाएगी और कौन-सी नहीं। वे उपयोगकर्ता की पसंद, गतिविधियों, खोज इतिहास और ऑनलाइन व्यवहार का विश्लेषण करके सामग्री का चयन करते हैं। तकनीकी दृष्टि से उनका उद्देश्य उपयोगकर्ता को अधिक समय तक प्लेटफॉर्म पर बनाए रखना होता है, क्योंकि डिजिटल कंपनियों का आर्थिक मॉडल इसी पर आधारित है। लेकिन लोकतांत्रिक दृष्टि से यह प्रक्रिया कई गंभीर प्रश्न खड़े करती है। यदि नागरिकों को वही सामग्री दिखाई जाए जो उनकी पूर्व मान्यताओं से मेल खाती हो, तो क्या वे विविध विचारों से परिचित हो पाएंगे? यदि एल्गोरिदम यह तय करने लगें कि कौन सा मुद्दा महत्वपूर्ण है, तो क्या लोकतांत्रिक विमर्श स्वतंत्र रह पाएगा?

आज सोशल मीडिया पर ट्रेंड होना किसी विषय की लोकप्रियता का प्रमुख संकेतक माना जाता है। कोई हैशटैग लाखों बार साझा हो जाए तो वह राष्ट्रीय चर्चा का विषय बन जाता है। कई बार ऐसा प्रतीत होता है कि जो ट्रेंड कर रहा है वही जनभावना का प्रतिनिधित्व कर रहा है। किंतु यह आवश्यक नहीं कि ट्रेंड वास्तव में समाज की व्यापक राय का प्रतिबिंब हो। अनेक बार ट्रेंड संगठित डिजिटल अभियानों, राजनीतिक प्रचार, भुगतान आधारित प्रचार रणनीतियों या बॉट नेटवर्क द्वारा भी निर्मित किए जाते हैं। ऐसे में यह समझना आवश्यक है कि डिजिटल दृश्यता और वास्तविक जनसमर्थन हमेशा समानार्थी नहीं होते।


जमीनी स्तर की राजनीतिक भागीदारी और डिजिटल सक्रियता के बीच का अंतर भी इसी संदर्भ में महत्वपूर्ण है। भारत का लोकतांत्रिक इतिहास प्रत्यक्ष जन सहभागिता के अनेक उदाहरणों से भरा हुआ है। स्वतंत्रता आंदोलन में लोगों ने जेल यात्राएं कीं, सत्याग्रह किए और सामाजिक परिवर्तन के लिए व्यक्तिगत जोखिम उठाए। बाद के दशकों में भी अनेक आंदोलनों ने नागरिकों को प्रत्यक्ष रूप से संगठित किया। इन आंदोलनों में लोगों के बीच संवाद, विश्वास और सामूहिकता का निर्माण होता था। इसके विपरीत डिजिटल सक्रियता अकसर प्रतीकात्मक भागीदारी तक सीमित रह जाती है। किसी पोस्ट को साझा करना, किसी हैशटैग का समर्थन करना या प्रोफाइल फोटो बदलना आसान है, लेकिन यह हमेशा वास्तविक सामाजिक हस्तक्षेप में परिवर्तित नहीं होता। परिणामस्वरूप राजनीतिक भागीदारी का एक नया स्वरूप विकसित हुआ है जिसमें दृश्यता अधिक और प्रत्यक्ष सामाजिक प्रतिबद्धता अपेक्षाकृत कम दिखाई देती है।

सोशल मीडिया एल्गोरिदम का एक महत्वपूर्ण प्रभाव तथाकथित 'इको चैंबर' और 'फिल्टर बबल' के रूप में सामने आता है। जब कोई व्यक्ति किसी विशेष प्रकार की सामग्री देखता या पसंद करता है, तो एल्गोरिदम उसे उसी प्रकार की और सामग्री दिखाने लगते हैं। धीरे-धीरे वह व्यक्ति ऐसे डिजिटल वातावरण में पहुंच जाता है जहां उसे मुख्यतः वही विचार दिखाई देते हैं जिनसे वह पहले से सहमत होता है। इससे वैचारिक विविधता कम हो जाती है और विरोधी विचारों के प्रति असहिष्णुता बढ़ने लगती है। लोकतंत्र की सफलता इस बात पर निर्भर करती है कि नागरिक विभिन्न दृष्टिकोणों को सुनने और समझने के लिए तैयार हों। लेकिन यदि एल्गोरिदम नागरिकों को वैचारिक रूप से अलग-अलग खेमों में बांट दें, तो लोकतांत्रिक संवाद की गुणवत्ता प्रभावित होना स्वाभाविक है।

भारत में राजनीतिक ध्रुवीकरण की बढ़ती प्रवृत्ति को भी इसी संदर्भ में देखा जा सकता है। सोशल मीडिया पर विभिन्न राजनीतिक समूह अपने-अपने डिजिटल समुदायों में सक्रिय रहते हैं।

## दैनिक पंचांग

**2 जून को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**




| ग्रह | स्थिति |
|---|---|
| सूर्य | वृष में |
| चंद्र | धनु में |
| मंगल | मेष में |
| बुध | मिथुन में |
| गुरु | मिथुन में |
| शुक्र | मिथुन में |
| शनि | मीन में |
| राहु | कुंभ में |
| केतु | सिंह में |

**राहुकाल** 3.00 से 4.30 बजे तक

| लग्नारंभ समय | |
|---|---|
| मिथुन | 06.10 बजे से |
| कर्क | 08.24 बजे से |
| सिंह | 10.40 बजे से |
| कन्या | 12.52 बजे से |
| तुला | 15.03 बजे से |
| वृश्चिक | 17.17 ब.से |
| धनु | 19.33 बजे से |
| मकर | 21.38 बजे से |
| कुंभ | 23.25 बजे से |
| मीन | 00.58 बजे से |
| मेष | 02.28 बजे से |
| वृष | 04.08 बजे से |

**मंगलवार** 2026 वर्ष का 153 वा दिन
**दिशाशूल** उत्तर **ऋतु** ग्रीष्म।
**विक्रम संवत्** 2083
**शक संवत्** 1948
**मास** ज्येष्ठ **पक्ष** कृष्ण
**तिथि** द्वितीया 19.02 बजे को समाप्त।
**नक्षत्र** मूल 22.07 बजे को समाप्त।
**योग** साध्य 07.16 बजे को समाप्त।
**करण** तैतिल 05.50 बजे तदनन्तर गर 19.02 बजे को समाप्त।
**चन्द्रायु** 16.2 घण्टे
**रवि क्रान्ति** उत्तर 22° 10'
**सूर्य** उत्तरायन
**कलि अहर्गण** 1872728
**जूलियन दिन** 2461193.5
**कलियुग संवत्** 5128
**कल्पारंभ संवत्** 1972949128
**सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885128
**वीरनिर्वाण संवत्** 2552
**हिजरी सन्** 1447
**महीना** जिल्हेज
**तारीख** 16

| दिन का चौघड़िया | | | रात का चौघड़िया | | |
|---|---|---|---|---|---|
| रोग | 05.53 से | 07.22 बजे तक | काल | 05.42 से | 07.13 बजे तक |
| उद्वेग | 07.22 से | 08.15 बजे तक | लाभ | 07.13 से | 08.45 बजे तक |
| चर | 08.15 से | 10.19 बजे तक | उद्वेग | 08.45 से | 10.16 बजे तक |
| लाभ | 10.19 से | 11.48 बजे तक | शुभ | 10.16 से | 11.48 बजे तक |
| अमृत | 11.48 से | 01.16 बजे तक | अमृत | 11.48 से | 01.19 बजे तक |
| काल | 01.16 से | 02.45 बजे तक | चर | 01.19 से | 02.51 बजे तक |
| शुभ | 02.45 से | 04.13 बजे तक | रोग | 02.51 से | 04.22 बजे तक |
| रोग | 04.13 से | 05.42 बजे तक | काल | 04.22 से | 05.54 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अतः आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। Jagrutidaur.com, Bangalore

## एक नजर

### डायरिया पीड़ित 13 से अधिक मरीज अस्पताल में भर्ती

**साहिबगंज:** जिले के राजमहल प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न जगहों में डायरिया का प्रकोप जारी। मिली जानकारी के अनुसार प्रखंड क्षेत्र के फुलवरिया, रजवाड़ा, कोयला बाजार, आदि जगहों से उल्टी दस्त से पीड़ित लगभग 13 डाइरिया के मरीज को भर्ती किया गया है। पुरुष एवं महिला कक्ष में भर्ती मरीजों को डॉक्टर भी देख रेख में सभी का इलाज किया जा रहा है। ड्यूटी में मौजूद डॉक्टर सादिक अंसारी ने बताया कि पिछले कई दिनों से ओपीडी में लगातार उल्टी, दस्त के मरीजों की संख्या काफी देखी जा रही है। अधिकांश मरीजों को दबा देकर भर भेजा जा रहा है लेकिन जो गंभीर रूप से पीड़ित है उसे भर्ती कर इलाज किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि बदलते मौसम के कारण डायरिया के मरीजों की संख्या में वृद्धि हुई है। अस्पताल में सभी दवा उपलब्ध है और मरीज का इलाज किया जा रहा है। सुबह 9:00 से ही ओपीडी में मरीजों की संख्या काफी देखी जा रही है।

### विश्व पर्यावरण दिवस सप्ताह में रक्तदान शिविर 50 यूनिट रक्त संग्रहित

**साहिबगंज:** विश्व पर्यावरण दिवस सप्ताह (01 से 05 जून 2026) के अवसर पर आयोजित कार्यक्रमों की श्रृंखला के तहत साहिबगंज वन प्रमंडल द्वारा वन कार्यालय परिसर में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। पर्यावरण संरक्षण, जनस्वास्थ्य एवं सामाजिक उत्तरदायित्व के साझा संदेश को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से आयोजित इस शिविर में वन विभाग के अधिकारियों, कर्मियों, समाजसेवियों एवं स्थानीय नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। शिविर के दौरान कुल 50 यूनिट रक्त संग्रहित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ साहिबगंज वन प्रमंडल पदाधिकारी प्रबल गर्ग द्वारा स्वयं रक्तदान कर किया गया। इसके उपरांत वन विभाग के अधिकारियों एवं कर्मियों के साथ-साथ विभिन्न सामाजिक संगठनों से जुड़े समाजसेवियों ने भी रक्तदान कर इस जनहितकारी अभियान में अपनी सक्रिय सहभागिता निभाई। रक्तदाताओं में सेवा, सहयोग एवं सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना स्पष्ट रूप से परिलक्षित हुई। इस अवसर पर प्रबल गर्ग ने कहा कि विश्व पर्यावरण दिवस केवल प्रकृति संरक्षण का अवसर नहीं है, बल्कि जीवन के संरक्षण और समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारियों को निभाने का भी संदेश देता है।

### जनरल स्टोर के बाहर हुई फायरिंग

**पूर्वी सिंहभूम :** जुगसलाई थाना क्षेत्र के मिल्लत नगर में रविवार की रात रंगदारी और उधारी के विवाद में फायरिंग करने का मामला प्रकाश में आया है। स्थानीय लोगों के अनुसार हबीब नगर स्थित एक जनरल स्टोर पर रविवार रात मोहल्ले के बच्चा राज और पलटन नामक दो युवक पहुंचे। प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि दोनों युवकों ने दुकानदार से लगभग पांच हजार रुपये की उधारी राशि के साथ-साथ रंगदारी की मांग की। दुकानदार की ओर से पैसे देने से इनकार किए जाने पर दोनों पक्षों के बीच तीखी बहस शुरू हो गई। बताया जाता है कि विवाद बढ़ता देख दुकानदार ने अपनी सुरक्षा के मद्देनजर दुकान का शटर बंद कर लिया। इससे नाराज दोनों युवकों ने कथित तौर पर दुकान के शटर पर लात मारकर तोड़फोड़ शुरू कर दी। इसी दौरान उन्होंने इलाके में भय का माहौल बनाने के उद्देश्य से दो राउंड हवाई फायरिंग कर दी। गोली चलने की आवाज सुनते ही आसपास के लोग सहम गए और अफरा-तफरी की स्थिति उत्पन्न हो गई। पहली गोली दुकान के सामने सड़क किनारे बंपर के पास चली, जबकि दूसरी गोली कुछ दूरी पर दागी गई। घटना के बाद आरोपित मौके से फरार हो गए। गोलीबारी की सूचना मिलते ही जुगसलाई थाना पुलिस तत्काल घटनास्थल पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी।

# साहिबगंज के पहाड़ी गांवों में आज भी 'कांधे पर अस्पताल', सड़क-एम्बुलेंस नहीं, चारपाई पर जिंदगी

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**साहिबगंज :** चमचमाते हाईवे और स्मार्ट सिटी के दावों से कोसों दूर साहिबगंज जिले का पहाड़ी इलाका आज भी मानो 19वीं सदी में जी रहा है। यहां न सड़क है और न ही एम्बुलेंस पहुंच पाती है। बीमार या घायल होने पर इलाज का मतलब है–चारपाई पर घंटों का सफर तय करना। हाल ही में एक तस्वीर सामने आई, जिसने सिस्टम को आईना दिखा दिया। पहाड़ी रास्ते पर एक घायल महिला को गांव के लोग बांस और चादर से बनी अस्थायी स्ट्रेचर पर लादकर ले जाते नजर आए। पथरीले और ऊबड़-खाबड़ रास्तों पर हर कदम पर फिसलने का खतरा बना हुआ था। वजह सिर्फ इतनी थी कि गांव तक न सड़क जाती है और न ही 108 एम्बुलेंस पहुंच सकती है। मरीज को अस्पताल तक पहुंचाने के लिए ग्रामीणों के कंधे ही 'एम्बुलेंस' हैं और उनका हौसला ही 'इलाज'। साहिबगंज के बोरियो, बरहेट और पतना प्रखंड के दर्जनों पहाड़ी गांव आज भी इसी मजबूरी के साथ जी रहे हैं। गर्भवती महिलाओं को घंटों पहले चारपाई पर लादकर मुख्य सड़क तक लाना पड़ता है। सांप काटने की घटनाओं में इलाज मिलने से पहले ही जहर पूरे शरीर में फैल जाता है। किसी हादसे या गंभीर बीमारी की स्थिति में 'गोल्डन ऑवर' निकल जाता है, जिससे कई मरीज रास्ते में ही दम तोड़ देते हैं। यह तस्वीर गांव वालों के जज्बे, हौसले और इंसानियत की मिसाल है। मुसीबत में एक-दूसरे का साथ देने की परंपरा यहां आज भी जिंदा है। लेकिन सवाल यह है कि आजादी के 78 साल बाद और जिला बनने के 42 वर्ष बाद भी एक बीमार व्यक्ति को अस्पताल पहुंचाने के लिए कंधों का सहारा क्यों लेना पड़ता है? हर नागरिक को समय पर इलाज, सुरक्षित सफर और आपातकालीन स्वास्थ्य सेवा मिलना उसका संवैधानिक अधिकार है, कोई एहसान नहीं। नाम न छापने की शर्त पर एक ग्रामीण ने कहा, ₹वोट के समय नेता हेलीकॉप्टर से पहुंच जाते हैं, लेकिन हमारा मरीज चारपाई पर दम तोड़ देता है। हमें सिर्फ सड़क और एम्बुलेंस चाहिए, और कुछ नहीं। अब सवाल यह भी उठता है कि प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना और मनरेगा जैसी योजनाओं का लाभ इन पहाड़ी गांवों तक क्यों नहीं पहुंच पाया? 108 एम्बुलेंस सेवा जिले के अंतिम गांव तक क्यों नहीं पहुंचती? स्वास्थ्य विभाग की 'गोल्डन कार्ड' और 'हाट बाजार क्लिनिक' जैसी योजनाएं जमीन पर हैं या सिर्फ फाइलों तक सीमित हैं? ये पहाड़ के लोग हर दिन हिम्मत और उम्मीद के साथ संघर्ष कर रहे हैं। वे न रोते हैं, न भीख मांगते हैं। उनकी सिर्फ एक मांग है कि बीमारी के समय चारपाई एम्बुलेंस न बने और अस्पताल तक पहुंचने से पहले किसी की जिंदगी न छिन जाए। विकास तब तक अधूरा है, जब तक आखिरी गांव का आखिरी व्यक्ति सम्मान के साथ अस्पताल तक न पहुंच सके।

### आलमगीर आलम के आवास पर कांग्रेस की अहम बैठक, बीएलए-2 कार्यकर्ताओं को दिए गए दिशा-निर्देश

# कार्यकर्ता पार्टी की रीढ़, पूरी निष्ठा से करें काम : आलमगीर



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**साहिबगंज :** पूर्व ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम के बरहरवा प्रखंड स्थित इस्लामपुर आवास प्रांगण में कांग्रेस पार्टी की एक अत्यंत महत्वपूर्ण संगठनात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता बरहरवा प्रखंड अध्यक्ष रंजीत टुडू ने की। इस बैठक में मुख्य रूप से प्रखंड क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले सभी मंडलों व पंचायतों के अध्यक्षों, पार्टी कार्यकताओं और नव-नियुक्त बीएलए-2 (बूथ लेवल एजेंट) ने हिस्सा लिया। बैठक का मुख्य उद्देश्य क्षेत्र में चल रहे एसआईआर (सिस्टमैटिक इन्वॉल्वमेंट एंड रजिस्ट्रेशन) मैपिंग और अनपेजिंग प्रक्रिया को लेकर बीएलए-2 कार्यकताओं को प्रशिक्षित करना तथा विशेष दिशा-निर्देश देना था। बैठक को संबोधित करते हुए पूर्व ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम ने कहा कि प्रत्येक पंचायत में बनाए गए बीएलए-2 का एकमात्र लक्ष्य और उद्देश्य यह होना चाहिए कि क्षेत्र के किसी भी योग्य व्यक्ति का नाम एसआईआर सूची से न छूटे। उन्होंने कहा, आज भी कई ऐसे परिवार हैं जिनकी मैपिंग नहीं हो पाई है या जिन्हें अपना नाम खोजने में परेशानी आ रही है। बीएलए-2 कार्यकर्ता बूथ स्तर पर बीएलओ (बूथ लेवल ऑफिसर) के साथ समन्वय स्थापित कर यह सुनिश्चित करें कि हर सही व्यक्ति का नाम सूची में दर्ज हो। बीएलए खुद को सिर्फ एक कार्यकर्ता न समझें, वे पार्टी की रीढ़ हैं और उन्हें पूरी निष्ठा से इस जिम्मेदारी को निभाना है। बैठक में उपस्थित मास्टर बीएलए ट्रेनर हीरालाल साहा ने कार्यकर्ताओं को तकनीकी जानकारी देते हुए बताया कि एसआईआर मैपिंग और अनपेजिंग की प्रक्रिया में किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा,सभी बीएलए-2 अपने-अपने क्षेत्रों में जाकर डेटा का बारीकी से मिलान करें। अनपेजिंग और मैपिंग के दौरान आने वाली तकनीकी समस्याओं को दूर करने के लिए ट्रेनर्स हमेशा उपलब्ध हैं। हमारा प्रयास होना चाहिए कि शत-प्रतिशत त्रुटिहीन काम हो। जिला अध्यक्ष सह विधायक प्रतिनिधि बरकत खान ने कार्यकताओं का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी हमेशा से आम जनता के अधिकारों की लड़ाई लड़ती आई है। एसआईआर मैपिंग आम जनता से जुड़ा एक गंभीर विषय है। इसलिए सभी कार्यकर्ता और पंचायत अध्यक्ष चुनावी मोड में आकर धरातल पर काम करें और यह सुनिश्चित करें कि कोई भी जरूरतमंद इस प्रक्रिया से वंचित न रह जाए। बैठक की अध्यक्षता कर रहे प्रखंड अध्यक्ष रंजीत टुडू ने धन्यवाद ज्ञापन करते हुए कहा कि पूर्व मंत्री आलमगीर आलम के कुशल मार्गदर्शन में बरहरवा प्रखंड के सभी पंचायतों और मंडलों में इस अभियान को युद्ध स्तर पर चलाया जाएगा।

### बालू उठाव पर 10 जून से लगेगी रोक

**साहिबगंज:** पर्यावरण मंजूरी यानी ईसी नहीं मिलने से पिछले साल जिले में 24 घाटों का डाक होने के बावजूद अबतक बालू उत्खनन शुरू नहीं हो सका है। वर्तमान में जिले के तीन अंचलों में कैटेगरी ए के तहत आने वाले सिर्फ पांच बालू घाटों का संचालन ग्राम सभा के माध्यम से हो रहा है। हालांकि एनजीटी के गाइड लाइन पर आगामी 10 जून से 15 अक्टूबर तक इन घाटों से बालू उठाव पर रोक लग जाएगी। उसके बाद जिले में बालू संकट गहरा सकता है। जानकारी के मुताबिक साहिबगंज जिला में बालू भंडारण के लिए एक भी स्टॉक यार्ड नहीं है। पाकुड़, गोड्डा व दुमका में स्टॉक यार्ड रहने से यहां के लोगों को वहां से बालू लाकर काम चलाना पड़ेगा। इससे बालू की कीमत आसमान छूने लगेगी। वर्तमान में बालू 6000 से लेकर 7000 रुपये 100 सीएफटी बिक रहा है। बालू उठाव बंद हो जाने से उसकी कीमत सीधे 10 हजार रुपये प्रति 100 सीएफटी तक पहुंच जाएगा। इससे बालू के अवैध धंधे से जुड़े लोगों की बल्ले हो जाएगी।

# राजमहल विधायक ने 2.34 करोड़ की लागत से 11 योजनाओं का किया शिलान्यास



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**साहिबगंज :** राजमहल विधायक मो ताजउद्दीन उर्फ एमटी राजा ने राजमहल विधानसभा क्षेत्र के राजमहल एवं उधवा प्रखंड क्षेत्र में 2.34 करोड़ की लागत से विशेष प्रमंडल विभाग के 11 योजनाओं का शिलान्यास किया। विधायक ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में विकास की गति देने का कार्य किया जा रहा है वैसे क्षेत्र जहां विगत 3 दशकों से सड़क नहीं थी वहां भी सड़क का निर्माण कराया जा रहा है। ग्रामीण क्षेत्रों में सड़क एवं पेयजल की आवश्यकता को पुर्ण करने के साथ साथ विवाह भवन का भी निर्माण कराया जा रहा है। विधायक ने राजमहल प्रखंड के लखीपुर बनगांव में मोइनुल इस्लाम मदरसा में तीन रूम का निर्माण कार्य, गुनिहारी पंचायत अंतर्गत नागेश्वर बाग में लखीराम मुर्मू के घर के पास डीप बोरिंग सहित जलमीनार का निर्माण, प्राणपुर में नवाब पोखर व तौफिक आलम तालाब में सीढ़ी घाट का निर्माण कार्य, नागेश्वर बाग में सार्वजनिक विभाग भवन का निर्माण कार्य, उधवा प्रखंड क्षेत्र के श्रीधर में नारायण मंदिर के बगल में पोखर का सौंदर्यीकरण एवं गार्डवाल का निर्माण कार्य, जोका में काली स्थान चौक से कुदरत का खेत तक पीसीसी सड़क नाला एवं पुलिया का निर्माण कार्य, जोका में गेंदा के घर से इमाम शेख के घर तक नाला सहित पीसीसी सड़क निर्माण कार्य व जोका में कार्तिक स्थान से काली स्थान होते हुए कब्रिस्तान तक पीसीसी सड़क निर्माण कार्य का शिलान्यास किया है। मौके पर विशेष प्रमंडल के कार्यपालक अभियंता रमाकांत, विधायक प्रतिनिधि मो मारूफ उर्फ गुड्डू, राजमहल झामुमो प्रखंड अध्यक्ष अनिसुर रहमान, उधवा प्रखंड अध्यक्ष अयूब अली, काजू मल्लिक, अली कमिशन, विकास यादव, अजय दास, मोहम्मद इब्राहिम, मो यासीन, मोमंजूर, मो जियाउल, मो नईम, हारून रशीद, तमल मंडल, गणेश कीर्तनीयां सहित अन्य मौजूद थे।

# सोना चमकाने का झांसा देकर ठगी करने वाले दो शातिर गिरफ्तार

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**महेशपुर :** पाकुड़ जिले के महेशपुर थाना पुलिस ने सोना-चांदी साफ करने के नाम पर लोगों को ठगने वाले दो शातिर अपराधियों को गिरफ्तार कर बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने आरोपियों के पास से ठगी गई सोने की नथ, चांदी की अंगूठी, मोटरसाइकिल, मोबाइल फोन तथा ठगी में इस्तेमाल किए जाने वाले रसायन और अन्य सामान बरामद किए हैं। जानकारी के अनुसार 31 मई को महेशपुर थाना क्षेत्र के लखीपुर गांव में दो संदिग्ध युवकों के घूम-घूमकर सोना-चांदी साफ करने की सूचना पुलिस को मिली थी। सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस निरीक्षक के नेतृत्व में छापेमारी दल का गठन किया गया। जांच के दौरान पता चला कि पश्चिम पाड़ा, लखीपुर निवासी संजेनारा बीबी को दोनों युवकों ने सोना-चांदी चमकाने का झांसा देकर उनकी सोने की नथ और चांदी की अंगूठी ठग ली थी। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए बिहार के भागलपुर निवासी सुभाष कुमार (25) तथा खगड़िया निवासी सुमित कुमार गुप्ता (32) को गिरफ्तार कर लिया। तलाशी के दौरान उनके पास से ठगी गई नथ और अंगूठी बरामद कर ली गई। पूछताछ में यह भी खुलासा हुआ कि दोनों आरोपी इससे पहले भी महेशपुर थाना क्षेत्र के डांगापाड़ा गांव में इसी तरह की ठगी की घटना को अंजाम दे चुके हैं, जिसके संबंध में महेशपुर थाना कांड संख्या 50/2026 दर्ज है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से मोटरसाइकिल, मोबाइल फोन, सफाई के नाम पर इस्तेमाल किए जाने वाले केमिकल, पाउडर, ब्रश तथा अन्य सामग्री जब्त की है।

# विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर स्वास्थ्य कर्मियों ने ली तंबाकू मुक्त समाज निर्माण की शपथ

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**पाकुड़ :** ज़िले में विश्व तंबाकू निषेध दिवस के अवसर पर शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, पाकुड़ में तंबाकू एवं धूम्रपान के दुष्प्रभावों के प्रति जन-जागरूकता फैलाने हेतु शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से सिविल सर्जन डॉ सुरेंद्र कुमार मिश्रा, जिला आरसीएच पदाधिकारी डॉ. एस. के. झा, जिला शहरी स्वास्थ्य प्रबंधक विनोद कुमार वर्मा, मेडिकल ऑफिसर डॉ. मिमी खातून सहित एएनएम, जीएनएम एवं सहिया कार्यकताओं ने भाग लिया। इस अवसर पर उपस्थित सभी स्वास्थ्य कर्मियों ने तंबाकू सेवन छोड़ने, समाज को तंबाकू एवं धूम्रपान की लत से बचाने, कैंसर जैसी गंभीर बीमारियों के प्रति लोगों को जागरूक करने तथा तंबाकू जनित रोगों से ग्रसित व्यक्तियों को समय पर स्वास्थ्य संस्थानों तक पहुंचाकर उपचार सुनिश्चित कराने की शपथ ली। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सिविल सर्जन डॉ. सुरेंद्र कुमार मिश्रा ने कहा कि जीवन अनमोल है और इसकी सुरक्षा प्रत्येक व्यक्ति की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मन का निवास होता है, जबकि तंबाकू, सिगरेट और अन्य नशीले पदार्थ धीरे-धीरे व्यक्ति को गंभीर बीमारियों की ओर धकेल देते हैं। आज तंबाकू सेवन और धूम्रपान युवाओं के बीच एक फैशन के रूप में तेजी से फैल रहा है, जो उनके भविष्य के लिए गंभीर खतरा बनता जा रहा है। उन्होंने कहा कि तंबाकू सेवन के कारण होने वाले कैंसर का उपचार अत्यंत कठिन और महंगा होता है। कई बार आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के लिए इलाज कराना संभव नहीं हो पाता, जिससे पूरा परिवार प्रभावित होता है। इसलिए समाज को कैंसर पीड़ितों के अनुभवों से सीख लेते हुए तंबाकू एवं धूम्रपान से दूरी बनानी चाहिए। जिला आरसीएच पदाधिकारी डॉ. एस. के. झा ने कहा कि वर्तमान समय में सिगरेट, बीड़ी, तंबाकू एवं अन्य नशीले पदार्थों का प्रचलन लगातार बढ़ रहा है। बाजारों में इनकी आसान उपलब्धता लोगों को नशे की ओर आकर्षित कर रही है। उन्होंने बताया कि तंबाकू सेवन के कारण ओरल कैंसर के मामलों में लगातार वृद्धि हो रही है, जिससे व्यक्ति का चेहरा एवं मुख गंभीर रूप से प्रभावित होता है। उन्होंने अभिभावकों से अपील करते हुए कहा कि वे अपने बच्चों एवं युवाओं को नशाखोरी, धूम्रपान एवं तंबाकू सेवन से दूर रखने के लिए विशेष प्रयास करें।

## संक्षिप्त खबरें

### सुन्दरपुर में जनगणना कार्य का बीडीओ ने किया निरीक्षण, दिए आवश्यक निर्देश



**हिरणपुर :** पाकुड़ जिले के हिरणपुर प्रखंड अंतर्गत सुन्दरपुर पंचायत में चल रहे जनगणना कार्य का निरीक्षण प्रखंड विकास पदाधिकारी (बीडीओ) दिलीप टुडू ने किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने जनगणना कर्मियों से कार्य की प्रगति की जानकारी ली तथा निर्धारित समय सीमा के भीतर कार्य को पूरी पारदर्शिता एवं शुद्धता के साथ संपन्न करने का निर्देश दिया। बीडीओ ने कहा कि जनगणना एक महत्वपूर्ण राष्ट्रीय कार्य है, इसलिए इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। उन्होंने कर्मियों को घर-घर जाकर सही एवं तथ्यात्मक जानकारी संग्रहित करने तथा सरकार द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का पालन सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने आम लोगों से भी अपील की कि वे जनगणना कर्मियों को सही जानकारी उपलब्ध कराकर इस महत्वपूर्ण कार्य में सहयोग करें। निरीक्षण के दौरान संबंधित कर्मचारी एवं स्थानीय जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

### 'स्वच्छ गांव सुरक्षित जलवायु' अभियान को लेकर जिला स्तरीय जूम बैठक आयोजित

**पाकुड़ :** ज़िले में पंचायती राज विभाग एवं पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के संयुक्त तत्वावधान में 01 जून से 05 जून 2026 तक आयोजित होने वाले ₹स्वच्छ गांव सुरक्षित जलवायु₹ अभियान के सफल संचालन एवं प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर सोमवार को जिला स्तरीय जूम बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता उप विकास आयुक्त-सह-स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के नोडल पदाधिकारी अरविंद कुमार लाल ने की। बैठक को संबोधित करते हुए उप विकास आयुक्त अरविन्द कुमार लाल ने कहा कि ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियमों एवं माननीय सर्वोच्च न्यायालय के निदेर्शों के आलोक में ग्रामीण स्थानीय निकायों की भूमिका और जिम्मेदारियों की जानकारी प्रत्येक ग्राम पंचायत तक पहुंचाना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि जिले को स्वच्छ एवं पर्यावरणीय रूप से सुरक्षित बनाने के लिए विभिन्न स्तरों पर निरंतर कार्य किए जा रहे हैं तथा जनसहभागिता एवं सभी संबंधित विभागों के सहयोग से इस अभियान को सफल बनाया जाएगा। उन्होंने अभियान के प्रमुख बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा करते हुए बताया कि प्रत्येक परिवार स्तर पर कचरे का अनिवार्य रूप से चार श्रेणियों में पृथक्करण, घर-घर कचरा संग्रहण व्यवस्था को सुदृढ़ करना, कचरा डंप स्थलों का सूचीकरण, बल्क वेस्ट जेनरेटर की पहचान तथा उनके पंजीकरण एवं प्रमाणीकरण सहित अन्य आवश्यक गतिविधियों को अभियान के दौरान प्राथमिकता दी जाएगी। बैठक में जिला पंचायती राज पदाधिकारी प्रीतिलता मुर्मू ने विश्व पर्यावरण दिवस के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि स्वच्छता एवं पर्यावरण संरक्षण एक-दूसरे के पूरक हैं। सभी विभागों, जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीण समुदाय के समन्वित प्रयासों से जिले को स्वच्छ, हरित एवं पर्यावरण अनुकूल बनाया जा सकता है। अभियान के अंतर्गत निर्धारित गतिविधियों की जानकारी देते हुए बताया गया कि— 02 जून 2026: स्थल भ्रमण, सत्यापन एवं ग्राम पंचायत स्तर पर मूल्यांकन। 03 जून 2026: ग्रामीणों के साथ परामर्श बैठक एवं बल्क वेस्ट जेनरेटर की पहचान। 04 जून 2026: स्वच्छता श्रमदान एवं हरित ग्राम अभियान का आयोजन। 05 जून 2026: विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर विशेष ग्राम सभा एवं जनजागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन। बैठक में कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, पाकुड़ अनन्त प्रसाद सिंह एवं जिला समन्वयक सुमन कुमार मिश्रा ने स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के अंतर्गत ठोस अपशिष्ट प्रबंधन के क्षेत्र में अब तक किए गए कार्यों की जानकारी दी तथा आगामी कार्ययोजना पर विस्तृत चर्चा की। बैठक में सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारी, जिला एवं प्रखंड समन्वयक, कनीय अभियंता, पंचायत सचिव, मुखिया सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी एवं उपस्थित रहे।

### भोगनाडीह गांव में जमीन विवाद मामले में दो पक्षों में हुई जमकर मारपीट, 16 घायल



**साहिबगंज:** जिले के बरहेट थाना क्षेत्र के भोगनाडीह गांव में जमीन विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच जमकर मारपीट हुई। जिसमे लगभग 16 लोग घायल हो गया। दो पक्षों में एक पक्ष भोगनाडीह तो वही दूसरा पक्ष फूलभंगा का बताया जा रहा है। जानकारी के अनुसार फूलभंगा गांव के सुलेमान अंसारी और शरीयतुल्लाह के दखल जमीन भोगनाडीह में है। जिस पर भोगनाडीह निवासी कमरुद्दिन अंसारी और सबरअली अंसारी सहित अन्य ने उस जमीन पर जबर्दस्ती घर बना रहा था। इस जमीन का मामला कोर्ट में भी लंबित है। इसके अलावा स्थानीय स्तर से कई बार पंचायती भी हुई है। वही आज फूलभंगा पक्ष के लोग पुलिस के साथ रोक थाम हेतु भोगनाडीह गया हुआ था। बात विवाद चल ही रहा था। इस दौरान पुलिस की वाहन थोड़ी देर के लिए हटी और दोनों पक्ष आपस में भीड़ गए। मामला खूनी खेल बदल गया और धारदार हथियारों के साथ दोनों पक्ष में जमकर मारपीट हुआ। जिसमें फूलभंगा का निवासी नूर मो अंसारी (50), जलालुद्दीन अंसारी (30), अब्दुल्लाह अंसारी (35), खलील अंसारी (45), बिलकिस बीवी (45), शरीफन बीबी (28), भोगनाडीह निवासी आस मो अंसारी (36), अख्तर अंसारी(30), नूर इस्लाम अंसारी (35), फारूक अंसारी (25), नूर निशा बीबी, जुमरातन बीवी (41), जियाउल अंसारी (28), रुखसाना खातून (20), मैनुर बीवी (50), शमीम अंसारी (18), शाहजहान बीवी (60) गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी चंदन कुमार, इंस्पेक्टर नूनू देव राय पुलिस बल के घटना स्थल पहुंचे। वहीँ पुलिस द्वारा सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बरहेट पहुंचाया। चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार के पश्चात उक्त घायलों में से फूलभंगा गांव निवासी नूर मो अंसारी, खलील अंसारी, भोगनाडी निवासी, आस मो अंसारी, अख्तर अंसारी, नूर इस्लाम अंसारी, रुखसाना खातून को बेहतर उपचार के लिए हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। मामले को लेकर पुलिस छानबीन में जुटी हुई है।

### जिले के 543 गांव में मलेरिया का खतरा अधिक, अभियान चलेगा

**साहिबगंज:** जिले के 543 गांवों में मलेरिया फैलने का खतरा सबसे अधिक है। इन गांवों को फोकस पर स्वास्थ्य विभाग विशेष अभियान चलाया जाएगा। दरअसल, बरसात के मौसम शुरू होने के साथ ही मच्छरों का प्रकोप बढ़ जाता है। इससे मलेरिया फैलने की संभावना बढ़ जाती है। स्वास्थ्य विभाग शहरी व ग्रामीण क्षेत्र खासकर पिछले तीन साल में जिन प्रखंड में मलेरिया के सबसे अधिक मरीज पाए गए हैं उन गांवों पर फोकस किया जाएगा। रिपोर्ट के मुताबिक वैसे तो पूरे जिले के हर प्रखंड में मलेरिया के मरीज पाए गए हं। लेकिन बरहेट, मंडरो व बोरियो प्रखंड में सबसे अधिक मलेरिया का खतरा है। रिपोर्ट के मुताबिक करीब 543 गांव ऐसे है जहां मलेरिया का खतरा सबसे अधिक है। इन गांव में खासकर फोकस किया जाएगा। मलेरिया से बचाव व नियंत्रण के लिए स्वास्थ्य विभाग की ओर से चिह्नित गांव में ग्राम गोष्ठी व रात्रि चौपाल का आयोजन किया जाएगा। इनमें ग्राम प्रधान, मुखिया, सहिया, जल सहिया, आंगनबाड़ी सेविका सहायिका, पंचायत प्रतिनिधियों व एसएचजी, पोषण सखी, कृषक मित्र व मत्स्य मित्र को शामिल किया जाएगा।

# मणिपाल टाटा मेडिकल कॉलेज के प्रथम दीक्षांत समारोह में राज्यपाल ने दी मानव सेवा की सीख

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**पूर्वी सिंहभूम :** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने सोमवार को मणिपाल टाटा मेडिकल कॉलेज, जमशेदपुर के प्रथम ग्रेजुएशन सेरेमनी को संबोधित करते हुए कहा कि चिकित्सा केवल एक पेशा नहीं, बल्कि मानव सेवा का सर्वोच्च माध्यम है। एक चिकित्सक के हाथों में केवल उपचार की क्षमता नहीं होती, बल्कि रोगी को आशा, विश्वास और जीवन देने की शक्ति भी होती है। उन्होंने कहा कि एक डॉक्टर में ज्ञान के साथ करुणा, धैर्य एवं मानवीय संवेदनाओं का होना भी उतना ही आवश्यक है।

राज्यपाल महोदय ने उपाधि प्राप्त करने वाले सभी विद्यार्थियों को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह अवसर उनके वर्षों के परिश्रम, अनुशासन, समर्पण एवं सेवा-भाव का उत्सव है। उन्होंने कहा कि किसी भी चिकित्सा संस्थान का प्रथम ग्रेजुएशन समारोह विशेष महत्व रखता है, क्योंकि यह केवल एक बैच की उपलब्धि नहीं, बल्कि संस्थान की गुणवत्ता, विश्वसनीयता एवं भविष्य की दिशा का प्रतीक होता है। उन्होंने कहा कि संस्थान की प्रथम बैच की जिम्मेदारी सबसे अधिक होती है, क्योंकि इन्हीं विद्यार्थियों से संस्थान की पहचान और प्रतिष्ठा निर्मित होती है। राज्यपाल ने कहा कि टाटा स्टील तथा मणिपाल एकेडमी ऑफ हायर एजुकेशन का यह संयुक्त प्रयास चिकित्सा शिक्षा एवं स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में उत्कृष्ट समन्वय का प्रेरणादायी उदाहरण है। उन्होंने कहा कि जमशेदपुर केवल उद्योग नगरी ही नहीं, बल्कि शिक्षा, स्वास्थ्य, सामाजिक उत्तरदायित्व और मानवीय मूल्यों की सुदृढ़ कार्य-संस्कृति के लिए भी जाना जाता है। टाटा समूह ने राष्ट्र निर्माण के साथ-साथ शिक्षा एवं स्वास्थ्य के क्षेत्र में भी महत्वपूर्ण योगदान दिया है।

राज्यपाल महोदय ने कहा कि झारखण्ड जैसे राज्य में, जहाँ बड़ी आबादी ग्रामीण एवं जनजातीय क्षेत्रों में निवास करती है, गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा शिक्षा एवं स्वास्थ्य सेवाओं का विस्तार अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि हमारे शास्त्रों में चिकित्सक को भगवान के समान माना गया है। चिकित्सा सेवा केवल एक प्रोफेशन नहीं, बल्कि मानवता की सेवा का संकल्प है। एक अच्छा डॉक्टर केवल शरीर का उपचार नहीं करता, बल्कि पीड़ित व्यक्ति के मन में भी विश्वास और आशा का संचार करता है। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में कृत्रिम बुद्धिमत्ता ,रोबोटिक्स तथा डिजिटल हेल्थकेयर जैसी तकनीकें चिकित्सा क्षेत्र को नई दिशा दे रही हैं। ऐसे समय में चिकित्सा संस्थानों की जिम्मेदारी और बढ़ जाती है कि वे विद्यार्थियों को आधुनिक ज्ञान, अनुसंधान क्षमता एवं नवाचार की दृष्टि से सशक्त बनाएं। राज्यपाल महोदय ने कहा कि माननीय प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में देश "विकसित भारत @2047" के संकल्प के साथ स्वास्थ्य एवं शिक्षा के क्षेत्र में व्यापक परिवर्तन की दिशा में अग्रसर है। "आयुष्मान भारत" तथा "नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति" जैसे प्रयास गुणवत्तापूर्ण एवं सुलभ स्वास्थ्य सेवाओं को सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। उन्होंने उपाधि प्राप्त करने वाले युवाओं से कहा कि वे अपने ज्ञान एवं प्रतिभा का उपयोग केवल व्यक्तिगत सफलता के लिए नहीं, बल्कि समाज और मानवता की सेवा के लिए करें। उन्होंने कहा कि यदि किसी चिकित्सक के ज्ञान और सेवा से किसी पीड़ित व्यक्ति के चेहरे पर आशा लौटती है, तो वही उसकी सबसे बड़ी उपलब्धि है।

## एक नजर

### चिन्मय विद्यालय के छात्रों का जेईई एडवांस में शानदार प्रदर्शन आर्यन बने टॉपर




**बोकारो :** जेईई मेन्स 2026 में उल्लेखनीय सफलता के बाद चिन्मय विद्यालय बोकारो के विद्यार्थियों ने जेईई एडवांस 2026 में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया है। परिणाम घोषित होते ही विद्यालय परिसर में उत्साह और खुशी का माहौल छा गया। इस उपलब्धि पर आचार्या स्वामिनी संयुक्तानंदा सरस्वती, विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष बिस्वरूप मुखोपाध्याय, सचिव महेश त्रिपाठी, प्राचार्य सूरज शर्मा सहित सभी शिक्षकों ने सफल विद्यार्थियों को बधाई दी। विद्यालय के छात्र आर्यन ने ऑल इंडिया रैंक 1097 तथा ईडब्ल्यूएस श्रेणी में 128वीं रैंक प्राप्त कर विद्यालय में सर्वोच्च स्थान हासिल किया। इसके अलावा ईशान सिन्हा ने 2584वीं, के. सूर्या नारायण ने 9738वीं, प्रियांशु राज ने 15338वीं, आदित्य रंजन ने 15388वीं, नारायण रॉय ने 15755वीं, ऋशु राज ने 18372वीं, सिद्धांत सिन्हा ने 24285वीं तथा अभी कुमार ने 26095वीं रैंक प्राप्त की।
इस अवसर पर स्वामिनी संयुक्तानंदा सरस्वती ने विद्यार्थियों को मिठाई खिलाकर उनकी सफलता का उत्सव मनाया। सचिव महेश त्रिपाठी ने कहा कि विद्यार्थियों की मेहनत, शिक्षकों के मार्गदर्शन और अभिभावकों के सहयोग से यह सफलता संभव हुई है। वहीं प्राचार्य सूरज शर्मा ने कहा कि विद्यालय की गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, अनुशासन और उत्कृष्ट शैक्षणिक वातावरण का यह परिणाम है। उन्होंने सभी सफल विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### झोपड़ी में लगी आग से जला ट्रक, फायर बिग्रेड की तीन गाड़ियों से बुझी आग

पलामू: डालटनगंज रेलवे स्टेशन के गुड्स यार्ड के पास एक झोपड़ी में लगी आग से पास में खड़ा ट्रक (सीजी 04जेए 2548) जलकर बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। घटना सोमवार दोपहर के आस पास हुई। फायर बिग्रेड की तीन गाड़ियों से आग बुझायी गयी। ट्रक बेलवाटिका के सूरज कुमार एवं रेडमा के संटू कुमार का बताया गया है। ट्रक खराब स्थिति में था और उसे कबाड़ में बेचने की तैयारी थी। सम्मानजनक राशि नहीं मिलने के कारण पिछले डेढ माह से ट्रक वहां खड़ा था। झोपड़ी चैनपुर के कंकारी की रहने वाली अनिता कुंवर की थी। एक साल से झोपड़ी बंद थी। पूर्व में होटल के रूप में संचालित था। मजदूर वहां खाना खाया करते थे। अनिता कुंवर के अनुसार आग से झोपड़ी में रखा चार चौकी, दो खटिया, बर्तन, ठेला सहित अन्य सामान जलकर नष्ट हो गए हैं।

## डॉ. चंद्रिका प्रसाद वर्मा की कविता 'नारी शक्ति' बनी चर्चा का विषय, समाज को दिया सशक्त संदेश

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**झुमरीतिलैया :** समाज में नारी के अदम्य साहस, त्याग, ममता और शक्ति को समर्पित साहित्यकार एवं समाजसेवी डॉ० चंद्रिका प्रसाद वर्मा की प्रेरणादायक कविता ह्लनारी शक्तिह्व इन दिनों जनमानस के बीच विशेष चर्चा का विषय बनी हुई है। ग्राम समलडीह, सतगावां निवासी डॉ०चंद्रिका वर्मा ने अपनी सशक्त रचना के माध्यम से यह संदेश दिया है कि नारी केवल परिवार की शोभा नहीं, बल्कि सम्पूर्ण सृष्टि की आधारशिला और शक्ति का दिव्य स्वरूप है।

**मां लक्ष्मी, पार्वती, सरस्वती और काली के रूप में किया नारी का गुणगान**

कविता में डॉ० चंद्रिका वर्मा ने नारी को मां लक्ष्मी, मां पार्वती, मां सरस्वती और मां काली का स्वरूप बताते हुए कहा है कि नारी हर रूप में पूजनीय, शक्तिशाली और सृजन की प्रतीक है। उन्होंने अपनी पंक्तियों के माध्यम से समाज को यह समझाने का प्रयास किया कि नारी को कभी कमजोर नहीं समझना चाहिए, क्योंकि उसके भीतर अपार शक्ति और धैर्य का भंडार समाहित है।

**रामायण-महाभारत की महान नारियों के प्रसंगों से बढ़ाया प्रेरणा का संचार**

कविता में जनकनंदिनी सीता, राधा और द्रौपदी जैसी महान नारियों के प्रसंगों को अत्यंत भावपूर्ण ढंग से प्रस्तुत किया गया है। द्रौपदी चीरहरण प्रसंग के माध्यम से नारी अस्मिता की रक्षा और ईश्वरीय शक्ति का संदेश दिया गया, वहीं सीता और राधा के माध्यम से मयार्दा, प्रेम और धैर्य की अनुपम व्याख्या की गई। डॉ० चंद्रिका वर्मा ने वीरांगना रानी लक्ष्मीबाई की अदम्य वीरता, मीरा की अटूट भक्ति तथा माता अनुसूइया के तप और त्याग का उल्लेख करते हुए बताया कि भारतीय संस्कृति में नारी शक्ति का गौरवशाली इतिहास रहा है।

## जेईई एडवांस्ड में डीपीएस बोकारो का उल्लेखनीय प्रदर्शन, अमन रहा टॉपर

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**बोकारो :** इंजीनियरिंग की संयुक्त प्रवेश परीक्षा एडवांस्ड- 2026 में दिल्ली पब्लिक स्कूल बोकारो के विद्यार्थियों ने उल्लेखनीय प्रदर्शन के साथ शानदार सफलता पाई है। सोमवार को जारी परीक्षा परिणाम के अनुसार समाचार भेजे जाने तक 16 विद्यार्थियों के सफल होने की सूचना है। विद्यालय के छात्र अमन राज अमन ने अखिल भारतीय स्तर पर एससी कैटेगरी में 651वां रैंक लाकर सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। इसी कैटेगरी के तन्मय कुमार 970वें रैंक के साथ दूसरे स्थान पर रहे। वहीं, मेधावी छात्र अनुज ने कॉमन रैंक लिस्ट में एआईआर 3513 के साथ उम्दा प्रदर्शन किया। इनके अलावा सभी श्रेणियों को मिलाकर सूर्यांश, क्रांति कृष महतो, कुमार अनमोल, ध्रुव सत्यम, रिद्धिम गुप्ता, सैयद अरहम अशरफ, आयुष राज आदि ने भी अच्छी सफलता प्राप्त की। अन्य सफल छात्र-छात्राओं के नाम आने की भी संभावना है। विद्यालय के प्राचार्य डॉ. ए. एस. गंगवार ने सभी सफल विद्यार्थियों को बधाई देते हुए एवं उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। विदित हो कि जेईई मेन की परीक्षाएं दो सत्रों में आयोजित की गई थीं। पहला सत्र 21-29 जनवरी 2026 के बीच हुआ था, जबकि दूसरा सत्र 02 से 08 अप्रैल, 2026 की अवधि में संपन्न हुआ था। वहीं, एडवांस्ड की परीक्षा 17 मई, 2026 को आयोजित की गई थी। बोकारो में दो परीक्षा केंद्र बनाए गए थे।

## विश्व पर्यावरण दिवस पर बोकारो क्लब में 'सिट एंड ड्रॉ' प्रतियोगिता एवं क्विज का हुआ आयोजन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**बोकारो :** इस्पात संयंत्र द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में बोकारो क्लब परिसर में बच्चों के लिए 'सिट एंड ड्रॉ' प्रतियोगिता तथा अभिभावकों के लिए पर्यावरण प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण, जलवायु जागरूकता एवं सतत विकास के प्रति समाज, विशेषकर बच्चों और युवाओं को प्रेरित करना था। इस आयोजन में बोकारो एवं आसपास के विभिन्न क्षेत्रों से 150 से अधिक विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। 'सिट एंड ड्रॉ' प्रतियोगिता का विषय "इंस्पायर्ड बाय नेचर - फॉर क्लाइमेट - फॉर आवर फ्यूचर" रखा गया। प्रतिभागियों ने अपने चित्रों के माध्यम से प्रकृति संरक्षण, जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों तथा पर्यावरण-अनुकूल जीवनशैली के विभिन्न आयामों को सृजनात्मक रूप से प्रस्तुत किया। कार्यक्रम के दौरान पर्यावरण संरक्षण, जलवायु परिवर्तन एवं प्रकृति-आधारित समाधानों के महत्व पर विशेष रूप से प्रकाश डाला गया। वक्ताओं ने प्रतिभागियों एवं अभिभावकों को अधिकाधिक वृक्षारोपण करने, प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण में सक्रिय योगदान देने तथा प्लास्टिक के स्थान पर जैव-अवक्रमणीय सामग्री एवं जूट के थैलों के उपयोग को अपनाने के लिए प्रेरित किया।

## जेजेए प्रतिनिधिमंडल ने एसडीपीओ से की शिष्टाचार मुलाकात, बढ़ते अपराध पर जताई चिंता

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**कोडरमा :** झारखंड जर्नलिस्ट एसोसिएशन की कोडरमा इकाई के प्रतिनिधिमंडल ने अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी प्रमोद कुमार केसरी से शिष्टाचार मुलाकात कर उन्हें पुष्पगुच्छ भेंट किया। इस दौरान प्रतिनिधिमंडल ने जिले में बढ़ रहे अपराध और कानून-व्यवस्था से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की। मुलाकात के दौरान एसडीपीओ प्रमोद कुमार केसरी ने कहा कि कोडरमा जिले में बढ़ते अपराध पर शीघ्र अंकुश लगाने के लिए पुलिस प्रशासन गंभीरता से कार्य कर रहा है। उन्होंने कहा कि कोडरमा पुलिस पूरी ईमानदारी और कर्तव्यनिष्ठा के साथ जनता के बीच जाकर अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन कर रही है। उन्होंने आम लोगों से अपील करते हुए कहा कि किसी भी प्रकार की परेशानी या आपराधिक घटना की सूचना बिना संकोच पुलिस को दें। पुलिस प्रशासन जनता की सुरक्षा और सहायता के लिए हमेशा तत्पर है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि अपराधियों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा और कानून के अनुसार सख्त कार्रवाई की जाएगी।एसडीपीओ ने प्रेस और पुलिस के संबंधों को भी महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि प्रेस समाज का आईना है, जबकि पुलिस जनता की सुरक्षा का पहरेदार है। दोनों संस्थाओं के बीच बेहतर समन्वय समाजहित और कानून-व्यवस्था को मजबूत बनाने में अहम भूमिका निभाता है। इस अवसर पर तिलैया थाना प्रभारी विनय कुमार भी उपस्थित रहे।

## चेक बाउंस व धोखाधड़ी मामलों में पुलिस ने दो वारंट को किया गिरफ्तार


प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**बोकारो :** हरला थाना पुलिस ने दो अलग-अलग मामलों में नॉन-बेलेबल वारंट के आधार पर दो आरोपियों को गिरफ्तार किया। पहला मामला CP Case No.-1347/25 के संबंध में है, जिसमें नियोशिएबल इंस्ट्रूमेंट्स एक्ट की धारा 138 के तहत चेक बाउंस होने का आरोप है। गिरफ्तार व्यक्ति अजय कुमार, निवासी सेक्टर-08/बी, स्ट्रीट-36, क्वार्टर नंबर 2410, हरला थाना इलाके का निवासी है। उसे अदालत में पेश करने के लिए हिरासत में लिया गया है। दूसरा मामला पूर्ण मामला नंबर 2000719/2015 है, जिसमें धोखाधड़ी व साजिश (धाराएँ 420 और 120(बी)) का आरोप है। इस मामले के नॉन-बेलेबल वारंट पर युधिष्ठिर कुशवाहा (पिता अल बाबू महतो), निवासी सेक्टर-08/सी, क्वार्टर नंबर 1384 को गिरफ्तार किया गया। दोनों आरोपियों को प्रथम द्रष्टया अदालत के समक्ष पेश करने के लिए पुलिस ने नियंत्रित कर रखा है और आगे की कानूनी कार्रवाई जारी है। हरला थाना के अधिकारियों ने बताया कि गिरफ्तारी के बाद आरोपियों को उचित सुरक्षा व कानूनी प्रक्रिया का पालन करते हुए माननीय न्यायालय में पेश किया जाएगा। पुलिस ने कहा कि आरोपों की निष्पक्ष जांच कर कानून के अनुसार कार्रवाई की जाएगी। मामले से जुड़े दस्तावेज और जांच पर अभी और विवरण मिलने बाकि हैं। स्थानीय लोगों ने कहा कि इस तरह की कार्रवाई से कानून का पालन करने वाले नागरिकों में राहत की भावना होती है, जबकि आरोपियों के संबंधियों ने गिरफ्तारी पर आपत्ति जताई है।

## लॉ कॉलेज परीक्षार्थियों और कॉलेज प्रशासन के बीच विवाद, पुलिस को करना पड़ा हस्तक्षेप

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**बोकारो :** इमामुल हई खान लॉ कालेज बोकारो के परीक्षार्थी और चास कालेज चास के प्रशासनिक विभाग के साथ सोमवार को जमकर नोकझोक हुई। परीक्षाथीर्यों की मनोदशा को देखकर कालेज प्रशासन को पुलिस की सहारा लेनी पड़ी। परीक्षा समाप्त के पश्चात शाम साढ़े छः बजे तक लॉ के परीक्षर्थी चास कालेज चास के प्राचार्य से माफी मांगने की बात को लेकर अड़े हुए थे वही चास कालेज चास के परीक्षा नियंत्रक डाक्टर रामप्रवेश कुमार ने बताया की एक परीक्षार्थी जिसका नाम सौरव कुमार है ने अपने प्रवेश पत्र में नकल (चीटिंग) करने के उद्देश्य से पूरा लिखकर लाया गया था। वह परीक्षार्थी परीक्षा के प्रारंभिक दिन में ही नकल करते हुए पकड़ा गया। इससे क्षुब्ध परीक्षाथीयों ने उसी दिन परीक्षा नियंत्रक और अन्य विक्षिको के साथ दुर्व्यवहार करने लगे। आज परीक्षा के अंतिम दिन सोमवार को सभी परीक्षार्थी एकजुट होकर कालेज प्रशासन के विरुद्ध नारे बाजी करने लगे। हालात अनियंत्रित होते देख कालेज प्रशासन को पुलिस बल का सहारा लेना पड़ा।

**क्या है मामला**

इमामूल हाइ खान लॉ कालेज के सेमेस्टर वन के छात्र छात्राओ का परीक्षा 22 मई से 1 जुन तक चास कालेज चास में चल रहा था। चास कालेज चास के केंद्राधीक्षक और परीक्षा नियंत्रक द्वारा विनोद बिहारी महतो कोयलांचल विश्वविद्यालय के निर्देशनुसार शांतिपूर्ण ढ़ंग परीक्षा संचालित हो रहा था। नकल से रोकने से परीक्षार्थी और कालेज प्रशासन के बीच परीक्षा के प्रथम दिन से ही मनमुटाव चल रहा था। प्रवेश पत्र में साफ तौर से बिंदुवार निर्देशित किया गया है की परीक्षार्थी लेखन सामग्री के अलावे बोतल वाला पानी ही लेकर परीक्षा कक्ष में प्रवेश कर सकते है परंतु परीक्षार्थी इस नियम को धत्ता बताते हुए मोबाइल के साथ परीक्षा कक्ष में जाने की जिद्ध कर रहे थे। इसी बात को लेकर परीक्षा के अंतिम दिन नोकझोक और हाथापाई हुई।

## संक्षिप्त खबरें

### सिसई में कबड्डी समर कैंप का भव्य समापन, 65 खिलाड़ियों ने लिया प्रशिक्षण



**सिसई :** +2 उच्च विद्यालय सिसई में 25 मई 2026 से 31 मई 2026 तक आयोजित सात दिवसीय ग्रीष्मकालीन कबड्डी समर कैंप का भव्य समापन किया गया इस कैंप में गुमला जिला के सिसई भरनो, घाघरा, रायडीह, एवं जारी प्रखंड के कुल 65 बालक बालिका कबड्डी खिलाडियों ने भाग लिया। आवासीय व्यवस्था डाक बंगला सिसई में की गई थी जहां रहने एवं भोजन की व्यवस्था उपलब्ध कराई गई कैंप के दौरान सभी खिलाड़ियों को नि:शुल्क कबड्डी प्रशिक्षण प्रदान किया गया प्रशिक्षण में खेल की तकनीकी बारीकीयो से शारीरिक फिटनेस, अनुशासन और कबड्डी के प्रैक्टिकल एवं थ्योरी के साथ-साथ नियमों को भी विस्तार से बताया गया एवं खेल भावना पर विशेष ध्यान दिया गया। खेल शिक्षक सह कबड्डी प्रशिक्षक बीरबल लोहरा ने शिविर के संचालन में योगदान देते हुए बताया कि आगामी 13 वी सीनियर राज्य स्तरीय महिला/ पुरुष कबड्डी प्रतियोगिता दिनांक 5 जून से 7 जून 2026 तक धनबाद में आयोजित किया गया है जिसमें हमारे गुमला जिला के बालिका टीम भाग लेंगे। समापन समारोह के मुख्य जिप सदस्य विजयलक्ष्मी कुमारी की उपस्थित में उन्होंने कहा की खेल से शारीरिक मानसिक बौद्धिक विकास खिलाड़ियों के प्रति उभर कर आता है कैंप प्रभारी सलोनी कुमारी का अहम भूमिका रहा। इस मौके पर आदिवासी परिषद के अध्यक्ष कैप्टन लोहरा उरांव, ने कहा की खेल से खिलाड़ियों का भविष्य संवार सकते हैं समाजसेवी दीपक अधिकारी, ने कहा खेल से खिलाड़ियों का अनुशासन और निखारने का मौका मिलता है सिसई चौकीदार सीता उरांव सभी ने खिलाड़ियों को हार्दिक शुभकामनाएं दिए।

### दिल्ली में बोकारो की 'त्रिसप्तिका' का जलवा अंकिता चक्रवर्ती को मिला 'नृत्य आविष्कार अवार्ड'



**बोकारो:** झारखंड की सांस्कृतिक माटी की धमक अब देश की राजधानी दिल्ली में भी पूरी शान से गूंज उठी है। बोकारो की प्रख्यात नृत्य शिक्षिका और जानी-मानी कला-सांस्कृतिक प्रशिक्षण संस्था 'त्रिसप्तिका' की निदेशक अंकिता चक्रवर्ती ने राष्ट्रीय स्तर पर एक और स्वर्णिम उपलब्धि अपने नाम कर ली है। नई दिल्ली के प्रतिष्ठित लोक कला मंच पर आयोजित 'झंकार ऑल इंडिया डांस कॉम्पिटिशन एंड फेस्टिवल' में अंकिता चक्रवर्ती को उनके उत्कृष्ट कलात्मक योगदान के लिए 'नृत्य आविष्कार अवार्ड' से नवाजा गया है। कला जगत में इस बेहद खास और परम प्राप्ति की गरिमा तब और बढ़ गई जब उन्हें यह सम्मान कथक सम्राट पंडित बिरजू महाराज के भांजे और देश के महान गुरु पंडित सतीश शुक्ल के कर-कमलों द्वारा प्रदान किया गया। इस ऐतिहासिक सफलता का श्रेय अंकिता चक्रवर्ती ने त्रिसप्तिका के समर्पित प्रशिक्षुओं और संस्था के सभी सहयोगियों को देते हुए उनके निरंतर समर्थन के प्रति आभार व्यक्त किया है। इस राष्ट्रीय महाकुंभ में केवल संस्था की निदेशक ने ही नहीं, बल्कि उनकी पूरी टीम ने भी अपनी कला का ऐसा जादू बिखेरा कि हर कोई देखता रह गया। दिल्ली की इस बेहद कठिन प्रतियोगिता में त्रिसप्तिका की टीम ने एक के बाद एक कई शानदार प्रस्तुतियां दीं और जजों का दिल जीत लिया। इस होनहार टीम की छह प्रतिभावान नर्तकियों ने कुल 11 पुरस्कार अपनी झोली में डालकर पूरे बोकारो और झारखंड राज्य का नाम राष्ट्रीय फलक पर सुनहरे अक्षरों में रोशन कर दिया।

### न्यायालयकर्मी राजकुमार राय के सम्मान में विदाई समारोह का किया गया आयोजन



**कोडरमा :** न्यायमंडल के सेवानिवृत न्यायालयकर्मी राजकुमार राय के सम्मान में विदाई समारोह का आयोजन व्यवहार न्यायालय जिला न्याय सदन स्थित सभागार में आयोजित किया गया। समारोह को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित करते हुए प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश रमाकान्त मिश्रा नें कहा कि सेवानिवृति सरकारी सेवा की एक अनिवार्य प्रक्रिया है जिससे सभी सरकारी सेवकों को गुजरना पड़ता है। उन्होंने राजकुमार राय द्वारा एक लम्बे कार्यकाल तक न्यायालय की सेवा निष्ठा पूर्वक करने के लिए उन्हें बधाई दी तथा उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। उन्होंने उपस्थित न्यायालयकर्मियों को आगाह करते हुए कहा कि उन्हें इस बात से प्रेरणा लेनी चाहिए कि एक लंबे समय तक न्यायालय की सेवा करते हुए सेवानिवृत होना भी अपने आप में एक विशेष महत्व रखता है। इसके अलावा कार्यक्रम को प्रधान जिला जज कुटुम्ब न्यायालय अमितेष लाल, जिला जज तृतीय राकेश चंद्रा, ने भी राजकुमार राय के कार्य शैली की सराहना की। अपने सम्बोधन में राजकुमार राय ने कहा कि कोडरमा न्यायमंडल की यादों को कभी भुलाया नहीं जा सकता। यहाँ के पदाधिकारियों एवं कर्मचारियों का मुझे भरपूर सहयोग मिला जिसके प्रति मैं आभारी हूँ। न्यायमंडल की ओर से राजकुमार राय को कई उपहार देकर सम्मानित किया गया जबकि न्यायालय के पदाधिकारियों एवं कर्मचारियों ने राजकुमार राय को माल्यार्पण कर भावभीनी विदाई दी। राजकुमार राय ने 15 अक्टूबर1985 को कोडरमा न्यायमंडल में योगदान कर पदस्थापित हुए। कार्यक्रम का संचालन न्यायालयकर्मी विद्या नोमिता भगत ने किया। मौके पर मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी अमित कुमार वैश, अवर न्यायाधीश सत्यभामा कुमारी, जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव गौतम कुमार, मुन्सिफ मिथिलेश कुमार, न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी ज्योत्सना पाण्डेय व नमिता मिंज, न्यायाधीश प्रभारी विकास कुमार भगत न्यायालयकर्मी, कार्यालय अधीक्षक अजय प्रकाश, कोर्ट मैनेजर सैयद ताजदार हसन, लेखापाल मनोज गुप्ता, न्यायालयकर्मी रणजीत कुमार सिंह, राजीव कुमार, नाजिर अभिमन्यु कुमार, अमरेन्द्र कुमार सिन्हा, आशीष कुमार सिन्हा, प्रमोद कुमार चौधरी, अनिल कुमार सिंह, संजय कुमार, रवि कुमार , मनोज कुमार, संजय कुमार, रवि प्रकाश, रविन्द्र कुमार सिंह, अभय कुमार, राजेश कुमार तरुण सहित सभी न्यायालयकर्मी मौजूद थे।

# गौतमबुद्धनगर में शतरंज प्रतियोगिता शुरू:जिलाधिकारी ने किया शुभारंभ, 235 खिलाड़ियों ने लिया भाग






एजेंसी
**नोएडा।** गौतमबुद्धनगर में जनपदीय शतरंज (चेस) प्रतियोगिता का शुभारंभ जिलाधिकारी मेधा रूपम ने दीप प्रज्वलित कर और खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया। इस अवसर पर रामग्या स्कूल, सेक्टर-50 नोएडा की प्रधानाचार्या रीना सिंह भी उपस्थित रहीं और उन्होंने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। जिलाधिकारी मेधा रूपम ने प्रतिभागी खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि शतरंज मानसिक विकास, धैर्य, एकाग्रता और रणनीतिक सोच को विकसित करने वाला महत्वपूर्ण खेल है। उन्होंने खिलाड़ियों को खेल भावना के साथ प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने तथा उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया। यह प्रतियोगिता रामग्या स्कूल, सेक्टर-50 नोएडा में आयोजित की गई, जिसमें विद्यालय प्रशासन ने सभी आवश्यक व्यवस्थाएं और सहयोग प्रदान किया। प्रभारी जिला क्रीड़ा अधिकारी डॉ. परवेज अली ने प्रतियोगिता हेतु समस्त व्यवस्थाएं सुनिश्चित कराईं। कार्यक्रम के दौरान खेल विभाग के अधिकारी, प्रशिक्षक और विद्यालय का स्टाफ उपस्थित रहा। इस प्रतियोगिता में जनपद के विभिन्न विद्यालयों और संस्थानों से कुल 235 खिलाड़ियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। आगामी दिनों में अन्य खेल प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया जाएगा। इनमें कबड्डी और बास्केटबॉल प्रतियोगिता 4 जून 2026 को, जूडो प्रतियोगिता 5 जून 2026 को, कुश्ती और नेटबॉल प्रतियोगिता 6 जून 2026 को, बैडमिंटन प्रतियोगिता 7 जून 2026 को तथा तैराकी प्रतियोगिता 17 जून 2026 को आयोजित की जाएगी। प्रतियोगिता में विहान चौधरी सबसे कम उम्र के बालक चेस खिलाड़ी और आरोही बंसल सबसे कम उम्र की बालिका चेस खिलाड़ी रहीं। अंडर-7 बालक वर्ग में डीएवी पब्लिक स्कूल के आरव राणा ने प्रथम, आरएसजे स्कूल के अरीब गुप्ता ने द्वितीय तथा रामाग्या स्कूल, नोएडा एक्सटेंशन के अरज बजाज ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। बालिका वर्ग में एमिटी इंटरनेशनल स्कूल की नित्य डेंबला प्रथम, जेपी पब्लिक स्कूल की आध्या बिष्ट द्वितीय तथा द श्रीराम मिलेनियम स्कूल की अरना चौहान तृतीय स्थान पर रहीं। अंडर-9 बालक वर्ग में एमिटी इंटरनेशनल स्कूल के अव्यान चौधरी ने प्रथम, बिलाबॉन्ग हाई स्कूल, नोएडा के अद्वय सिंह ने द्वितीय तथा पेसिफिक वर्ल्ड स्कूल के अश्विक तनेजा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। अंडर-11 प्रतियोगिता में बालक वर्ग में गर्वित जैन (रामग्या स्कूल, नोएडा) ने प्रथम, इवान बंसल (डीसी) ने द्वितीय तथा आरव कुमार (सेंट फ्रांसिस स्कूल) ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। बालिका वर्ग में श्रेयोवी सिंह (डीपीएस नोएडा) प्रथम, दतिया अग्रवाल (खैतान स्कूल) द्वितीय तथा अश्विका निगम (जेनेसिस ग्लोबल स्कूल) तृतीय स्थान पर रहीं। अंडर-15 शतरंज प्रतियोगिता में बालक वर्ग में विवान पुरी (बाल भारती पब्लिक स्कूल) ने प्रथम, अविरल यादव (जेपी पब्लिक रूँङ्क्ष') ने द्वितीय तथा अर्णव जैन (ऐल्कॉन इंटरनेशनल स्कूल) ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। बालिका वर्ग में ताशी गोयल (जेपी पब्लिक स्कूल, ग्रेटर नोएडा) प्रथम, तविषा ददरवाल (पेसिफिक वर्ल्ड स्कूल) द्वितीय तथा निकिता महाजन (एमिटी इंटरनेशनल स्कूल) तृतीय स्थान पर रहीं।

## संक्षिप्त डायरी

### ग्रेटर नोएडा में शराब ठेका हटाने की मांग:कलेक्ट्रेट पर किसानों और महिलाओं ने किया प्रदर्शन

एजेंसी
**नोएडा।** नोएडा के जेवर क्षेत्र स्थित सालेपुर गांव में संचालित शराब ठेके को हटाने की मांग को लेकर शनिवार को ग्रामीणों, किसानों और महिलाओं ने सूरजपुर कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी करते हुए गांव के आबादी क्षेत्र में चल रहे ठेके को तत्काल बंद करने की मांग उठाई। ग्रामीणों का आरोप है कि शराब ठेके के कारण गांव का माहौल खराब हो रहा है। ठेके पर बाहरी और असामाजिक तत्वों का जमावड़ा लगा रहता है, जिससे महिलाओं, बुजुर्गों और बच्चों को परेशानी होती है। गांव की महिलाओं ने बताया कि ठेके के आसपास अक्सर शराब पीकर लोग हंगामा करते हैं, जिससे सुरक्षा संबंधी चिंताएं बढ़ गई हैं। प्रदर्शन में शामिल किसानों ने कहा कि शराब की आसान उपलब्धता के कारण गांव के युवाओं में नशे की लत बढ़ रही है। इससे उनके स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है और कई परिवार सामाजिक व आर्थिक समस्याओं का सामना कर रहे हैं। ग्रामीणों ने यह भी बताया कि स्थानीय स्तर पर अधिकारियों से कई बार शिकायत की जा चुकी है, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। प्रदर्शनकारियों ने प्रशासन को एक ज्ञापन सौंपकर शराब ठेके को आबादी क्षेत्र से हटाकर किसी अन्य स्थान पर स्थानांतरित करने की मांग की। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि जल्द समाधान नहीं किया गया तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। मौके पर मौजूद अधिकारियों ने ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं और मामले की जांच कर उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया। अधिकारियों के आश्वासन के बाद प्रदर्शन समाप्त हो गया, हालांकि ग्रामीणों ने कहा कि वे ठोस कार्रवाई होने तक अपनी मांग को लेकर संघर्ष जारी

### नोएडा में बुजुर्ग से 22 लाख ठगे:फर्जी वाट्सऐप ग्रुप में जोड़कर निवेश कराई रकम

एजेंसी
**नोएडा।** नोएडा में निवेश में मुनाफा का लालच देकर साइबर ठगों ने 75 साल के बुजुर्ग से 21.94 लाख रुपए की ठगी कर ली। पीड़ित ने राष्ट्रीय साइबर अपराध पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराने के बाद अब साइबर क्राइम थाने में मुकदमा दर्ज कराया है। मामले में पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। सेक्टर 76 स्थित सोसाइटी में रहने वाले प्रभात कुमार सिन्हा पूर्व में छत्तीसगढ़ की एक स्टील कंपनी से रिटायर्ड है। जनवरी में अज्ञात साइबर अपराधियों ने उनसे सोशल मीडिया और मोबाइल पर संपर्क किया और निवेश योजनाओं में कम समय में अधिक लाभ का झांसा दिया। सात जनवरी से 17 जनवरी के बीच कई किश्तों में रकम ट्रांसफर कराई। इस तरह से ट्रांसफर की रकम साइबर ठगों ने निवेश पर आकर्षक रिटर्न दिखाकर बुजुर्ग को भरोसे में लिया। जब उन्होंने निवेश की गई रकम और लाभ वापस लेने का प्रयास किया तो आरोपियों ने संपर्क तोड़ दिया। इसके बाद उन्हें अपने साथ हुई धोखाधड़ी का एहसास हुआ। अलग-अलग तारीखों पर 19 हजार 412 रुपए, चार बार दो लाख रुपए, 2.25 लाख रुपए, 3.50 लाख रुपए, 5 लाख रुपए और 3 लाख रुपए सहित कई ट्रांजेक्शन किए। कुल मिलाकर उनके खाते से 21 लाख 94 हजार 412 रुपए निकल गए। पोर्टल पर भी की शिकायत मामले की शिकायत राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल पर भी दर्ज कराई गई। पीड़ित ने पुलिस से मांग की है कि संबंधित बैंक खाताधारकों, मोबाइल नंबर धारकों और अन्य सहयोगियों की पहचान कर उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाए। ठगी गई राशि की रिकवरी कराई जाए।

### सीबीआई ने शुभकामना बिल्डटेक और निदेशकों के खिलाफ दाखिल की 10वीं चार्जशीट

एजेंसी
**नोएडा।** केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने होमबायर्स से कथित धोखाधड़ी के मामले में बड़ी कार्रवाई करते हुए शुभकामना बिल्डटेक प्राइवेट लिमिटेड और उसके निदेशकों के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की है। यह चार्जशीट ग्रेटर नोएडा स्थित एक हाउसिंग प्रोजेक्ट से जुड़े कथित फ्रॉड मामले में दाखिल की गई है। सीबीआई के अनुसार जांच में सामने आया कि बिल्डर कंपनी और उसके निदेशकों ने आपराधिक साजिश के तहत भोले-भाले होमबायर्स और निवेशकों को झूठे आश्वासन, भ्रामक जानकारी और आकर्षक वादों के जरिए निवेश के लिए प्रेरित किया। इसके बाद कथित तौर पर निवेशकों से धन लेकर गलत तरीके से आर्थिक लाभ हासिल किया गया, जिससे खरीदारों को भारी नुकसान हुआ। आपराधिक साजिश, धोखाधड़ी और अमानत में खयानत की धाराएं सीबीआई जांच में मिले साक्ष्यों के आधार पर सक्षम अदालत में भारतीय दंड संहिता की विभिन्न धाराओं के तहत चार्जशीट दाखिल की गई है। इनमें मुख्य रूप से आपराधिक साजिश, धोखाधड़ी, आपराधिक अमानत में खयानत से संबंधित धाराएं शामिल हैं।

सुप्रीम कोर्ट के निर्देश पर 50 मामलों की जांच सीबीआई फिलहाल देशभर में बिल्डर कंपनियों और वित्तीय संस्थानों के अज्ञात अधिकारियों के खिलाफ दर्ज 50 मामलों की जांच कर रही है। यह जांच सुप्रीम कोर्ट के निर्देश पर की जा रही है। मामलों में होमबायर्स से धोखाधड़ी और फंड डायवर्जन के आरोप शामिल हैं।

## जनगणना ड्यूटी में लापरवाही, 132 कर्मचारियों पर होगी:निर्देश के बाद भी ड्यूटी नहीं की ज्वाइन, डीसीपी को भेजा गया पत्र



एजेंसी
**नोएडा।** जनगणना कैसे करनी है उसके बारे में जानकारी देते अधिकारी। नोएडा में जनगणना कार्य में लापरवाही बरतने वाले कर्मचारियों पर प्राधिकरण ने सख्त रुख अपनाया है। जनगणना कार्य से जुड़े कुल 132 प्रगणकों और कर्मियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराने की प्रक्रिया शुरू की गई है। इससे संबंधित एक पत्र प्राधिकरण ने डीसीपी नोएडा को भेजा है। साथ ही सक्षम अधिकारियों को इससे अवगत कराया गया। बताया जा रहा है कि संबंधित कर्मियों द्वारा सौंपे गए दायित्वों का सही तरीके से निर्वहन नहीं किया गया, जिसके चलते प्राधिकरण ने यह कदम उठाया है। मामले में संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं। जांच के दौरान कार्य में अनियमितता और लापरवाही सामने आने के बाद सूची तैयार की गई। न पर किया गया संपर्क जनगणना अधिकारी ने बताया कि 132 लोगों से फोन पर संपर्क किया गया। जिनके वाट्सऐप क्रियाशील थे उस पर डिय्टी भेजी गई। लेकिन इन लोगों ने दस्तावेज लेने से मना कर दिया गया। ऐसे में जनगणना अधिनियम 1948 की धारा-5 और धारा-11 के प्रावधानों प्राथमिकी दर्ज कराने के लिए कहा गया है।प्राधिकरण का कहना है कि जनगणना जैसे महत्वपूर्ण कार्य में किसी भी प्रकार की उदासीनता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि भविष्य में भी सरकारी कार्यों में लापरवाही बरतने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई जारी रहेगी।

## नोएडा में बारिश से बदला मौसम:30ङट की स्पीड से हवा चल रही है, तापमान में गिरावट, 1 जून से गर्मी बढ़ने के आसार



एजेंसी
**नोएडा।** नोएडा में दोपहर बाद मौसम ने अचानक करवट बदली। काले बादल छाने के साथ हवा की रफ्तार बढ़ी और बारिश हो रही है। इससे लोगों को गर्मी से राहत मिली है। तापमान 32 डिग्री के आसपास है। मौसम विभाग की माने तो रुक-रुक कर हल्की बारिश होती रहेगी। शनिवार को दिन की शुरूआत हल्की धूप से हुई। दिन चढ़ते ही मौसम सुहावना हो गया। तेज हवा चल रही है। आज का अधिकतम तापमान 34 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 23 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है। मौसम विभाग ने येलो अलर्ट जारी किया है। अनुमान है कि हवाओं की रफ्तार 60 किलोमीटर प्रति घंटे तक पहुंच सकती है। मौसम विशेषज्ञों के अनुसार तेज हवाओं के कारण लोगों को गर्मी से कुछ राहत मिलेगी लेकिन यह राहत ज्यादा दिनों तक नहीं रहने वाली। आने वाले दिनों में तापमान तेजी से बढ़ने की संभावना है। मौसम विभाग के पूर्वानुमान के मुताबिक 31 मई को अधिकतम तापमान 36 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच सकता है। वहीं हवा में नमी का स्तर करीब 70 प्रतिशत रहने का अनुमान है, जिससे उमस भी बढ़ सकती है। एक जून से तापमान में लगातार बढ़ोतरी शुरू होगी। अगले चार से पांच दिनों में पारा तेजी से चढ़ेगा और 4 जून तक तापमान 40 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंच सकता है। ऐसे में दिन के समय लू जैसे हालात बनने की संभावना है। स्वास्थ्य विभाग ने दी सावधानी बरतने की सलाह बढ़ती गर्मी को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग ने लोगों को दोपहर के समय अनावश्यक रूप से बाहर निकलने से बचने की सलाह दी है। खासकर बच्चों, बुजुर्गों और बीमार लोगों को विशेष सावधानी बरतने के लिए कहा गया है।

विशेषज्ञों ने पर्याप्त मात्रा में पानी पीने, हल्के और सूती कपड़े पहनने तथा धूप में निकलते समय सिर को ढककर रखने की सलाह दी है। तेज हवाओं के दौरान सतर्क रहें प्रशासन ने भी लोगों से तेज हवाओं के दौरान सावधानी बरतने की अपील की है। लोगों को खुले स्थानों, निमार्णाधीन भवनों और कमजोर होर्डिंग्स के आसपास खड़े न होने की सलाह दी गई है, ताकि किसी भी संभावित हादसे से बचा जा सके। मौसम विभाग का मानना है कि फिलहाल मौसम में बदलाव से थोड़ी राहत जरूर मिलेगी, लेकिन जून की शुरूआत के साथ गर्मी फिर से अपना असर दिखाने लगेगी।

## नोएडा में तकनीकी खामी के कारण उवएळ परीक्षा रद्द:सेंटर पर घंटों इंतजार करते रहे छात्र



एजेंसी
**नोएडा।** नोएडा सेक्टर-64 स्थित आदर्श परीक्षा केंद्र में शनिवार को आयोजित सीयूईटी (कॉमन यूनिवर्सिटी एंट्रेंस टेस्ट) परीक्षा तकनीकी खामी के कारण रद्द कर दी गई। सुबह से परीक्षा देने पहुंचे सैकड़ों अभ्यर्थियों को घंटों इंतजार करना पड़ा, जिसके बाद परीक्षा शुरू नहीं हो सकी। परीक्षा रद्द होने की घोषणा के बाद छात्रों ने केंद्र के बाहर एनटीए (नेशनल टेस्टिंग एजेंसी) के खिलाफ धरना-प्रदर्शन किया और नारेबाजी की। छात्रों ने आरोप लगाया कि वे सुबह नौ बजे की परीक्षा के लिए निर्धारित समय पर केंद्र पहुंच गए थे। लंबी कतारों के बाद उन्हें परीक्षा कक्ष में प्रवेश मिला, लेकिन वहां भी अव्यवस्थाएं थीं। अभ्यर्थियों के मुताबिक, उन्हें एक से दो घंटे तक परीक्षा शुरू होने का इंतजार करना पड़ा। कई कमरों में पंखे भी नहीं चल रहे थे, जिससे भीषण गर्मी में छात्रों को परेशानी हुई। परीक्षा सुबह 9 बजे से थी
प्रदर्शन में शामिल एक छात्र अनुज ने बताया कि उनके भाई की परीक्षा सुबह 9 बजे से थी। अनुज उन्हें सुबह 6:30 बजे केंद्र छोड़कर गए थे और दस बजे लेने पहुंचे, लेकिन तब तक कोई छात्र बाहर नहीं आया था। केंद्र के अंदर से लगातार तकनीकी कारणों से परीक्षा शुरू न होने की घोषणा की जा रही थी। अनुज के अनुसार, एक छात्र ने बताया कि दो घंटे से अधिक समय बीतने के बावजूद परीक्षा शुरू नहीं हुई और छात्रों को बाहर निकलने की अनुमति भी नहीं दी जा रही थी। अभ्यर्थियों का कहना है कि वे कई महीनों से इस परीक्षा की तैयारी कर रहे थे। यह परीक्षा 12वीं के बाद देश के प्रतिष्ठित विश्वविद्यालयों और कॉलेजों में प्रवेश के लिए आयोजित की जाती है।

## नोएडा एक्सटेंशन के ऐस्टर स्कूल में एनसीसी शिविर: कैडेटों को मिला सैन्य और व्यक्तित्व विकास का प्रशिक्षण



एजेंसी
**नोएडा।** 31 उ० प्र० कन्या वाहिनी एन०सी०सी० का दस दिवसीय संयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण शिविर-122, ऐस्टर पब्लिक स्कूल, नोएडा एक्सटेंशन, गौतम बुद्ध नगर में आयोजन किया जा रहा है जिसमें 600 एन०सी०सी० कैडिट प्रतिभाग कर रहे है। शिविर के दौरान कैम्प कमान्डेंट मेजर प्रतिमा नागर के नेतृत्व मे छठवां दिवस 30 मई 2026 शनिवार को प्रातः काल योगा एवं पी०टी० के साथ प्रारम्भ हुआ उसके उपरान्त प्रतिभागी एन०सी०सी० कैडिटों को शिविर में शारीरिक प्रशिक्षण, हथियार की जानकारी, ड्रिल, मैप रीडिंग, फील्ड क्राफ्ट, सिमुलेटर फायरिंग का प्रशिक्षण दिया गया एवं प्रतियोगी भावनाओं को विकसित करने के लिये सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं गेम्स परेड मे रस्सा कसी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया । शिविर का छठवां दिवस हर्षोल्लास के साथ सम्पन्न हुआ । ऐस्टर पब्लिक स्कूल, नोएडा एक्सटेंशन, गौतम बुद्ध नगर में आयोजित सी०ए०टी०सी०-122 में एन०सी०सी० कैडिटस को डिप्टी कैम्प कमान्डेंट ले० डा० यशोधरा राज द्वारा व्यक्तित्व विकास के सम्बंध में व्याख्यान के दौरान आत्मविश्वास, संचार कौशल एवं व्यावहारिक गुणों को निखारने के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए उनके जीवन को सफल बनाने के गुर बताये तथा जागरूक किया ।

## नोएडा में जून से खरांब सड़कों की मरम्मत होगी:दो महीने में काम पूरा होगा, प्राधिकरण की बैठक में लिया गया निर्णय



एजेंसी
**नोएडा।** नोएडा में खराब सड़कों और गड्ढों से परेशान लोगों को जल्द राहत मिल सकती है। अब तक शहर में सड़कों की मरम्मत का काम शुरू नहीं हो पाया था, लेकिन नोएडा प्राधिकरण ने दावा किया है कि जून के पहले सप्ताह से मरम्मत कार्य में तेजी लाई जाएगी। इसके लिए शुक्रवार को प्राधिकरण अधिकारियों ने दिल्ली-एनसीआर के प्रमुख बिटुमिन सप्लायरों और ठेकेदारों के साथ बैठक की। प्राधिकरण के अनुसार, सड़कों की मरम्मत में देरी का मुख्य कारण बिटुमिन की कमी है। उत्तर भारत में बिटुमिन की आपूर्ति मुख्य रूप से मथुरा स्थित आईओसीएल रिफाइनरी से होती है। अधिकारियों का कहना है कि रिफाइनरी में एक-दो जून से बिटुमिन उत्पादन शुरू होने की संभावना है, जिसके बाद छह से सात जून तक नोएडा में इसकी आपूर्ति पहुंच जाएगी। अधिकारियों का कहना है कि बिटुमिन उपलब्ध होते ही शहर की सड़कों की मरम्मत और रिसर्फेसिंग का काम तेजी से शुरू कर दिया जाएगा। यदि योजना के अनुसार कार्य आगे बढ़ता है तो जुलाई के अंत तक शहर की प्रमुख सड़कों की रिसर्फेसिंग पूरी होने की उम्मीद है। इस समय नोएडा की कई सड़कों पर गहरे गड्ढे और क्षतिग्रस्त सतह लोगों के लिए परेशानी का कारण बने हुए हैं। रोजाना सफर करने वाले वाहन चालकों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। प्राधिकरण के महाप्रबंधक एसपी सिंह ने कहा कि बिटुमिन की उपलब्धता में समस्या के कारण मरम्मत कार्य प्रभावित हुआ है। उन्होंने बताया कि प्रयास किए जा रहे हैं कि जून के पहले सप्ताह से सड़कों की मरम्मत का काम व्यवस्थित तरीके से शुरू कर दिया जाए।

## नोएडा में 1.29 करोड़ के डिजिटल अरेस्ट में एक गिरफ्तार:लेन-देन के लिए ठगों को बैंक खाते देता था




एजेंसी
**नोएडा।** नोएडा में बैंक खाते उपलब्ध कराने वाले 21 साल के कैब चालक आकाश कुमार को गिरफ्तार किया गया। डिजिटल अरेस्ट कर 1.29 करोड़ रुपए की साइबर ठगी मामले में साइबर क्राइम थाना पुलिस उसे खोज रही थी। आरोपी को दिल्ली के निहाल विहार स्थित उसके आवास से दबोचा गया। पुलिस के अनुसार आरोपी साइबर ठगी करने वाले संगठित गिरोह के लिए बैंक खाते उपलब्ध कराने का काम कर रहा था। ये मजदूरों और अन्य लोगों को पैसों का लालच देकर उनके खाते ठगों को देता था। बैंक खातों में संदिग्ध ट्रांजैक्शन सामने आए साइबर क्राइम थाना पुलिस अधिकारियों ने बताया कि जांच के दौरान डिजिटल अरेस्ट कर 1.29 करोड़ रुपए की ठगी से जुड़े वित्तीय लेन-देन की पड़ताल की जा रही थी। इसी क्रम में कुछ बैंक खातों में संदिग्ध ट्रांजैक्शन सामने आए। तकनीकी और बैंकिंग साक्ष्यों के आधार पर पुलिस आकाश कुमार तक पहुंची। जांच में पता चला कि आरोपी पेशे से कैब चालक है, लेकिन अतिरिक्त कमाई के लालच में उसने अपना बैंक खाता साइबर अपराधियों को उपलब्ध कराया और बाद में अन्य खातों की व्यवस्था कराने में भी उनकी मदद करने लगा। आर्थिक रूप से कमजोर थे टारगेट साइबर ठग अक्सर ऐसे लोगों को निशाना बनाते हैं जो आर्थिक रूप से कमजोर होते हैं या जल्दी पैसा कमाने की चाह रखते हैं। उन्हें कमीशन का लालच देकर बैंक खाते, एटीएम कार्ड, चेकबुक और इंटरनेट बैंकिंग की सुविधाएं हासिल कर ली जाती हैं। बाद में इन्हीं खातों का उपयोग साइबर ठगी की रकम को एक स्थान से दूसरे स्थान पर स्थानांतरित करने और अपराध की रकम को छिपाने के लिए किया जाता है। ते के संबंध में 12 शिकायतें दर्ज
जांच के दौरान राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल (एनसीआरपी) पर आरोपी के बैंक खातों का सत्यापन किया गया। पुलिस को जानकारी मिली कि उसके खातों से जुड़े साइबर अपराधों की कुल 12 शिकायतें विभिन्न राज्यों में दर्ज हैं। इनमें महाराष्ट्र, तेलंगाना, हरियाणा और गुजरात समेत कई राज्यों के मामले शामिल हैं।

## एक नजर

### नेपाल के प्रधानमंत्री के बयान की छात्र संगठनों ने निंदा की, माफी की मांग

**काठमांडू :** नेपाल के 10 छात्र संगठनों ने संयुक्त रूप से प्रधानमंत्री बालेंद्र शाह के सीमा संबंधी मुद्दे पर रविवार को संसद में दिए बयान की कड़ी निंदा की है और उनसे तत्काल बयान वापस लेने और सार्वजनिक रूप से माफी मांगने की मांग की है। अखिल नेपाल राष्ट्रीय स्वतंत्र विद्यार्थी यूनियन, अखिल (समाजवादी), अखिल (छठौं), अनेरास्वियु (क्रांतिकारी), वैज्ञानिक समाजवादी विद्यार्थी संगठन नेपाल, जनपक्षीय विद्यार्थी यूनियन नेपाल सहित विभिन्न छात्र संगठनों के नेताओं ने सोमवार को एक संयुक्त बयान में प्रधानमंत्री की टिप्पणी को राष्ट्रविरोधी, आत्मसमर्पणवादी और राष्ट्रीय हितों के खिलाफ बताया है। छात्र संगठनों ने कहा कि ऐसे समय में यह बयान आना बेहद चिंताजनक है, जब नेपाल लगातार यह दावा करता रहा है कि लिपुलेख, कालापानी और लिम्पियाधुरा सहित उसके कुछ क्षेत्र भारतीय कब्जे में हैं। बयान में कहा गया है कि नेपाल की संप्रभुता, स्वतंत्रता और भौगोलिक अखंडता को कमजोर करने वाली किसी भी टिप्पणी को स्वीकार नहीं किया जा सकता और इसकी कड़ी निंदा की जानी चाहिए। छात्र नेताओं ने यह भी कहा कि प्रधानमंत्री के बयान को केवल एक साधारण भूल नहीं माना जा सकता, बल्कि यह राष्ट्रीय हितों के विपरीत एक राजनीतिक सोच को दशार्ता है। छात्र संगठनों ने चेतावनी दी कि यदि उनकी मांगों की अनदेखी की गई तो देशभर के छात्र, युवा और राष्ट्रभक्त नागरिक राष्ट्रीय संप्रभुता और हितों के खिलाफ बताए गए कदमों के विरोध में और सशक्त आंदोलन शुरू करेंगे।

### बांग्लादेश में बौद्ध नेता दीपेन दीवान ने केंद्रीय मंत्रिमंडल से इस्तीफा दिया

**ढाका :** बांग्लादेश के प्रधानमंत्री तारिक रहमान मंत्रिमंडल के प्रमुख सदस्य, चटगांव पहाड़ी क्षेत्र मामलों (चटगांव हिल ट्रैक्ट्स) के केंद्रीय मंत्री और बौद्ध नेता दीपेन दीवान ने स्वास्थ्य कारणों का हवाला देते हुए अपने पद से इस्तीफा दे दिया। उनका त्यागपत्र स्वीकार कर लिया गया है। प्रधानमंत्री के अतिरिक्त प्रेस सचिव अतीकुर रहमान रुमोन ने यह जानकारी दी। ढाका ट्रिब्यून की रिपोर्ट के अनुसार रुमोन ने बताया कि दीवान ने प्रधानमंत्री तारिक रहमान को अपना इस्तीफा सौंपा। उन्होंने उल्लेख किया कि वह अपनी स्वास्थ्य स्थिति के कारण आधिकारिक कर्तव्यों का ठीक से पालन नहीं कर पा रहे। अतीकुर रहमान रुमोन ने कहा कि प्रधानमंत्री ने उनका इस्तीफा स्वीकार कर लिया है। दीपेन दीवान बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) के रंगमती जिला इकाई के पूर्व अध्यक्ष हैं। उन्होंने दक्षिण-पूर्वी बांग्लादेश के रंगमती संसदीय क्षेत्र से चुनाव जीता है।

# पश्चिम बंगाल में मंत्रिमंडल विस्तार, 35 मंत्रियों ने शपथ ली

एजेंसी



**कोलकाता :** पश्चिम बंगाल की नवनिर्वाचित भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की सरकार के मंत्रिमंडल का सोमवार को पहला बड़ा विस्तार हुआ। लोक भवन में आयोजित भव्य शपथ ग्रहण समारोह में राज्यपाल आर.एन. रवि ने 35 नए मंत्रियों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई।

मंत्रिमंडल विस्तार में 13 नेताओं को कैबिनेट मंत्री, तीन नेताओं को स्वतंत्र प्रभार के साथ राज्य मंत्री तथा 19 नेताओं को राज्य मंत्री बनाया गया है। इसके साथ ही मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी के नेतृत्व वाली सरकार में मंत्रियों की कुल संख्या बढ़कर 41 हो गई है। समारोह की शुरूआत वंदे मातरम् और राष्ट्रीय गान के साथ हुई थी। इन 13 नेताओं को कैबिनेट मंत्री बनाया गया है-

1. दीपक बर्मन2. तापस राय3. डॉ. शंकर घोष4. मनोज कुमार उरांव5. अर्जुन सिंह6. गौरी शंकर घोष7. स्वपन दासगुप्ता8. जगन्नाथ चट्टोपाध्याय9. कल्याण चक्रवर्ती10. अजय पोद्दार11. शारद्वत मुखर्जी12. दुध कुमार मंडल13. अनुप कुमार दास

स्वतंत्र प्रभार वाले राज्य मंत्री

तीन विधायकों को राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) की जिम्मेदारी दी गई है। ये हैं 1. डॉ. इंद्रनील खान2. मालती रावा राय3. राजेश महतो

राज्य मंत्री

समारोह में 19 विधायकों ने राज्य मंत्री के रूप में शपथ ली। ये हैं- 1. जुएल मुर्मू2. हरे कृष्ण बेरा3. आनंदमय बर्मन4. अशोक डिंडा5. नदियार चांद बाउड़ी6. विशाल लामा7. शांतनु प्रमाणिक8. मौमिता विश्वास मिश्रा9. उमेश राय10. पूर्णिमा चक्रवर्ती11. कौशिक चौधरी12. भास्कर भट्टाचार्य13. दिवाकर घरामी14. अमिया किस्कू15. कलिता माझी16. गर्गी दास घोष17. विराज विश्वास18. दीपंकर जाना19. सुमना सरकार

शपथ ग्रहण समारोह में अधिकांश नेता पारंपरिक बंगाली परिधान धोती और कुर्ता में पहुंचे। कई नवनियुक्त मंत्री अपने परिवार के सदस्यों के साथ समारोह में शामिल हुए। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी के अलावा केंद्रीय मंत्री सुकांत मजूमदार, प्रदेश भाजपा अध्यक्ष शमिक भट्टाचार्य और मंत्री अग्निमित्रा पाल समेत पार्टी के कई वरिष्ठ नेता उपस्थित रहे।

मंत्रिमंडल विस्तार में संगठनात्मक संतुलन, क्षेत्रीय प्रतिनिधित्व और विभिन्न सामाजिक वर्गों को प्राथमिकता देने का प्रयास किया गया है। उत्तर बंगाल के विधायकों को अधिक जगह मिली है।

सूत्रों के मुताबिक, विभागों का अंतिम आवंटन जल्द किया जाएगा। शपथ ग्रहण के बाद सभी मंत्री नवान्न पहुंचे, जहां मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई।

इससे पहले 09 मई को ब्रिगेड परेड ग्राउंड में शुभेंदु अधिकारी ने मुख्यमंत्री पद की शपथ ली थी। उनके साथ पांच मंत्रियों अग्निमित्र पॉल, दिलीप घोष, खुदीराम टुडू, निशिथ प्रमाणिक और अशोक कीर्तनीय ने भी शपथ ग्रहण की थी।

## लेबनान पर हमलों से नाराज ईरान ने अमेरिका से बातचीत की प्रक्रिया रोकी

एजेंसी



**तेहरान :** पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव के बीच ईरान ने लेबनान में जारी इजराइली सैन्य कार्रवाइयों के विरोध में अमेरिका के साथ चल रही वाताओं को निलंबित करने की घोषणा की है। ईरानी मीडिया की रिपोर्टों के अनुसार, तेहरान ने कहा है कि जब तक लेबनान और गाजा से जुड़े उसके प्रमुख सुरक्षा और राजनीतिक मुद्दों का समाधान नहीं होता, तब तक बातचीत आगे नहीं बढ़ेगी। अर्ध-सरकारी समाचार एजेंसी 'तसनीम' के अनुसार ईरानी वार्ता दल ने मध्यस्थों के जरिए होने वाली बातचीत और मसौदा दस्तावेज के आदान-प्रदान को फिलहाल रोक दिया है। ईरान का कहना है कि लेबनान में संघर्ष विराम की शर्तों का उल्लंघन हुआ है और इस स्थिति में वार्ता जारी रखना उचित नहीं होगा। ईरान ने मांग की है कि गाजा और लेबनान में सैन्य कार्रवाई तत्काल रोकी जाए तथा इजराइली सेना लेबनान से पूरी तरह पीछे हटे। तेहरान का कहना है कि इन मुद्दों पर संतोषजनक प्रगति होने तक बातचीत की प्रक्रिया आगे नहीं बढ़ेगी। रिपोर्टों में यह भी दावा किया गया है कि ईरान और उसके क्षेत्रीय सहयोगी समूहों ने होर्मुज तथा बाब अल-मंडेब जलडमरूमध्य जैसे महत्वपूर्ण समुद्री मार्गों से जुड़े विकल्पों पर विचार शुरू कर दिया है। हालांकि इन दावों पर स्वतंत्र पुष्टि नहीं हुई है। इस बीच, बेंजामिन नेतन्याहू ने इजराइली सेना को बेरूत के दक्षिणी उपनगर दहियाह क्षेत्र में कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। यह इलाका हिज्बुल्लाह का प्रमुख गढ़ माना जाता है। मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, इस कार्रवाई को लेकर अमेरिका और इजराइल के बीच समन्वय भी हुआ है।

## तृणमूल कांग्रेस ने ऋतब्रत बनर्जी और संदीपन साहा को पार्टी से निकाला

एजेंसी

**कोलकाता :** तृणमूल कांग्रेस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए अपने दो विधायकों को पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से तत्काल प्रभाव से निष्कासित कर दिया है। इन विधायकों के नाम संदीपन साहा और ऋतब्रत बनर्जी हैं। तृणमूल ने दोनों पर पार्टी-विरोधी गतिविधियों में शामिल होने का आरोप लगाते हुए यह कार्रवाई की है। पार्टी सूत्रों के अनुसार, निष्कासन की जानकारी दोनों नेताओं को ईमेल और व्हाट्सऐप के माध्यम से सूचित कर दी गई है।

साथ ही इस संबंध में विधानसभा अध्यक्ष रथींद्र बसु को भी जानकारी दे दी गई है। सोमवार को अलग-अलग जारी निष्कासन नोटिस में तृणमूल कांग्रेस ने कहा कि दोनों विधायक पार्टी के अधिकृत नेतृत्व द्वारा बुलाई गई बैठकों में बार-बार अनुपस्थित रहे और पार्टी विरोधी गतिविधियों में शामिल रहे हैं। नोटिस में आगे कहा गया है कि यह भी देखा गया है कि दोनों विधायकों ने ऐसी गतिविधियों में भाग लिया है और ऐसे बयान दिए हैं जो पार्टी के हितों के लिए हानिकारक हैं। इस मामले पर उचित विचार-विमर्श के बाद दोनों को पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से निष्कासित करने का निर्णय लिया है। निष्कासन के बाद संदीपन साहा ने पार्टी के फैसले पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की।

उन्होंने कहा कि जो लोग अनैतिक कार्य करते हैं, पार्टी उनका समर्थन करती है, जबकि नैतिक कदम उठाने वालों को बाहर का रास्ता दिखाया जाता है। उन्होंने आरोप लगाया कि उन्हें इस बात की जानकारी नहीं थी कि उपस्थिति रजिस्टर में किए गए हस्ताक्षर को किसी प्रस्ताव पर समर्थन के हस्ताक्षर के रूप में प्रस्तुत किया जाएगा। इस घटनाक्रम से पहले एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी ने खुलासा करते हुए कहा था कि संदीपन साहा और ऋतब्रत बनर्जी ने ही विधानसभा अध्यक्ष को लिखित शिकायत दी, जिसमें आरोप लगाया गया कि उनके हस्ताक्षरों की जालसाजी की गई है।मुख्यमंत्री ने बताया कि पुलिस मंत्री के रूप में मामला उनके संज्ञान में आने के बाद उन्होंने जांच में सीआईडी को शामिल करने का निर्देश दिया था। यह पूरा मामला विधानसभा में विपक्ष के नेता, उपनेता और मुख्य सचेतक की नियुक्ति से जुड़े कथित हस्ताक्षर विवाद से संबंधित है। विधानसभा चुनाव परिणाम घोषित होने के बाद 06 मई को ममता बनर्जी ने कालीघाट स्थित अपने आवास पर निर्वाचित विधायकों की बैठक बुलाई थी। बैठक में विधायकों ने प्रस्ताव पारित कर विपक्ष के नेता, उपनेता और मुख्य सचेतक के चयन का अधिकार पार्टी नेतृत्व को सौंप दिया था। इसके बाद तृणमूल कांग्रेस की ओर से शोभनदेव चट्टोपाध्याय को विपक्ष का नेता, नयना बंद्योपाध्याय और असीमा पात्र को उपनेता तथा फिरहाद हाकिम को मुख्य सचेतक नियुक्त किए जाने की जानकारी दी गई।

## संक्षिप्त खबरें

### कुवैत में अमेरिकी सैनिक सुरक्षित, सेंटकॉम ने ईरानी मिसाइलों को किया निष्क्रिय

**वॉशिंगटन :** पश्चिम एशिया में बढ़ते सैन्य तनाव के बीच अमेरिकी सेना ने दावा किया कि कुवैत में तैनात उसके सैनिकों को निशाना बनाकर दागी गई दो ईरानी बैलिस्टिक मिसाइलों को सफलतापूर्वक हवा में ही नष्ट कर दिया गया। अमेरिकी अधिकारियों के अनुसार, इस घटना में किसी भी सैनिक या सैन्य प्रतिष्ठान को नुकसान नहीं पहुंचा। अमेरिकी सेना की सेंट्रल कमांड (सेंटकॉम) ने सोशल मीडिया पर जारी बयान में कहा कि रविवार देररात कुवैत स्थित अमेरिकी बलों की ओर बढ़ रही दोनों मिसाइलों को तत्काल इंटरसेप्ट कर लिया गया। सेना ने इसे अपनी वायु रक्षा प्रणाली की बड़ी सफलता बताते हुए कहा कि क्षेत्र में तैनात अमेरिकी सैनिक पूरी तरह सुरक्षित हैं। सेंटकॉम ने अपने बयान में कहा कि अमेरिकी बल ईरान की किसी भी आक्रामक कार्रवाई का मुकाबला करने के लिए पूरी तरह सतर्क हैं और क्षेत्रीय संघर्ष विराम बनाए रखने के प्रयासों का समर्थन करते रहेंगे। दूसरी ओर ईरान ने अपने कदम का बचाव किया है। ईरानी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता इस्माइल बघाई ने कहा कि ईरान को क्षेत्र में मौजूद विदेशी सैन्य ठिकानों के खिलाफ जवाबी कार्रवाई करने का अधिकार है। उनका दावा है कि यह कार्रवाई हाल के अमेरिकी सैन्य अभियानों के जवाब में की गई।

### मेड इन इंडिया - ए टाइटन स्टोरी का ट्रेलर जारी, टाइटन की प्रेरक यात्रा अब पर्दे पर

**जमशेदपुर :** कुछ कहानियां कंपनियां बनाती हैं, कुछ विरासत तैयार करती हैं, और कुछ चुपचाप पूरे देश को दुनिया के नक्शे पर पहचान दिलाती हैं। भारत की प्रमुख फ्री, प्रीमियम और विज्ञापन-समर्थित वीडियो स्ट्रीमिंग सेवा एमेजेन एमएक्स प्लेयर ने आज अपनी आने वाली सीरीज मेड इन इंडिया – अ टाइटन स्टोरी का ट्रेलर जारी किया। यह एक प्रेरणादायक ड्रामा है, जो भारत के सबसे प्रतिष्ठित उपभोक्ता ब्रांड्स में से एक की असाधारण यात्रा से प्रेरित है। यह सीरीज टाइटन – इंडियाज मोस्ट सक्सेसफुल कंज्यूमर ब्रांड पुस्तक पर आधारित है, जिसे विनय कामथ ने लिखा है।

### इस जून से जी सिनेमा लेकर आ रहा है 40 से ज्यादा प्रीमियर्स का धमाकेदार लाइनअप

**मुंबई :** अब नजर हटेगी नहीं जी सिनेमा से, क्योंकि यहाँ प्रीमियर्स होने वाले हैं पूरी तरह आउट ऑफ कंट्रोल! इस समर सीजन को ब्लॉकबस्टर जश्न में बदलते हुए जी सिनेमा लेकर आ रहा है 40 से ज्यादा बड़े प्रीमियर्स का मेगा लाइनअप, जहाँ दर्शकों को मिलेगा धमाकेदार एक्शन, दिलचस्प कहानियाँ और एक के बाद एक नए प्रीमियर्स का नॉन-स्टॉप एंटरटेनमेंट। इस धमाकेदार लाइनअप की शुरूआत होगी अखंडा 2 से, जिसका प्रीमियर सोमवार 1 जून रात 8 बजे होगा। नंदमुरी बालकृष्ण स्टारर इस फिल्म को बोयापति श्रीनु ने डायरेक्ट किया है। फिल्म अखंडा की कहानी को और बड़े स्तर पर लेकर जाती है, जहाँ एक दिव्य रक्षक धर्म की रक्षा के लिए अंधकार और बुरी ताकतों के खिलाफ खड़ा होता है। एक्टर और डायरेक्टर की यह ब्लॉकबस्टर जोड़ी फिर साथ आई है और इस बार फिल्म में भक्ति, धर्म और बड़े स्केल के एक्शन का जबर्दस्त मेल देखने को मिलेगा। ह्यअखंडा 2ह्व में लड़ाई सिर्फ बाहरी दुश्मनों से नहीं, बल्कि उन अदृश्य शक्तियों से भी है, जो धर्म के संतुलन को बिगाड़ने की कोशिश करती हैं। सनातन धर्म और दिव्य ऊर्जा से जुड़ी यह फिल्म दर्शकों को एक अलग सिनेमाई अनुभव देने वाली है। इसके बाद लाइनअप में शामिल है दिल मद्रासी, जिसका प्रीमियर बुधवार 3 जून रात 8 बजे होगा। यह फिल्म एआर मुरुगादोस की है, जिन्होंने ह्यगजनीह्व और ह्यहॉलिडेह्व जैसी ब्लॉकबस्टर फिल्में दी हैं। वे ऐसे डायरेक्टर माने जाते हैं, जो दमदार एक्शन के साथ दिल छू लेने वाली कहानी भी लेकर आते हैं। ह्यदिल मद्रासीह्व भी एक्शन और इमोशन का शानदार मेल है। फिल्म में शिवकार्तिकेयन, रुक्मिणी वसंत और विद्युत जामवाल नजर आएँगे, जहाँ शिवकार्तिकेयन एक ऐसे इंसान का किरदार निभा रहे हैं, जो धीरे-धीरे एक बड़े संघर्ष में फंस जाता है, वहीं विद्युत जामवाल अपने खतरनाक विलेन वाले अंदाज और दमदार स्क्रीन प्रेजेंस से अलग ही असर छोड़ते हैं।

## बीएसएल के पूर्व डायरेक्टर इंचार्ज समेत पांच अधिकारियों को हाई कोर्ट से राहत

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** झारखंड हाईकोर्ट ने बोकारो स्टील लिमिटेड (बीएसएल) के तत्कालीन डायरेक्टर इंचार्ज बीरेंद्र तिवारी, तत्कालीन महाप्रबंधक हरि मोहन झा समेत पांच अधिकारियों को बड़ी राहत देते हुए उनके खिलाफ दर्ज प्राथमिकी रद्द कर दी है। जस्टिस आर मुखोपाध्याय की अदालत ने सोमवार को फैसला सुनाते हुए इस मामले में अधिकारियों के खिलाफ दर्ज प्राथमिकी रद्द करने का निर्देश दिया। अदालत ने बीरेंद्र तिवारी और हरि मोहन झा की ओर से दायर दो आपराधिक रिट याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए यह फैसला सुनाया। मामले में बीएसएल के तत्कालीन डायरेक्टर इंचार्ज बीरेंद्र तिवारी, तत्कालीन महाप्रबंधक हरि मोहन झा, तत्कालीन कार्यकारी निदेशक राजश्री बनर्जी, तत्कालीन जीएम आलोक चावला तथा बीएसएल के आईआर विभाग के प्रभाकर कुमार ने अपने विरुद्ध दर्ज प्राथमिकी को चुनौती देते हुए हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया था। वर्ष 2025 में बोकारो विस्थापित अप्रेंटिस संघ की ओर से अपनी मांगों के समर्थन में बीएसएल के प्रशासनिक भवन के समक्ष बिना अनुमति धरना-प्रदर्शन किया जा रहा था।

इस दौरान प्रदर्शन उग्र हो गया और तोड़फोड़ तथा आगजनी की घटनाएं हुईं। प्रदर्शनकारियों और सीआईएसएफ जवानों के बीच हुई झड़प में एक व्यक्ति की मौत हो गई थी। घटना के बाद मृतक के परिजनों ने बीएसएल अधिकारियों पर हत्या का आरोप लगाते हुए बोकारो स्टील सिटी थाना में प्राथमिकी दर्ज करायी थी।

## भारत में 'दिव्यास्त्र' ड्रोन बनाने का रास्ता साफ, किया भरोसेमंद प्रदर्शन

**जोधपुर में 50 डिग्री सेल्सियस से ज्यादा रेगिस्तानी तापमान में मोबाइल लॉन्चर से किया गया परीक्षण**

एजेंसी



**नयी दिल्ली :** अब भारत में 'दिव्यास्त्र' ड्रोन बनाने का रास्ता साफ हो गया है, क्योंकि ऑपरेशन सिंदूर के बाद जरूरतों को देखते हुए लॉन्ग रेंज ड्रोन विकसित करने की कोशिशों में भारत को बड़ी सफलता मिली है। भारत के स्वदेशी रक्षा प्रौद्योगिकी इकोसिस्टम को बढ़ावा देते हुए उत्तर प्रदेश के लखनऊ की डिफेंस स्टार्टअप कंपनी होवरइट ने दिव्यास्त्र मार्क-1 विकसित करके सफल परीक्षण भी कर लिया है। राजस्थान के जोधपुर में 50 डिग्री सेल्सियस से ज्यादा रेगिस्तानी तापमान और तेज हवाओं में टेस्ट किए जाने पर इस प्लेटफॉर्म ने मुश्किल फील्ड स्थितियों में भी भरोसेमंद प्रदर्शन दिखाया। इससे प्लेटफॉर्म की तेजी से तैनात होने की क्षमता, युद्ध के मैदान में गतिशीलता और जमीनी हालात में टैक्टिकल लॉन्च की तैयारी का प्रदर्शन हुआ। इस अभ्यास ने ऑपरेशनल माहौल में गतिशील आईएसआर और टोही मिशनों में मदद करने की यूएवी की क्षमता को भी और पुख्ता किया। दिव्यास्त्र मार्क-1 स्वदेशी टैक्टिकल यूएवी है, जिसे खुफिया जानकारी, निगरानी, टोही और सटीक हमले के मिशनों के लिए विकसित किया गया है। 500 किलोमीटर तक की ऑपरेशनल रेंज और 5 घंटे तक की उड़ान क्षमता के साथ इस प्लेटफॉर्म को लंबे समय तक निगरानी, लक्ष्य की पहचान और टैक्टिकल कार्रवाई की जरूरतों को पूरा करने के लिए डिजाइन किया गया है। इस यूएवी को पेलोड, संचार रिले सिस्टम और मिशन-विशिष्ट वॉरहेड कॉन्फि गरेशन के साथ कॉन्फि गर किया जा सकता है।

**लंबी दूरी के मिशनों के लिए तैयार दिव्यास्त्र मार्क-1**

कंपनी के अनुसार दिव्यास्त्र मार्क-1 ने अपने ऑपरेशनल प्रदर्शन सफलतापूर्वक पूरे किए, जिसमें वाहन पर लगे मोबाइल लॉन्चर से कई लॉन्च, लाइव आईएसआर मिशन और टर्मिनल अटैक प्रोफाइल शामिल थे। इस प्रदर्शन के हिस्से के तौर पर दिव्यास्त्र मार्क-1 यूएवी को एक वाहन पर लगे मोबाइल लॉन्चर से कई बार सफलतापूर्वक लॉन्च किया गया।

# जेईई एडवांस्ड-2026 की परीक्षा में 56,880 अभ्यर्थी सफल

एजेंसी



**टॉप थ्री पर दिल्ली जोन के शुभम, कबीर और जतिन**

**नयी दिल्ली :** भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) रुड़की ने आज संयुक्त प्रवेश परीक्षा (जेईई) एडवांस्ड-2026 का परिणाम घोषित कर दिया। इस वर्ष परीक्षा में दिल्ली जोन के शुभम कुमार ने 360 में से 330 अंक प्राप्त कर पहला स्थान हासिल किया। दूसरे स्थान पर दिल्ली जोन के कबीर छिल्लर रहे, जिन्होंने 329 अंक प्राप्त किए, जबकि जतिन चाहर 319 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर रहे। इस तरह शीर्ष तीनों स्थानों पर दिल्ली जोन के अभ्यर्थियों का कब्जा रहा।

आईआईटी रुड़की ने परिणाम निर्धारित समय से पहले जारी करते हुए अंतिम उत्तर कुंजी भी प्रकाशित कर दी। अभ्यर्थी अपना परिणाम आधिकारिक वेबसाइट पर रोल नंबर, जन्मतिथि और पंजीकृत मोबाइल नंबर की सहायता से देख सकते हैं।

इस वर्ष जेईई एडवांस्ड के लिए 1,87,389 अभ्यर्थियों ने पंजीकरण कराया। इनमें से 1,79,694 अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल हुए और 56,880 अभ्यर्थियों को सफल घोषित किया गया। सफल अभ्यर्थी अब भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थानों में प्रवेश के लिए संयुक्त सीट आवंटन प्रक्रिया (जोसा) की काउंसिलिंग में भाग ले सकेंगे। सफल अभ्यर्थियों में 10,107 छात्राएं भी शामिल हैं।

इस बार सामान्य वर्ग की कट-ऑफ 92 अंक रही, जो पिछले वर्ष की तुलना में 18 अंक अधिक है। विषयवार कट-ऑफ 8 अंक निर्धारित की गई। लगभग 31.65 प्रतिशत परीक्षार्थी सफल घोषित किए गए हैं, जो पिछले वर्षों की तुलना में बेहतर प्रदर्शन माना जा रहा है। जोन के आधार पर भी कई विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। आईआईटी दिल्ली जोन से शुभम कुमार ने पहला स्थान प्राप्त किया। आईआईटी मद्रास जोन से मोहित शेखर शुक्ला चौथे स्थान पर रहे। आईआईटी मुंबई जोन के बी. जयकृष्ण श्रीनिवास ने छठा स्थान हासिल किया। आईआईटी रुड़की जोन के निकुंज अग्रवाल 11वें, आईआईटी कानपुर जोन के रिद्धेश अनंत बेंडाले 18वें तथा आईआईटी भुवनेश्वर जोन के भावेश पात्र 29वें स्थान पर रहे। आईआईटी गुवाहाटी जोन के यशराज सिंह ने 122वीं रैंक हासिल की। महिला अभ्यर्थियों में आईआईटी दिल्ली जोन की आरोही देशपांडे सर्वश्रेष्ठ रहीं।

### डीपीएस के 50 से अधिक विद्यार्थियों ने बढ़ाया मान

**रांची :** डीपीएस रांची के छात्रों ने जेईई एडवांस्ड में शानदार प्रदर्शन किया है। स्नेहल राज सिंह ऑल इंडिया रैंक 635 तथा कैटेगरी रैंक 107 प्राप्त कर टॉपर बने। अन्य उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों में शिवम कुमार सिंह, धैर्य सिंह, अक्षत ओम, आमिर फैसल, केशव बजाज, आदित्य राज, संस्कार रॉय, प्रज्ञान रंजन, श्लोक मोदी, रौनक श्रीवास्तव, वैभव पंकज, मोहित देवघरिया, आदिल अफजल, विधि वैष्णवी आदि शामिल हैं।

### आकांक्षा के नौ छात्र-छात्राएं सफल

**रांची :** स्कूली शिक्षा व साक्षरता विभाग की ओर से नि:शुल्क संचालित राज्यस्तरीय आकांक्षा कार्यक्रम, जिला स्कूल कैंपस, रांची में पढ़ रहे नौ छात्र-छात्राओं ने जेईई एडवांस्ड-2026 में सफलता प्राप्त की है। सफल होने वाले छात्रों में शुभम कुमार बर्नवाल, विनित कुमार, महादेव मंडल, मिथिलेश कुमार दास, रतन रजक, सुमित अनिश तिग्गा, बिशु हेम्ब्रॉम, मोनिका कुजूर और सोनल एक्का शामिल हैं।

# दिग्गज मराठी गायिका सुमन कल्याणपुर ने 89 साल की उम्र में ली अंतिम सांस



एजेंसी

**मुंबई :** दिग्गज मराठी गायिका सुमन कल्याणपुर का 31 मई को निधन हो गया है। 89 की उम्र में उन्होंने अंतिम सांस ली। अपनी मधुर और जुदाई आवाज के लिए पहचानी जाने वाली सुमन कल्याणपुर ने लम्बे समय तक संगीत जगत में अपनी अमिट छाप छोड़ी।

संगीत करियर की शुरूआत में वे सुमन हेमदी के नाम से गाया करती थी लेकिन शादी के बाद उन्होंने सुमन कल्याणपुर नाम अपनाया और इसी नाम से उन्होंने पहचान बनाई। 28 जनवरी 1937 को अविभाजित भारत यानि जो अब बांग्लादेश के भावनीपुर में जन्मी सुमन ने महान कवी जी.डी माडगुलकर के गीतों के साथ मराठी संगीत जगत में कदम रखा। इसके बाद उन्होंने कई अमर गीत दिए, जिनमें 'निम्बोनिचा झाड़ामागे', 'अरे संसार संसार', 'केतकिचा बानी तिथे नचला मोर' और 'रिमझिम झरती श्रावणधारा' जैसे लोकप्रिय मराठी गाने शामिल हैं जो आज भी श्रोताओं के बीच बेहद पसंद किए जाते हैं। सुमन कल्याणपुर ने केवल मराठी ही नहीं बल्कि हिंदी, गुजरती और बंगाली भाषाओं में भी हजारों गीतों को अपनी आवाज दी। संगीत में उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए भारत सरकार ने उन्हें 2023 में देश के प्रतिष्ठित नागरिक सम्मान पद्म भूषण से सम्मानित किया था। उम्र बढ़ने के साथ वे सक्रीय रूप से संगीत जगत से दूर हो गई थीं।

### प्रधानमंत्री ने सुमन कल्याणपुर के निधन पर जताया दु:ख

**नयी दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने लोकप्रिय गायिका सुमन कल्याणपुर के निधन पर सोमवार को शोक व्यक्त किया। प्रधानमंत्री ने सुमन कल्याणपुर के निधन पर दु:ख व्यक्त करते हुए कहा कि उनकी सुरीली आवाज और भावपूर्ण गायन ने भारत की सांस्कृतिक दुनिया को समृद्ध किया और अपने गीतों के माध्यम से उन्होंने संगीत प्रेमियों और भारतीय सिनेमा के प्रशंसकों के बीच एक विशेष स्थान अर्जित किया।

नवबिहार मीडिया प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक डॉ. रामाज्ञा तिवारी द्वारा विश्वेश्वरा पब्लिकेशनंस एलएलपी की ओर से एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पंप, रातू, रांची (झारखंड)- 835222 से मुद्रित एवं उद्योग भवन मार्ग, 19 A कोकर औद्योगिक क्षेत्र रांची- 834001 (झारखंड) से प्रकाशित।
**संपादक- डॉ. रामाज्ञा तिवारी, कार्यकारी संपादक- भीष्म सिंह, प्रबंध संपादक- पंकज कु. सिंह*, प्रधान संपादक- देवेंद्र सिंह** (*पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार), **प्रबंधक- नरेंद्र कुमार सिंह.** 9334331934, 7903538992, 9570107019, **RNI Regn.: JHAHIN/2011/40902**